वर्ष-10 | अंक-170 | लखनऊ, मंगलवार 7 फरवरी 2023 | मूल्य : 2.00 | पृष्ठ-12

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com , Email : samradhinews@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



## 7.8 तीव्रता का भूकंप, 4 देशों में तबाही

# 1600 मौतें

## 1014

### लोग तुर्किये में सबसे ज्यादा मारे गए, 5385 लोग घायल

## 585

### लोगों की सीरिया में हुई मौत, 1500 से ज्यादा घायल

एजेंसी

**अंकारा।** मिडिल ईस्ट के चार देश तुर्किये (पुराना नाम तुर्की), सीरिया, लेबनान और इजराइल सोमवार सुबह भूकंप से हिल गए। सबसे ज्यादा तबाही एपिसेंटर तुर्किये और उसके नजदीक सीरिया के इलाकों में देखी जा रही है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक- तुर्किये में अब तक 1014 लोगों की जान जा चुकी है। 5385 लोगों के घायल होने की खबर है। टर्किश मीडिया के मुताबिक- दो बड़े झटके आए। पहला तुर्किये के वक्त के मुताबिक, सुबह करीब चार बजे (7.7) और दूसरा करीब 10 बजे। दूसरे की तीव्रता 7.6 मानी गई। इसके अलावा 78 आफ्टर शॉक्स दर्ज किए गए। इनकी तीव्रता 6.7 से 6.5 रही।

सीरिया में 585 लोग मारे गए और 1500 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। दोनों देशों में मरने वालों की कुल संख्या करीब 1600 हो गई है। लेबनान और इजराइल में भी झटके महसूस किए गए, लेकिन यहां नुकसान की खबर नहीं है।

### भूकंप का एपिसेंटर तुर्किये का गाजियांटेप शहर था

भूकंप का एपिसेंटर तुर्किये का गाजियांटेप शहर था। यह सीरिया बॉर्डर से 90 किमी दूर है। इसलिए इसके आसपास के इलाकों में ज्यादा तबाही हुई। इसका असर भी दिख रहा है। दमिश्क, अलेप्पो, हमा, लताकिया समेत कई शहरों में इमारतें गिरने की खबर है। वहीं, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्कीये में आए भूकंप में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की संवेदनाएं तुर्किये के साथ हैं। भारत सरकार मदद के लिए राहत सामग्री के साथ एनडीआरएफ और मेडिकल टीमों के खोज और बचाव दलों को तुर्की भेज रही है।

### 78 आफ्टर शॉक आए, 5 से ज्यादा झटकों की तीव्रता 7 से ज्यादा

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस) के मुताबिक- पहले भूकंप के बाद आए 7 झटकों की तीव्रता 5 से ज्यादा थी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि दिनों तक आफ्टर शॉक्स महसूस किए जाएंगे। तुर्की का नाम अब तुर्किये हो गया है। राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोआन की सरकार ने इसके लिए कोशिश शुरू की थी। नए नाम तुर्किये को ह ने मान्यता दी है।

> 140 करोड़ भारतीयों की संवेदनाएं तुर्किये के साथ हैं। भारत सरकार मदद के लिए राहत सामग्री के साथ एनडीआरएफ और मेडिकल टीमों के खोज और बचाव दलों को तुर्की भेज रही है।
>
> **नरेन्द्र मोदी, प्रधानंत्री**

### तुर्किये में 4 बड़े भूकंप आए

तुर्किये में 4 बड़े भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें से 3 झटके केवल 30 मिनट की भीतर आए। पहले भूकंप का केंद्र तुर्किये के कहरामनमारस प्रांत के गाजियांटेप शहर से 30 किलोमीटर दूर और जमीन से करीब 24 किलोमीटर नीचे था। लोकल समय के मुताबिक ये भूकंप सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आया। 6.7 तीव्रता का दूसरा झटका 11 मिनट बाद यानी 4 बजकर 28 मिनट पर आया। इसका केंद्र जमीन से 9.9 किलोमीटर नीचे था। इसके 19 मिनट बाद यानी 4:47 बजे 5.6 तीव्रता का तीसरा भूकंप भी आया।

### इन शहरों में हुई सबसे ज्यादा तबाही

अंकारा, गाजियांटेप, कहरामनमारस, डियर्बकिर, मालट्या, नूरदगी समेत 10 शहरों में भारी तबाही हुई। यहां 1,710 से ज्यादा बिल्डिंग गिरने की खबर है। कई लोग मलबे के नीचे दबे हैं। लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। कई इलाकों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

### स्कूल-कॉलेज एक हफ्ते बंद रहेंगे

तुर्किये के वाइस प्रेसिडेंट फुआत ओक्ते के ऑफिस की तरफ से एक बयान जारी किया गया। कहा- देश के 10 शहरों में इमरजेंसी और रेड अलर्ट जारी रहेगा। सभी स्कूल-कॉलेज एक हफ्ते बंद रहेंगे। फिलहाल, 200 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। हम मिलिट्री के लिए एयर कॉरिडोर बना रहे हैं। इसमें सिर्फ एयरक्राफ्ट को लैंड और टेकऑफ की मंजूरी दी जाएगी।

### 100 साल बाद आया इतना खतरनाक भूकंप, 10 हजार लोग मर सकते हैं

उधर, यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने चौंकाने वाली बात कही है। इसके आंकड़ों के मुताबिक तुर्किये में मरने वालों की संख्या एक हजार हो गई है। यह संख्या 10 हजार तक पहुंच सकती है। स्त्रस ने इसके पीछे तर्क दिया कि 1939 में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। तब 30 हजार लोगों की मौत हुई थी। वहीं, 1999 में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था, तब 17 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई थी।

### सीरिया में ट्रेन सेवाएं रद्द, 40 सेकेंड तक झटके महसूस हुए

सीरिया के दमिश्क, अलेप्पो, हमा, लताकिया समेत कई शहरों में इमारतें गिरने की खबर है। ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। भूकंप से प्रभावित इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यहां के कई इलाकों में लोगों ने बताया कि करीब 40 सेकेंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए।



### दुनिया में हर साल 20,000 भूकंप आते हैं

हर साल दुनिया में कई भूकंप आते हैं, लेकिन इनकी तीव्रता कम होती है। नेशनल अर्थक्वेक इन्फॉर्मेशन सेंटर हर साल करीब 20,000 भूकंप रिकॉर्ड करता है। इसमें से 100 भूकंप ऐसे होते हैं जिनसे नुकसान ज्यादा होता है। भूकंप कुछ सेकेंड या कुछ मिनट तक रहता है। अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा देर तक रहने वाला भूकंप 2004 में हिंद महासागर में आया था। यह भूकंप 10 मिनट तक रहा था।

**10** हजार तक पहुंच सकती है। मरने वालों की सख्या

### 2017 में आया था क्रॉस-बॉर्डर भूकंप

2017 में ईरान-इराक में क्रॉस-बॉर्डर भूकंप आया था। इराक के कुर्दिश शहर हलाबजा से इरान के कर्मानशाह प्रांत में झटके महसूस किए गए थे। इसमें 630 लोगों की मौत हुई थी। 8 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

## दो टूक

### नक्सलियों ने परिवार के सामने भाजपा नेता को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग बीजापुर में नक्सलियों ने एक विवाह सामारोह में शामिल होने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की तेजधार हथियार से हत्या कर दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि भाजपा के उसूर मंडल अध्यक्ष नीलकंठ काकेम अपनी ससूराल ग्राम पेंकरम कल आए थे।

### दिल्ली में मेयर चुनाव तीसरी बार टला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मेयर चुनाव तीसरी बार टल गया है। स्ष्टष्ठ की अध्यक्षता कर रहे सत्य शर्मा ने सोमवार को कहा कि उप-राज्यपाल ने जिन 10 मेंबर्स को नॉमिनेट किया है, वो वोट डाल सकेंगे। 10 नॉमिनेटेड मेंबर्स को वोट की मंजूरी मिलने के बाद भाजपा और आप के मेंबर्स ने हंगामा शुरू कर दिया।

### सिर्फ अपना पेट भरना ही धर्म नहीं : भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (त्रस्स) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जाति भगवान ने नहीं बनाई है, जाति पंडितों ने बनाई जो गलत है। भगवान के लिए हम सभी एक हैं। हमारे समाज को बांटकर पहले देश में आक्रमण हुए, फिर बाहर से आए लोगों ने इसका फायदा उठाया।

## युवाओं को रोजगार के लिए नही जाना पड़ेगा विदेश : योगी

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद यूपी में ही मिलेगा रोजगार और नौकरी, एमएसएमई का सबसे बड़ा बेस उत्तर प्रदेश में मौजूद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी के युवाओं को रोजगार के लिए अब दुनिया के अन्य देशों के पीछे नहीं भागना होगा और न भारत के दूसरे राज्यों में जाकर नौकरी ढूंढनी होगी। ग्लोबल इंन्वेस्टर्स समिट के जरिए होने जा रहा लाखों करोड़ का अभूतपूर्व निवेश हमारे युवाओं के लिए संभावनाओं के नये द्वार खोलेगा। आज सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीएलए विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। उत्तर प्रदेश में लाखों नौकरियां हमारे युवाओं का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश के नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई गयी है। हम डिग्री तक सिमट के न रहें। बहुआयामी सोच के साथ आगे बढ़ना है। मुख्यमंत्री ने शिक्षण संस्थाओं से आह्वान किया कि वो अपने भौगोलिक क्षेत्र का सामाजिक, आर्थिक और परंपराओं से जुड़ी गतिविधियों पर रिसर्च जरूर करें, जिससे उन क्षेत्रों में विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके।मुख्यमंत्री ने दीक्षांत समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाओं को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी अपने पाठ्यक्रम में देना चाहिए।

### योगी ने आगरा में किया टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ

**लखनऊ-आगरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को 12.30 बजे आगरा पहुंचे। मुख्यमंत्री के खेरिया एयरपोर्ट पर पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री आगरा किला के सामने रामलीला मैदान पहुंचे। उन्होंने मेट्रो के टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। योगी को रविवार को ही आगरा के दौरे पर आना था लेकिन ऐन वक्त पर गाजियाबाद में पार्टी कार्यक्रम में जाने के कारण उनका कल का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज आगरा पहुंचे थे।

## गरीबों पर मोदी सरकार का गुपचुप स्ट्राइक है बजट

### विपक्षी दलों से सोनिया गांधी ने की अपील

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट के माध्यम से गरीबों पर 'गुपचुप प्रहार किया है और समान विचारधारा वाले लोगों को एक साथ आकर सरकार के 'नुकसान पहुंचाने वाले कदमों का विरोध करना चाहिए तथा वह बदलाव लाना चाहिए जो जनता देखना चाहती है।

उन्होंने अंग्रेजी दैनिक 'इ इंडियन एक्सप्रेस में लिखे लेख में अडाणी समूह से जुड़े प्रकरण का भी परोक्ष रूप से हवाला दिया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री 'विश्व गुरू और 'अमृतकाल की डींगे हांक रहे हैं जबकि उनके 'चहेते और कृपापात्र व्यवसायी को लेकर 'वित्तीय धांधली का मामला सामने आ गया है।

## सुप्रीम कोर्ट को मिले 5 नए जज

### ● सीजेआई चंद्रचूड़ ने दिलाई शपथ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को पांच न्यायाधीशों को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत सभागार में आयोजित एक समारोह में उच्च न्यायालयों के तीन मुख्य न्यायाधीशों और दो न्यायाधीशों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मिथल, पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल, मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा को शपथ दिलाई गई।इन पांचों न्यायाधीशों के पदभार ग्रहण करने के साथ ही शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है।

इस अदालत के लिए स्वीकृत न्यायाधीशों की संख्या 34 है।उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 13 दिसंबर 2022 को न्यायमूर्ति मिथल, न्यायमूर्ति करोल, न्यायमूर्ति कुमार, न्यायमूर्ति अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति मिश्रा को पदोन्नत कर शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की थी।

## संसद में अडाणी पर चर्चा से सरकार डरी : राहुल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में सोमवार को भी जमकर हंगामा हुआ। एक तरफ विपक्ष इस पर चर्चा कराने की मांग पर अड़ा रहा, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने देशभर में स्ढ्ढष्ट और सीबीआई के ऑफिस के बाहर अडाणी ग्रुप के वित्तीय लेनदेन की जांच संसदीय पैनल (जेपीसी) या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सोमवार को हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरकार अडाणी पर संसद में बहस नहीं चाहती। सरकार डरी हुई है। मोदीजी पूरी कोशिश करेंगे कि अडाणी पर संसद में बहस नहीं हो। मैं 2-3 साल से यह मुद्दा उठा रहा हूं। अडाणी के पीछे कौन सी शक्ति है। यह सामने आना चाहिए।

**पीएम मोदी ने कहा** | भारत का गैस पाइपलाइन नेटवर्क जल्द ही 35,000 किमी तक पहुंच जाएगा

## आर्थिक लचीलेपन के कारण भारत चुनौतियों से निपटने में रहा सफल

एजेंसी

**बेंगलुरू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि महामारी और युद्ध के बावजूद, भारत आर्थिक लचीलेपन के कारण चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा। इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) का उद्घाटन करते हुए तेल और गैस उद्योग के प्रतिनिधियों की एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि एक स्थिर और निर्णायक सरकार के साथ-साथ निरंतर सुधार और सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण ने देश को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद की। उन्होंने कहा, ऊर्जा क्षेत्र के प्रति भारत की रणनीति चार प्रमुख कार्यक्षेत्रों घरेलू अन्वेषण और उत्पादन बढ़ाने,



> भारत वैश्विक हरित हाइड्रोजन अंतरिक्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अगले पांच साल में हम ग्रे की जगह ग्रीन हाइड्रोजन का इस्तेमाल करेंगे, ताकि इसकी हिस्सेदारी 25 फीसदी तक बढ़ाई जा सके।
>
> **नरेन्द्र मोदी, पीएम**

आपूर्ति का विविधीकरण, जैव ईंधन, इथेनॉल, संपीड़ित जैव गैस और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का विस्तार करने पर आधरित है। प्रधान मंत्री ने यह भी बताया कि भारत का गैस पाइपलाइन नेटवर्क जल्द ही 35,000 किमी तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, भारत में गैस के बुनियादी ढांचे में निवेश करने का एक बड़ा अवसर है। मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक हरित हाइड्रोजन अंतरिक्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, अगले पांच साल में हम ग्रे की जगह ग्रीन हाइड्रोजन का इस्तेमाल करेंगे, ताकि इसकी हिस्सेदारी 25 फीसदी तक बढ़ाई जा सके। प्रधान मंत्री ने कहा, हम 2030 तक अपने ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। उन्होंने निवेशकों से भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के लिए सबसे प्रासंगिक स्थान के रूप में देखने का आग्रह किया।

### ट्विन-कुकटॉप मॉडल का अनावरण

इस मौके पर मोदी ने इंडियन ऑयल द्वारा विकसित सोलर कुकिंग सिस्टम के ट्विन-कुकटॉप मॉडल का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा, अगले कुछ सालों में सोलर कुक-टॉप तीन करोड़ घरों तक पहुंच जाएगा। इस क्षेत्र में निवेश के लिए एक बड़ा अवसर है।

# मैं दलित व पिछड़ा इसलिए मुझे जान से मारने की धमकी दिया जा रहा: स्वामी प्रसाद

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

रामचरितमानस को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद आज पहली बार सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस किया। मौर्य ने अपने कॉन्फ्रेंस की शुरुआत राष्ट्रीय संघ सेवक के प्रमुख मोहन भागवत के जाती व्यवस्था को लेकर दिए गए बयान से शुरू किया। उन्होंने कहा कि संघ प्रमुख के बयान से साफ हो गया है कि हिंदू धर्म में जो गोरखधंधा सालों से चला आ रहा है। अब उसके अंत का समय आ गया हैं। हिंदू धर्म के कई संतों व शुभचिंतकों ने इसका विरोध कर समाज में हर व्यक्ति के लिए समानता की बात कहा है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ ही भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रेस कांफ्रेंस की शुरुआत करते हुए, कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान से साफहो गया है कि हिंदू धर्म में सालों से गोरखधंधा चला आ रहा है। अब उसके अंत का समय आ गया हैं। भारत के कई संतो व शुभचिंतकों ने जाति व्यवस्था का विरोध कर समानता की बात कही हैं। इतिहास में कई बार जात-पात, छूआछूत के खिलाफ अभियान भी चलाए गए। जिससे लोगों की जिंदगी आसान बन सकें। अगर हिंदू धर्म के लोग चाहते है कि उनका धर्म सुरक्षित व संरक्षित रहे तो बुराइयों को दूर करने के लिए धर्माचार्य स्वयं आगे आए। स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस का नाम लिए बगैर



कहा कि अगर देश के किसी पाठ्य पुस्तक, किसी साहित्य में जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर समाज के 97 प्रतिशत लोगों को नीच कहा गया हो, महिलाओं को नीच में भी नीच बताया गया हो, ऐसे शब्दों को तुरंत उस पुस्तक से बाहर कर देना चाहिए। जिससे कि आगे कभी भी किसी प्रकार का विवाद न हो। हमारे देश का संविधान किसी के साथ भेदभाव की इजाजत नहीं देता हैं। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने जब उनसे उन्हें जान से मारने की धमकी देने वालों पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि हमारी आपत्ति के हिसाब से उस विवादित अंश को निकालने के बजाय समाज के कुछ संत मेरा सर काटने की बात करने लगें। मैं दलित व पिछड़ी जाति का हूं इसलिए मेरा सिर काटने कि बात कही गई है। क्या संघ प्रमुख के बयान के बाद ये लोग उनका भी सर, नाक, कान व जीभ को काटने बात कहेंगे। मेरे बयान के बाद धर्म की बात करने वालों की चूलें हिल गई है। ऐसे लोगो को लगा गया है कि एक बड़ी आबादी कहीं और ना चली जाए। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी जो खुद पिछड़े समाज से आते है। वह भी सार्वजनिक तौर पर कह चुके है कि पार्टी के भीतर उन्हे नीच कहा जाता है। जब ऐसी शख्सियत को नीच कहा जाता है तो सोचिए बाकी दबे कुचले लोगों का क्या हाल होता होगा। अब भागवत जी, मोदी जी और तोगड़िया जी इस मामले पर बैठकर जातिगत टिप्पणी को निकालने का विचार करें। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जब पत्रकारों ने स्वामी प्रसाद मौर्य से रामचरितमानस की प्रतियां जलाने वाले लोगों के खिलाफ एनएसए लगाने पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि रोज रोज मेरी हत्या करने के फरमान जारी हो रहे है। उस पर तो मुकदमा दर्ज नहीं होता है। अगर सीएम योगी एफआईआर के इतने ही शौकीन है तो ऐसे लोगों के खिलाफ केस क्यों नहीं दर्ज कराते हैं। मैं पिछड़े समाज का हूं इसलिए मेरा समर्थन करने पर लोगों के साथ ऐसा किया जा रहा है।

## आर्थराइटिस चेक अप कैंप का अयोजन फरवरी 6 से 9 फरवरी तक

**लखनऊ।** आर्थराइटिस की बढ़ती समस्या के संदर्भ में जागरूकता हेतु आर्थराइटिस फाउंडेशन ऑफ लखनऊ के द्वारा चार दिवसीय आर्थराइटिस जांच शिविर लगाया गया है। शिविर फरवरी 6 से 9 तक आयोजित किया गया है जिसमे मुफ्त जांच की सुविधा है। यह शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक हेल्थसिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर, गोमती नगर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए आर्थराइटिस फाउंडेशन ऑफ लखनऊ के संस्थापक डाक्टर संदीप कपूर एवं डाक्टर संदीप गर्ग ने बताया की कैंप में चिकित्सीय सलाह के अलावा मरीज विशेषज्ञ से मिलकर अपने जोड़ों संबंधी इलाज के बारे में विस्तृत चर्चा भी कर सकते हैं। डाक्टर कपूर और डाक्टर गर्ग ने बताया की हेल्थसिटी हॉस्पिटल ने आर्थराइटिस संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए पिछले वर्षों में कई कार्यक्रम किए हैं।

## यूपी में कोरोना के 14 एक्टिव केस, 24 घंटे में नही मिला कोई नया संक्रमित

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में कोरोना संक्रमण का कोई नया संक्रमित सामने नहीं आया है। सोमवार सुबह आई रिपोर्ट में राज्य के 11 जनपदों में कोरोना संक्रमण के मरीज पाए गए हैं। फिलहाल प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या 14 हैं। 24 घंटे में कुल 22 हजार 601 सैंपल की जांच हुई हैं। एक दिन पहले यानी रविवार सुबह आई रिपोर्ट में राज्य में 2 पॉजिटिव मरीज मिले थे। फिलहाल प्रदेशभर में 2 कोरोना संक्रमित अस्पताल में भर्ती हैं। 24 घंटे में प्रदेशभर के जिला अस्पतालों में 11 हजार 112 जांच हुई हैं। वही मेडिकल कॉलेज में 4 हजार 763 सैंपल की जांच की गई। जबकि प्राइवेट लैब में 234 सैंपल की जांच की गई हैं। सबसे ज्यादा जांच मैनपुरी में की गई हैं। यहां 24 घंटे में 1328 सैंपल जांचे गए हैं। वही गाजियाबाद में 1178 सैंपल की जांच हुई हैं। यूपी में फिलहाल सबसे ज्यादा मामलें गौतमबुद्ध नगर में हैं। यहां 3 सक्रिय मरीज हैं। वही महाराजगंज में 2 एक्टिव केस हैं। इसके अलावा अमरोहा, बलरामपुर,बिजनौर, जालौन, लखनऊ,मिर्जापुर, रायबरेली, संभल, वाराणसी में 1-1 एक्टिव केस हैं। लोकबंधु अस्पताल की निदेशक डॉ. दीपा त्यागी ने बताया कि तापमान बढ़ रहा हैं और ठंड में कमी आने के बाद फिलहाल यूपी में कोरोना संक्रमण के मामले बेहद सीमित हैं पर सतर्कता बरतने में लापरवाही ठीक नही हैं। जिन मरीजों को पहले से ही गंभीर रोग हैं उन्हें भी ज्यादा एहतियात बरतना होगा। सबसे ज्यादा ऐहतियात बच्चों को बरतने की जरूरत हैं। भीड़ भाड़ वाली जगह से बचने के अलावा मास्क के प्रयोग से संक्रमण से बचा जा सकता हैं।

## खबरें एक नजर में

### प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या भयावह: युवा मंच

**इंवेस्टर्स समिट से 2 करोड़ रोजगार सृजन का दावा महज प्रचार**

**लखनऊ ।** प्रदेश में सरकारी विभागों में 6 लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं, लेकिन इसके लिए चयन प्रक्रिया लगभग ठप्प है। शिक्षा आयोग के गठन के नाम पर टीजीटी पीजीटी, असिस्टेंट प्रोफेसर आदि विज्ञापित भर्तियों की चयन प्रक्रिया को जानबूझकर अधर में लटका दिया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा बार बार वक्तव्य जारी किया गया कि चयन संस्थाओं के संचालन में शासन का अनुचित हस्तक्षेप व दखलंदाजी नहीं होगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। प्रदेश में बेरोजगारी की भयावह स्थिति है। लेकिन प्रदेश में रोजगार के सवाल को हल करने के लिए ठोस कदम उठाने के बजाय महज प्रोपैगैंडा जारी है। इंवेस्टर्स समिट में 2 करोड़ रोजगार सृजन का दावा इसी तरह की प्रचार मुहिम का हिस्सा है जिसमें ठोस कार्यक्रम का सर्वथा अभाव है। इसके पहले भी इंवेस्टर्स समिट आयोजित हुई हैं जिनका परिणाम बेहद निराशाजनक रहा है। उक्त बातें प्रेस को जारी बयान में युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने कहीं। बताया कि कल 7 फरवरी को दिल्ली में रोजगार के सवाल मीटिंग में उत्तर प्रदेश में बेकारी की गंभीर समस्या को लेकर भी विचार विमर्श होगा और राष्ट्रीय स्तर पर खासतौर पर उत्तर प्रदेश में युवाओं को संगठित करने की रणनीति तैयार की जायेगी।

### मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 7 से 16 फरवरी तक कर सकते है आवेदन

लखनऊ । सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया है कि इस वर्ष के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रारम्भ की गयी है। जिसमें पट्टे के तालाबों में मत्स्य उत्पादन के लिए प्रथम वर्ष निवेश पर अनुदान इकाई लागत का 40 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। जिसमें मत्स्य बीज, आहार, जलापूर्ति संशाधन, दवाएं, जाल हेतु विभागीय पोर्टल 7 फरवरी से 16 फरवरी तक के लिए खोला गया है। मत्स्य बीज बैंक की स्थापना के लिए स्पॉन, फ्राई, मत्स्य पूरक आहार, जलापूर्ति संसाधन, हापा व जाल खरीदने पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में तालाबों के ऐसे पट्टेधारक आवेदन कर सकेंगे। जिनके पट्टे की अवधि चार साल शेष हो। आवेदक को इकाई लागत चार लाख प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। एक आवेदक को योजनान्तर्गत अधिकतम 2 हेक्टेयर जलक्षेत्र तक लाभ अनुमन्य है। परियोजनाओं का विस्तृत विवरण पोर्टल पर उपलब्ध है । वहीं कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कमरा नं (26) प्रथम तल विकास भवन सर्वोदय नगर इन्दिरा नगर में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 9 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 9 छात्रों का (5) कम्पनियों यूनिकॉर्प, रियल्टी स्मार्टज, क्रेटा क्लास, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन और विप्रो में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि यूनिकॉर्प में बीटेक के छात्र उज्जवल सिंह का चयन यूएस रिक्रूटर के पद पर (8.75) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, रियल्टी स्मार्टज कंपनी में बीटेक के (3) छात्रों आकांक्षा वर्मा, अनन्या, रजनीश कुमार का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम (5) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, क्रेटा क्लास कंपनी में बीटेक छात्रा अदिति बिस्वाल का चयन एकेडमिक मेंटोर के पद पर (5.04) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, नेक्स्ट आर्ट क्रिएशन में बीटेक के 3 छात्रों अमृतांशु, पुष्पेंद्र कुमार, विजय सिंह का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम (4.5) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा विप्रो में बीसीए की छात्रा श्रेया मौर्या का चयन विप्रो में स्कॉलर ट्रेनी के पद पर अधिकतम (2.76) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, प्रो. एके. सिंह एवं प्रो. मधुरिमा लाल ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए, उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इंस्टिट्यूट ऑफफार्मास्यूटिकल साइंसेस द्वारा जी20 वन फ्यूचर, वन हेल्थ पर आनलाइन परिचर्चा का होगा आयोजन

**लखनऊ।** इंस्टिट्यूट ऑफफार्मास्यूटिकल साइंसेस द्वारा कुलपति प्रोफेसर अलोक कुमार राय के नेतृत्व में ॠभारत की जी-20 प्रेसीडेंसी वन अर्थ, वन फैमली, वन फ्यूचर, वन हेल्थॠ पर जी20 देशों के फार्मेसी विशेषज्ञ के द्वारा परिचर्चा, 7 फरवरी को शाम 3 से 5 के बीच आनलाइन माध्यम से आयोजित की गई है। इस परिचर्चा की अध्यक्षता गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर नवीन शेठ करेंगे। प्रख्यात पैनेलिस्ट में फार्मेसी काउन्सिल ऑफइंडिया के प्रेसीडेंट डॉक्टर मोंटू पटेल, फ्रांस के वैज्ञानिक एवं प्रोफेसर सर्ज मिगनानी, नाइपर हैदराबाद की डायरेक्टर डॉक्टर शशि बाला सिंह, सी.बी.एम.आर के डायरेक्टर डॉक्टर आलोक धवन सम्मिलित रहेंगे। सन फार्मा के वाइस प्रेसीडेंट डाक्टर अजय खोपडेघ् परिचर्चा की मध्यस्थता करेगे। इस पैनल डिस्कशन का मुख्य उद्देश्य यह है की भारत की अध्यक्षता के अंदर होने वाली जी20 समिट के माध्यम से एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके और फार्मास्यूटिकल सेक्टर में होने वाले डिजिटल हेल्थ इनोवेशन पर अवसर तथा नये आयामों पर निर्णय लिया जा सके। ये परिचर्चा फार्मास्यूटिकल सेक्टर की सुदृढ़ता एवं अवसरों की खोज के लिये आयोजित की जा रही है। परिचर्चा के संयोजक प्रोफेसर पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया की इस परिचर्चा का उद्देश्य भारतीय फार्मास्यूटिकल सेक्टर की जिम्मेदारियां एवं उपयोगिता तय करना है। इस परिचर्चा में लखनऊ विश्वविद्यालय की जी20 समन्वयक प्रोफेसर पूनम टंडन, सह संरक्षक प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह मौजूद रहेगें। छात्र एवं शिक्षक ीजजचेरूध्ध्वितउे.हसमध्रूमिचन्प73स8र373अ8 इस लिंक पर रजिस्ट्रेशन करवाकर सकते है।

### शोभनाथ सिंह दसवी बार मुंशी संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**लखनऊ।** मुंशी संघ सिचाई विभाग, उत्तर प्रदेश का चुनाव विभागीय अनुमति के बाद आज चौधरी चरण सिंह प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में चुनाव अधिकारी अमरजीत मिश्रा महासचिव ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन और सहायक चुनाव अधिकारी प्रशान्त कुमार त्रिपाठी महामंत्री जल लेखा सहायक संघ ने पॉच पदों के लिए नामांकन मांगें, समय सीमा में सभी पदों पर एक एक नामांकन होने की दशा में चुनाव अधिकारियों ने निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर शोभनाथ सिंह दसवी बार निर्वाचित घोषित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विकास कुमार त्यागी, महामंत्री धीरेन्द्र मिश्रा,कोषाध्यक्ष वैधनाथ कुमार और सम्प्रेक्षक मलखान सिंह चुने गए। निर्वाचित पदाधिकारियों के निर्वाचन अधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचन के उपरान्त पदाधिकारियों ने कहा कि संघ शीघ्र ही मुंशी पदनाम का संशोधन कराकर राजस्व पर्यवेक्षक, सिंचाई विभाग के प्रत्येक खण्डों और उपखण्डों, उपराज्सव अधिकारी, जिलेदारी कार्यालयों में अत्यन्त उपयोगिता को देखते हुए नई भर्ती, ग्रेड पे बढ़ोत्तरी आदि की मांगों को लेकर विभागाध्यक्ष को ज्ञापन सौपेगा। निर्वाचन और शपथ ग्रहण के उपरान्त निर्वाचित कार्यकारिणी ने प्रमुख अभियंता विभागध्यक्ष इं. एन.सी. उपाध्यय से मिली।

## शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के महालेखा परीक्षकों की हुई बैठक

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक गिरिश चंद्र मुर्मू ने लेखा परीक्षा को साइबर सुरक्षा खतरों से बचाने के लिए वैश्विक सहयोग का आह्वान किया है। साथ ही साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए सरकारों को निजी क्षेत्र के भागीदारों के साथ मिल कर काम करने की आवश्यकता है।

मुर्मू लखनऊ में शुरू हुई शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के शीर्ष लेखा परीक्षा संस्थानों की छठी बैठक को संबोधित कर रहे है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से साइबर सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं उजागर हुई हैं। इसलिए सदस्य देशों के शीर्ष लेखा परीक्षा संस्थानों के लिए यह आवश्यक है वे साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की जांच के लिए पर्याप्त क्षमता विकसित करें। वहीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर कहा कि यह बैठक सदस्य देशों को साइबर खतरों से बचाने के लिए अपने अनुभवों और सर्वोत्तम तौर तरीकों को साझा करने, लेखा परीक्षा की गुणवत्ता में सुधार और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

तीन दिवसीय बहुपक्षीय आयोजन में शंघाई सहयोग संगठन के आठ सदस्य देशों में से चार देशों कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान के शीर्ष लेखा परीक्षा संस्थानों के प्रमुख और प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे हैं। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, गिरीश चंद्र मुर्मू ष्लेखा परीक्षा में उभरती प्रौद्योगिकियों का एकीकरण विषय पर चर्चा का नेतृत्व कर रहे हैं।

## कितनी कामयाब होगी यूपीजीआई-23 की कवायद

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

जब से उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनी हैं वह प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही हैं। प्रदेश में रोजगार को बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने पहली बार 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। जिसमें सरकार को अच्छी मात्रा में निवेश मिला था। जिसके बाद कोरोना के वजह से सरकार दोबारा इन्वेस्टर समिट नहीं करा पाई थी। इस साल जब कोरोना का प्रकोप जब खत्म हो गया तो सरकार ने अपने इस महत्वकांक्षी परियोजना को फिर से शुरू किया हैं। जिसके तहत 10 से 12 फरवरी तक प्रदेश के राजधानी में जीआई-23 का आयोजन किया गया हैं। जिसमें सरकार ने प्रदेश में निवेश के लिए पहले 10 लाख करोड़ फिर 17 लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया था। सरकार के मंशा के अनुरूप उसे 21 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव अब तक मिल चुका हैं। यूपी-जीआई 2023 उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 10-12 फरवरी 2023 को निर्धारित किया गया है। जिसमें राज्य सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का लक्ष्य रखा था। इसके बाद लक्ष्य को संशोधित कर 17 लाख करोड़ का प्रस्ताव निर्धारित किया गया। जानकारी के अनुसार निवेश का लक्ष्य 17 लाख करोड़ रुपए अब बढ़ा दिया जाएगा। सरकारी सूत्रों का दावा है कि उसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 से पहले 21 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसकी एक प्रमुख वजह ये भी है कि प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निवेश के अनुकूल माहौल बना हैं। इन सभी बातों को देखते हुए सबके मन में एक ही सवाल बार बार आ रहा है कि क्य अस आयोजन से सच में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने जा रही हैं। जो राज्य कभी सिर्फ अपराध, जातिगत राजनीति व अपने पिछड़ेपन के लिए जाना जाता था। जिस राज्य में अफसरशाही, बाबूगीरी और इंस्पेक्टर राज जैसी मुश्किलें से कंट्रोल हो पाई हैं। वहां योगी सरकार की इस कवायद को कितनी कामयाबी मिलेगी। इन सभी सवालों का जवाब यिूपी आप विस्तार से पढ़ सकते हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कुल निवेश प्रस्तावों के करीब 56 प्रतिशत के साथ विनिर्माण क्षेत्र पहले स्थान पर है। इसमें कहा गया है कि राज्य में कारोबार करने में आसानी के साथ-साथ कारोबार शुरू करने में आसानी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न घरेलू और विदेशी कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपना कारोबार बढ़ाने या स्थापित करने की योजना बना रही हैं। कुल निवेश प्रस्तावों में से 15 प्रतिशत के साथ कृषि क्षेत्र दूसरे स्थान पर है जबकि इंफ्रास्ट्रक्चर 8 प्रतिशत निवेश प्रस्तावों के साथ तीसरे स्थान पर है। कपड़ा क्षेत्र 7 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है जबकि पर्यटन कुल निवेश प्रस्तावों के 5 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर आता है। शिक्षा, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य सेवा, भंडारण और रसद, नवीकरणीय ऊर्जा और फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के अनुसार औद्योगिक विकास और विनिर्माण क्षेत्र को राहत देने वाली एमएसएमई नीतियों सहित राज्य सरकार की नीतियों ने निवेशकों को आकर्षित करने में योगदान दिया है। यूपी-जीआइै 2023 से पहले राज्य सरकार ने 25 क्षेत्रीय नीतियां तैयार की हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में आठ टीमों को विदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय रोड शो आयोजित करने के लिए भेजा था। बाद में स्वयं सीएम योगी ने मुंबई में एक रोड शो का नेतृत्व किया और घरेलू रोड शो आयोजित करने के लिए सात अन्य प्रमुख शहरों में टीमें भेजीं। जिसका यूपी सरकार को काफी फायदा मिला और निवेश तय लक्ष्य से अधिक मिला। कुल मिलाकर जानकारी के अनुसार सरकार को अब तक रिकार्ड 21 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हुए हैं।




## राज्यपाल ने दो मोबाइल टेस्टिंग वाहनों को राजभवन से झण्डी दिखाकर किया रवाना

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से अत्याधुनिक पैथालॉजी टेस्टिंग एवं कोविड टेस्टिंग की जरूरी व्यवस्थाओं से सुसज्जित दो मोबाइल टेस्टिंग वाहनों को रेडक्रास का ध्वज दिखाकर देवरिया तथा मेरठ के लिए रवाना किया। दोनों मोबाइल टेस्टिंग वाहन इंटरनेशनल फेडरेशन आफ रेडक्रास एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने इंडियन रेडक्रास सोसाइटी आफ उत्तर प्रदेश इकाई को दान में दिये हैं। उत्तर प्रदेश रेडक्रास सोसाइटी के महासचिव डा. हिमा बिन्दु नायक ने बताया कि ये वाहन जनपद देवरिया एवं देवरिया के आसपास के सभी जनपदों में जांच करेंगे। इसी प्रकार जनपद मेरठ में जाने वाले वाहन पश्चिमांचल के सभी जनपदों में अनुरोध पर भेजे जायेंगे। वहां पर पैथालॉजी टेस्टिंग एवं कोविड की जांच करेंगे। मोबाइल टेस्टिंग वाहनों में डाक्टरों की एक टीम रहेगी, जो पैथालॉजी से संबंधित आवश्यक जांच भी करेंगे तथा आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा लाभ के लिये सही परामर्श भी देंगे। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास के उप सभापति अखिलेन्द्र शाही, कोषाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह एवं रेडक्रास देवरिया के चेयरमैन रमेश चन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव डा. अशोक अरोरा एवं मेंबर मैनेजिंग कमेटी डा. शफीक जमा सहित रेडक्रास के अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## दीवार पर पोस्टर लगाने वाले 500 लोगों पर हुआ जुर्माना

> नगर निगम ने शहर में पोस्टर लगाने वाले और पेंटिग करने वालों के खिलाफ शुरू किया अभियान

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** शहर की दीवारों पर पोस्टर लगाने और पेंटिंग करने वालों के खिलाफनगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरे शहर में अभी तक करीब 500 लोगों को नोटिस दिया गया है। इसमें न्यूनतम 20 हजार रुपए का जुर्माना नगर निगम की टीम की तरफ से लगाया गया है। अभी तक शहर में इससे करीब 5 लाख से ज्यादा की वसूली भी हो गई है। नगर निगम प्रचार विभाग के प्रभारी अशोक सिंह का कहना है कि सदन में इसको लेकर प्रस्ताव पास हुआ था। इसमें 20 हजार से कम वसूली नहीं हो सकती है। ऐसे में कम से कम 20 हजार रुपए का जुर्माना तो देना ही पड़ेगा। शहर में सबसे ज्यादा कोचिंग सेंटर और जॉब देने वाली संस्थाएं ऐसे पोस्टर लगाती है। कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्रवाई तो आसान है लेकिन जॉब देने वाली संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई मुश्किल हो रही है। उनके पर्चे में केवल नंबर दिया रहता है। इस आधार पर नोटिस के एड्रेस निकालना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में अधिकारी पहले उन नंबरों पर फोन करते है। पूरी जानकारी लेते हैं और उसके बाद नोटिस भेजते है। जी-20 सम्मेलन को लेकर पूरे शहर में सफाई अभियान चल रहा है। इसकी वजह से यह अभियान भी तेज कर दिया गया है। शहर के सभी 8 जोन में इसको लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रविवार रात को जोन एक के जोनल अधिकारी नरेन्द्र वर्मा ने अभियान चला कर कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

## मौलाना कल्बे जव्वाद के शिया महाविद्यालय विरोधी कृत्य के खिलाफशिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के बैनर तले धरना

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

मौलाना कल्बे जव्वाद द्वारा किए गये शिया महाविद्यालय विरोधी कृत्य के खिलाफ शिया कालेज टीचर्स एसोसिएशन (शियाक्टा) ने डालीगंज स्थित शिया कालेज परिसर के मुख्य द्वार पर धरना दिया। इस धरने में भारी तादाद में शिक्षक अपना रोष व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए।

शिया पी0जी0 कालेज, लखनऊ के शिक्षकों के संगठन (शियाक्टा) तथा शिया कालेज शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में यह धरना आयोजित हुआ था। धरने से यह आह्वान किया गया कि पूरी दुनिया में फैले शिया कालेज के पूर्व छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़कर एक ऑनलाइन प्रतिरोध किया जाएगा, उसके अलावा बहुत शीघ्र शिया पी0जी0 कालेज, लखनऊ



के अन्दर शिया कालेज एलुमिनाई एसोसिएशन के साथ पूर्व छात्रों की एक प्रोटेस्ट मीट आयोजित की जाएगी। आज के धरने में शिया कालेज से जुडे शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अलावा मनीष हिंदवी, कार्यालय सचिव, फुफुक्टाय मनोज पाण्डेय अध्यक्ष लुआक्टाय श्रीमती अंशू केडिया, महामंत्री लुआक्टाय विद्यांत महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री श्रवण गुप्ताय लुआक्टा उपाध्यक्ष त्रिमल सिंह, श्री जयनरायण मिश्र पी0जी0 कालेज शिक्षक संघ के महामंत्री, विक्रम सिंह, शिया कालेज छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री इरशाद अहमद आदि ने शिया कालेज आकर शिया कालेज के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। इस धरने की अध्यक्षता शियाक्टा अध्यक्ष डॉ0 सरताज शब्बर रिजवी तथा संचालन शियाक्टा महामंत्री डॉ0 आगा परवेज मसीह ने किया। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए शियाक्टा महामंत्री डॉ0 आगा परवेज मसीह ने बताया कि मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी द्वारा 16 अक्टूबर, 2022 को निदेशक, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया गया था कि शिया कॉलेज की प्रत्यायन प्रक्रिया रोक दी जाये और प्रमाण-पत्र प्रदान न किया जाये। इतना ही नही उन्होंने यह भी अनुरोध किया था कि शिया महाविद्यालय को ब्लैक-लिस्ट किया जाये। डॉ0 मसीह ने बताया कि इसका सबसे बुरा प्रभाव महाविद्यालय में कार्यरत 114 शिक्षक एवं 116 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन पर पड़ता। उनका वेतन रूक जाता जिससे सैकड़ों परिवारों के ऊपर गम्भीर संकट आ जाता। इसलिए महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी आक्रोशित थे। गत 4 फरवरी, 2022 को शिया कालेज टीचर्स एसोसिएशन की आम सभा हुई थी जिसमें मौलाना कल्बे जव्वाद के कृत्य की भर्त्सना की गई थी और इस धरने का आह्वान किया गया था।धरने में मौजूद वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि मौलाना कल्बे जव्वाद का यह कृत्य शिया महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ-साथ महाविद्यालय में पढ़ रहे हजारों विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों तथा आने वाली पीढ़ी के खिलाफ साजिश है जिसकी जितनी भी निंदा की जाये वह कम है।

मौलाना कल्बे जव्वाद ने यह पत्र लिखकर यह साबित कर दिया कि उनको शिया कालेज और शिया कौम से कोई मोहब्बत नही है, क्योंकि अगर मोहब्बत होती तो शिया कौम के सबसे बड़े इदारे को निशाना नही बनाते। वक्ताओं ने यह भी कहा कि मौलाना कल्बे जव्वाद का यह कृत्य शिया कालेज का निर्माण करने वाले पूर्वजों का भी अपमान है। कोई ऐसा उदाहरण नही है शिया पी0जी0 कालेज, लखनऊ के किसी छात्र, शिक्षक द्वारा हासिल की गई उपलब्धि पर मौलाना कल्बे जव्वाद ने कोई बात कही हो।

## यदि सूरज बनना है तो सूरज की तरह तपना होगा: निशांत राय

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के प्रसिद्ध अमेठी पब्लिकइंटर कॉलेज मुंशीगंज अमेठी लखनऊ में कक्षा 12 के छात्र छात्रों के विदाई समारोह में गोसाईगंज के खंड विकास अधिकारी निशांत राय जी ने यह उदगार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो आकर्षण का केंद्र था। विद्यालय के प्रबंधक गुलाम साबिर जी उप प्रबंधक निहाल अहमद जी इलियास भाई जानू भाई मेस इंचार्ज वसीम अहमद चेयरमैन प्रत्याशी सचिन कुमार भाजपा नेता सलीम चाचा ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। विद्यालय के अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा जी ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन शोएब हसन जी ने किया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं मीनू वर्मा सबा मिर्जा रेखा निगम खतीजा अतुल त्रिपाठी योगेश वर्मा शिवांशु जितेंद्र कुमार मुकेश कुमार चांद बाबू घनश्याम वर्मासहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। कार्यक्रम कीसफलता के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य असित कुमार मिश्र जी ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्रबंध तंत्र का आभार व्यक्त किया।

# भागवत को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जाति वर्ण को लेकर क्या वस्तुस्थिति है: अखिलेश

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत द्वारा पंडितों और जाति-संप्रदाय को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) सुप्रीमो अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि जाति-वर्ण को लेकर क्या वस्तुस्थिति है? सपा प्रमुख ने सोमवार को एक अखबार में प्रकाशित खबर की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, ''भगवान के सामने तो स्पष्ट कर रहे हैं, कृपया इसमें ये भी स्पष्ट कर दिया जाए कि इंसान के सामने जाति-वर्ण को लेकर क्या वस्तुस्थिति है।'' खबर के अनुसार, भागवत ने कहा है कि भगवान के सामने कोई जाति वर्ण नहीं हैं, श्रेणी पंडितों ने बनाई है। आरएसएस प्रमुख ने मुंबई में रविवार को एक कार्यक्रम में कहा था, ''भगवान ने हमेशा बोला है मेरे लिए सभी एक है। उनमें कोई जाति वर्ण नही हैं, लेकिन पंडितों ने श्रेणी बनाई, वह गलत था। भारत देश हमारे हिंदू धर्म के अनुसार चलकर बड़ा बने और वह दुनिया का कल्याण करे। हिंदू और मुसलमान सभी एक हैं।''सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने इसी बयान पर एक अलग ट्वीट में कहा, ''जाति-व्यवस्था पंडितों (ब्राह्मणों) ने बनाई है, यह कहकर संघ प्रमुख श्री भागवत ने धर्म की आड़ में महिलाओं, आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़ों को गाली देने वाले तथाकथित धर्म के ठेकेदारों और ढोंगियों की कलई खोल दी, कम से कम अब तो 'रामचरितमानस' से आपत्तिजनक टिप्पणी हटाने के लिये आगे आयें। मौर्य ने कहा, ''यदि यह बयान मजबूरी का नहीं है तो साहस दिखाते हुए केंद्र सरकार को कहकर, 'रामचरितमानस' से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर नीच, अधम कहने तथा महिलाओं, आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़ों को प्रताड़ित, अपमानित करने वाली टिप्पणियों को हटवायें। मात्र बयान देकर लीपापोती करने से बात बनने वाली नही है।''सपा नेता मौर्य ने 22 जनवरी को कहा था, ''धर्म का वास्तविक अर्थ मानवता के कल्याण और उसकी मजबूती से है। अगर 'रामचरितमानस' की किन्हीं पंक्तियों के कारण समाज के एक वर्ग का जाति, वर्ण और वर्ग के आधार पर अपमान होता हो तो यह निश्चित रूप से धर्म नहीं बल्कि अधर्म है। 'रामचरितमानस' की कुछ पंक्तियों (दोहों) में कुछ जातियों जैसे कि तेली और कुम्हार का नाम लिया गया है।' मौर्य ने कहा था, ''इन जातियों के लाखों लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। इसी तरह से 'रामचरितमानस' की एक चौपाई यह कहती है कि महिलाओं को दंड दिया जाना चाहिए।

# सपा कार्यकारिणी में कुछ नए सदस्यों को शामिल कर असंतोष किया दूर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी की नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कुछ नए नाम जोड़कर कार्यकर्ताओं के असंतोष को दूर करने का प्रयास किया। अखिलेश ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चार सवर्ण और एक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता को शामिल किया है। यह कदम पार्टी के कुछ वर्गों में कार्यकारिणी में उच्च जातियों के कम प्रतिनिधित्व को लेकर कथित बातचीत के बीच आया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में ओम प्रकाश सिंह, अरविंद सिंह गोप, विनय तिवारी, नीरज सक्सेना और राम प्रसाद चौधरी को शामिल किया गया है। चौधरी एक गैर-यादव ओबीसी हैं, अन्य उच्च जाति के हिंदू हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी का यह तीसरा विस्तार है। पहली बार 29 जनवरी को इसकी घोषणा की गई थी। मूल रूप से कार्यकारिणी में 62 सदस्य थे।

उसी दिन इसे बढ़ाकर 64 कर दिया गया था और 69 सदस्य हो गए हैं। मूल रूप से कार्यकारिणाी में 11 यादव, 10 मुस्लिम, 25 गैर-यादव ओबीसी, नौ ऊंची जातियां, छह दलित, एक अनुसूचित जनजाति और एक ईसाई सदस्य थे। अब सवर्ण सदस्यों की संख्या 13 हो गई है। विस्तार के बाद अब 26 गैर-यादव ओबीसी सदस्य हैं। **वरिष्ठ पार्टी नेता ओम प्रकाश सिंह ने कार्यकारिणी की घोषणा के तुरंत बाद अपनी ट्वीट कर अपनी नाराजगी प्रकट की थी।** उन्होंने लिखा था, ये अलग बात है कि मैंने कभी जताया नहीं मगर तू ये ना समझ की तूने दिल दुखाया नहीं। सिंह आम तौर पर मितभाषी नेता हैं, जो अपनी शिकायतों को खुले तौर पर व्यक्त करने के लिए नहीं जाने जाते हैं। उनके इस ट्वीट से पार्टी हलकों में खलबली मच गई और बढ़ती नाराजगी की सूचना सपा अध्यक्ष को दी गई।

# लखनऊ पहुंची वीरवर लक्ष्मण की प्रतिमा

## एयरपोर्ट के बाहर स्थापित प्रतिमा का अनावरण करेंगे योगी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



भगवान राम के भाई और वीरवर लक्ष्मण की प्रतिमा लखनऊ की पहचान बनेगी। जी 20 समिट से पहले दुनिया भर के मेहमानों को लखनऊ से परिचित कराने के लिए चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर यह प्रतिमा लग जायेगी। राजस्थान से प्रतिमा लखनऊ पहुंच चुकी है ।इसको एयरपोर्ट के बाहर स्थापित किया गया है ।सीएम योगी आदित्यनाथ प्रतिमा का अनावरण करने वाले हैं। प्रतिमा के जरिए पूरी दुनिया में लखनऊ को लक्ष्मण नगरी के रूप में प्रचारित करने की तैयारी की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी की 90 के दशक में बनी सरकार के समय लखनऊ में लक्ष्मण पार्क विकसित किया गया था ।वीरवर लक्ष्मण की 2 प्रतिमाएं लगाई गई थी। राजस्थान से आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते के जरिए बीती देर रात प्रतिमा लखनऊ पहुंची । जी 20 समिट के दौरान दुनिया भर से मेहमान लखनऊ पहुंचेंगे ।एयरपोर्ट के बाहर इस प्रतिमा के जरिए लखनऊ के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व से लोगों को परिचित कराया जाएगा, संदेश पूरी दुनिया में जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण इस प्रतिमा के अनावरण समारोह को आयोजित करेगा ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मौके पर मौजूद रहेंगे, जिसके जरिए है या इवेंट पूरे देश में एक संदेश जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### भरत, बाहुबली भगवान का हुआ प्रथम मस्तकाभिषेक

लखनऊ। इंदिरानगर जैन मंदिर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद प्रथम भगवान भरत एवं बाहुबली का महामस्ताभिषेक सोमवार को किया गया। प्रातः काल से ही भक्तों को भारी भीड़ भगवान के दर्शनार्थ उमड़ रहे थे। आचार्य दयासागर के मंदिर में पहुँचते ही मस्ताभिषेक प्रारम्भ किया गया। भगवान बाहुबली कि शांतिधारा अक्षय जैन द्वारा एवं भगवान भरत कि शांतिधारा अभिषेक जैन, अनुरोध कुमार जैन द्वारा की गई। आचार्य श्री ने बताया की निरंतर 48 दिनों तक अगर भगवान की मूर्ति पर शांतिधारा का वाचन होता है तो मूर्ति अति अतिशयकारी एवं चमत्कारी हो जाती है। स्वर्ण एवं रजत पात्रों द्वारा भगवान पर धारा की गई। सभी श्रद्धालुओं ने खूब बढ़ चढ़ कर अभिषेक में भाग लिया। आचार्य श्री की आहार चर्या कराने का सौभाग्य शिप्रा जैन परिवार को प्राप्त हुआ। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि आचार्य श्री का विहार चौक जैन मंदिर जी के लिए मंगलवार को होगा।

डॉ.अंबेडकर सामाजिक एकता मंच ने मनाया संत गुरु रविदास जन्मोत्सव

### संत शिरोमणि गुरु रविदास का मनाया जन्मोत्सव



लखनऊ । डॉ.अंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बुद्ध मंदिर, मार्टिन पूर्वा हजरतगंज में आयोजित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र कुमार ने संत गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा संत गुरु रविदास जी के जीवन एवं शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें संत गुरु रविदास जी के बताए महान आदर्शों पर चलना चाहिए समाज में गुरु रविदास जी शिक्षाओं का प्रचार- प्रसार करना चाहिए संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री सूरज कुमार गौतम ने कहा कि शिक्षा के प्रचार हेतु संगठन की ओर से गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर मनीष कुमार श्रीपाल कुरील, आशीष कुमार ,सत्रोहन लाल, सुरेंद्र कुमार, गरिमा, निहारिका, अभिनव, अनन्या सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सीएमएस कालेज में आटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेशन (एईडी) मशीन का हुआ उद्घाटन

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय में ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेशन (एईडी) मशीन का उद्घाटन व प्रदर्शन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पीजीआई, लखनऊ के कार्डियोलाजी विभाग के हेड प्रो. आदित्य कपूर ने सीएमएस प्रधान कार्यालय पधारकर एईडी मशीन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी व डा. भारती गाँधी, सीएमएस प्रेसीडेन्ट एवं एमडी., प्रो. गीता गाँधी किंगडन, सीएमएस के टेक्निकल एडवाइजर विनय गाँधी समेत शिक्षक व कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिन्होंने एईडी मशीन को उपयोग करने के तौर-तरीकों का सजीव प्रदर्शन देखकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डा. कपूर ने कहा कि एईडी मशीन हृदयाघात के मरीजों के लिए रामबाण है। कार्डिएक अरेस्ट उम्र का भेदभाव किये बिना कभी भी किसी को भी हो सकता है, ऐसे विषयों में जागरूकता बहुत जरूरी है। इस अवसर पर डा. कपूर ने सीएमएस कार्यकर्ताओं को सी.पी.आर. यानि कार्डियो पलमोनेरी रेससिटेशन का सही तरीका भी समझाया। आकस्मिक हृदयाघात वाले मरीजों को समुचित मेडिकल सहायता उपलब्ध होने तक सीपीआर के माध्यम से सुरक्षित किया जा सकता है।

# मंगल सिंह बने रालोद के झांसी मंडल अध्यक्ष

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की संस्तुति से मंगल सिंह को झांसी मण्डल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वही रविन्द्र सिंह तेवतिया को हापुड, नितिन कुमार राधे भैया को झांसी, राजकुमार यादव को बांदा, मुकेश उपाध्याय को महोबा, पुरूषोत्तम कुमार वर्मा को चित्रकूट तथा आसमा वारसी को कासगंज का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विजय बहादुर सक्सेना को बरेली,बिजेन्द्र यादव को नोएडा तथा मोहम्मद असलम अंसारी को मुरादाबाद का महानगर अध्यक्ष एवं राशिद अली को बांदा का शहर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

# जांच कराने की मांग को लेकर उप्र कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अडाणी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े मामले को लेकर यहां धरना-प्रदर्शन किया और मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) या उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायधीश से विस्तार से जांच कराने की मांग की। सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय से जारी बयान में कहा गया कि मामले की विस्तार से जांच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी सदन में लगातार संघर्ष कर रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार चर्चा के लिए तैयार नहीं है। बयान के मुताबिक जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए सड़क पर संघर्ष करने का पार्टी ने निर्णय लिया है।

# 'रामचरितमानस' की प्रतियां जलाने के मामले में दो आरोपियों पर रासुका लगाया गया

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ के 'वृंदावन योजना' सेक्टर में 'सांकेतिक' विरोध प्रदर्शन के दौरान 'रामचरितमानस' की छायाप्रतियां (फोटोकॉपी) जलाने के आरोप में जेल में बंद दो लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी को यहां पीजीआई पुलिस थाने में दर्ज मामले के संबंध में जिलाधिकारी ने जेल में बंद मोहम्मद सलीम और सत्येंद्र कुशवाहा के खिलाफरासुका लगाया है। पुलिस के मुताबिक, 29 फरवरी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 142, 143, 153 ए, 295, 295 ए, 298, 504, 505, 506 और 120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पुलिस ने बताया था कि सतनाम सिंह लवी नामक व्यक्ति की शिकायत पर यहां पीजीआई थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि श्री'रामचरितमानस' के पन्नों की छायाप्रतियां जलाने से शांति एवं सद्भाव को खतरा है। प्राथमिकी में समाजवादी पार्टी (सपा) नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के अलावा देवेंद्र प्रताप यादव, यशपाल सिंह, सत्येंद्र कुशवाहा, देवेंद्र प्रताप यादव, सुजीत यादव, नरेश सिंह, सुरेश सिंह यादव, संतोष वर्मा, मो. सलीम और अन्य अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।






# हिंदी कवि प्रकाश शंकर मिश्रा की जयंती पर मानस प्रतिष्ठा सम्मेलन आयोजित

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

रामचरितमानस को तत्कालीन युग की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितों को देखकर लिखा गया था।इसमें वर्णित पंक्तियों को समझने और समझाने की जरूरत है। किसी भी धार्मिक ग्रन्थ पर विवाद खड़ा करने वाले कभी भारत के हितैषी नहीं हो सकते। रिवर बैंक कालोनी स्थित खुला आकाश संवाद परिसर में आयोजित रामचरितमानस प्रतिष्ठा सम्मेलन में आए वक्ताओं के माध्यम से यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया कि विभिन्न धार्मिक ग्रन्थों में लिखित पंक्तियों के आधार पर सामाजिक विद्वेष फैलाने वाले लोग कभी समाज और देश के हितैषी नहीं हो सकते। रामभक्त और वरिष्ठ हिंदी कवि प्रकाश शंकर मिश्रा की जयंती पर आयोजित इस आध्यात्मिक विमर्श में राजधानी के अनेक संगठनों और समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया था। पुरानी पेंशन बहाली आन्दोलन में लम्बे समय से जुड़े कप्तान सिंह इस आयोजन में मानस मर्मज्ञ की भूमिका में दिखाई दिए। उन्होंने सविस्तार गोस्वामी तुलसीदास के जीवन और कृतित्व से जुड़े कई प्रसंगों का वर्णन किया है। पुराने लखनऊ के अइयागंज क्षेत्र में भूमाफियाओं और राज्य विद्युत परिषद के भ्रष्टाचारों से लड़ रहे व्यापारी नेता सुरेश गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से रामचरितमानस और गीता जैसे धार्मिक ग्रन्थों के बारे में फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम के आयोजक अखिल सावंत ने कहा कि रामचरितमानस और गीता जैसे आध्यात्मिक ग्रन्थों के लेखन और प्रकाशन में जहां एक ओर उस समय की भौतिक और सामाजिक परिस्थितियों का हाथ रहा है,वहीं अदृश्य शक्तियों ने भी अपनी भूमिका निभाई है। उत्कर्ष संगोष्ठी के 24 वें चरण के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम के सम्बंध में जानाकारी देते हुए संयोजक अनिल ने बताया कि आगामी आयोजन राजधानी और प्रदेश के अनेक संगठनों को देश की मौजूदा परिस्थितियों में कर्मचारी संगठनों की भूमिका के संदर्भ में आमंत्रित किया जाएगा।

## प्रदेश भूगोल परिषद ने वीसी केयर फंड में दिया 51 हजार का योगदान

लखनऊ । उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने लखनऊ विश्वविद्यालय वीसी केयर फंड में 51 हजार रुपए की धनराशि दी है। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हाल में उत्तर प्रदेश भूगोल परिषद अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह नेशनल पी.जी. कॉलेज, लखनऊ ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को चेक दिया गया। कुलपति ने वीसी केयर फंड के गठन के उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से अभिप्रेरित वीसी केयर फंड हमारी संकल्पना है। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओ को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कुलपति जी द्वारा वीसी केयर फंड के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# असमानता को दूर करना ही बीबीबीपी का उद्देश्य : डीएम

**जिला महिला चिकित्सालय में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव**



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

समाज में फैली कुरीतियों व बेटा-बेटियों में व्याप्त असमानता को दूर करना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य है। उक्त बातें जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार ने कहा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से अपील किया कि बेटियों को बेटों के समान शिक्षा व सुविधा दें। इससे पूर्व जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी एम. अरूण मौली ने कन्या को जन्म देने वाली महिला से केक कटवाकर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय में कन्याओं को जन्म देने वाली 40 महिलाओं को हिमालय वेबी किट, कपड़ा, फल व केक वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रश्मि वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सक अधीक्षक सुषमा सिंह, चिकित्सक डा. सुवर्णा कुमार, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, स्टेनो मनोज कुमार, पंकज राव, नीलम सरोज, चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा, प्र. सेंटर मैनेजर स्वाती पाण्डेय, रिचा तिवारी, सिद्धनाथ पाठक आदि उपस्थित रहे।

### सीएचसी हलधरमऊ में भी मना कन्या जन्मोत्सव

महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हलधरमऊ में भी कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। यहां अधीक्षक अधीक्षक संत कुमार वर्मा ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कन्या को जन्म देने वाली 10 महिलाओं को हिमालय वेबी किट, कपड़ा, फल व केक वितरित किया गया। महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह व जिला समन्वयक राज कुमार आर्य ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान हिमांशु, राहुल तिवारी, अनूप सिंह, अमरदीप सिंह, विनोद वर्मा, उदयभान, संतोष, शिवम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा माह में अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों को डीएम ने किया सम्मानित

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



सोमवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा माह का समापन गीता इंटरनेशनल स्कूल बड़गांव गोंडा में दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। सड़क सुरक्षा माह का कार्यक्रम 05 जनवरी, 2023 से 04 फरवरी, 2023 तक पूरे जनपद में विभिन्न विद्यालयों, विभागों तथा अन्य लोगों के द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में शहर से गांव गांव तक लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, आरटीओ, एआरटीओ प्रशासन बबीता वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन शैलेंद्र त्रिपाठी, सहित यातायात एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्री श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

**शुभम-रूपम की जोड़ी ने मचाया धमाल**

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



दद्दुआ बाजार स्थित रविवार को 19वें श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव के आखिरी दिन देर शाम तक भजन कीर्तन हुआ जिसमें स्थानीय भजन गायिका मानसी अग्रवाल ने गाया सब झूमों नाचों मां आने वाली हैं, चुनरी ओढ रही है सिंह पर चढ़ने वाली है... फागनियो रंगीलो रंगीलो बाबा श्याम, होली खेलन आपा चला गा खाटू धाम...

भजन गायिका रेशमी शर्मा ने गाया सेवक नही है हनुमान के जैसा, दाता नही श्रीराम के जैसा... किस्मत वालों को मिलता हैं श्याम दरबार... हम तो सीना तान के चलते है हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं... श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरे अरदास लाया हूं... उसके बाद शुभम-रूपम की जोड़ी ने श्याम प्रेमियों को भजनों के माध्यम से खूब रिझाया। उन्होंने गाया गली गली ये ऐलान होना चाहिए,हर मंदिर में श्याम होना चाहिए...आ गया खाटू वाला लो आ गया खाटू वाला ....दीवानें मुझे ले चल खाटू धा..खाटू के बाबा श्याम जी मेरी रखो के लाज ..करो स्वागत बाबा को.. कीर्तन की रात बाबा आज थाने आनो हैं कीर्तन की है रात... शीश के दानी महा बलवानी तेरा जयकारा है... मीठे मीठे भजन सुनाएं गे, जिस दिन श्याम प्यारे घर आयेंगे... लीले घोड़े असवार... आदि कई भजनों की प्रस्तुति दी भजन समाप्ति के बाद श्याम प्रेमियों ने खूब आतिशबाजी की उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ जनपद के कई जिलों से श्याम प्रेमी शामिल हुए। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विमलेश सिंघल, गोविंद जालुका, सुरेश भावसिंहका, अनिल मित्तल, विशाल बंसल, विकास जैन, अरिहंत जैन, मयंक अग्रवाल, मोहित जैन, राम मनोहर अग्रवाल, आलोक भावसिंहका, शोभित खेमका, आशीष भावसिंहका, अजय अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, बेनू मोदी, प्रेमलता सिंघल, पूनम मित्तल, शारदा गर्ग, सरोज गर्ग, निशा गर्ग सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# राशन कार्ड बनाने व यूनिट बढ़ाने के बदले जमकर हो रही अवैध वसूली

**पूर्ति कार्यालय तहसील कर्नलगंज का वीडियो वायरल**

कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तहसील कार्यालय कर्नलगंज में राशन कार्ड बनाने व यूनिट बढ़ाने के बदले खुलेआम जमकर अवैध वसूली हो रही है और गरीबों के हकों पर डाका डाला जा रहा है। यहां के पूर्ति कार्यालय कर्नलगंज का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जो काफी चर्चा का विषय बना है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पूर्ति निरीक्षक हलधरमऊ के अवैध संरक्षण में यह खेल चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक मामला तहसील कर्नलगंज से जुड़ा है, यहां बिना घूस दिए ना तो राशन कार्ड बन रहा है और ना ही राशन कार्डों मे यूनिट बढ़ाई जा रही है।



विश्वस्त सूत्रों की मानें तो स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से पूर्ति विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और बाबू राशन कार्ड बनाने और यूनिट बढ़ाने के बदले गरीबों से खुलेआम अवैध वसूली कर रहे हैं। बताते चलें कि जहां एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के आये दिन दावे करते नही थक रही है वहीं धरातल पर उनके अधीनस्थ जिम्मेदार आला अधिकारी,कर्मचारी सरकार के दावे की पोल खोलते हुऐ जीरो टॉलरेंस नीति को सरासर ठेंगा दिखा रहे हैं। जिसके संबंध में पूर्ति कार्यालय तहसील कर्नलगंज में राशन कार्ड बनाने और यूनिट बढ़ाने के बदले गरीबों से खुलेआम घूस लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जो जिम्मेदारों को गंभीर सवालिया कटघरे में खड़ा करते हुऐ उनकी निरंकुश भ्रष्ट कार्यशैली को भी उजागर कर रहा है। वहीं डीएम व डीएसओ के निर्देशों का खुला उल्लंघन हो रहा है। हैरत की बात यह है कि अभी तक आला अधिकारियों द्वारा अवैध वसूली के प्रकरण में कोई कार्यवाही नही की गई है जो काफी चर्चा का विषय बना है।



### इंकलाब फाउंडेशन ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**विजेता वही जो खुद से न हारे : डॉ. अनिता मिश्रा**

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिले के इंकलाब फाउंडेशन द्वारा सोमवार को एपीएस ग्लोब स्कूल गायत्री पुरम गोंडा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न छात्रो को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनिता मिश्रा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जसपाल सिंह सलूजा व डॉ अरुण सिंह रहे और विशिष्ट अतिथि डॉ दुर्गा सिंह, डॉ मधुसूदन सिंह, रजनीश पांडे रहे कार्यक्रम का संयोजक अधिवक्ता अजेय विक्रम सिंह ने किया। इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया कि इंकलाब फाउंडेशन द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में एपीएस ग्लोब स्कूल की अनन्या मिश्रा प्रथम स्थान द्वितीय स्थान पर फुलवारी स्कूल के कृष्णा सिंह तृतीय स्थान पर एपीएस ग्लोब स्कूल की सिद्धि सिंह रही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ अनिता मिश्रा ने कहा कि संस्था द्वारा ऐसी परीक्षा होते रहना चाहिए इससे बच्चों में उत्साह उत्पन्न होता है बच्चो का मानसिक विकास भी होता है एपीएस ग्लोब स्कूल के प्रबंधक अजय प्रकाश सिंह ने कहा कि हर परीक्षा में बच्चों को अपना बेहतर देना चाहिए इससे और बच्चों में उत्साह उत्पन्न होता है जसपाल सिंह सलूजा, डॉ मधुसूदन सिंह फुलवारी स्कूल की प्रबंधक नीता सिंह व डॉ अरुण सिंह सहित कई लोगो ने संबोधन किया। इसी के साथ इंकलाब फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी डॉ स्वर्गीय राम प्रताप पांडे के पुण्यतिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डॉ प्रभाकर पाण्डेय, डॉ नागेश्वर नाथ पांडे व डॉ सुधांशु मिश्रा ने जांच करके दवा वितरण किया एपीएस ग्लोब स्कूल की प्रधानाचार्य अजरा सिमिन ने आभार प्रकट किया।

# दबंगों के हौसले बुलंद, पत्रकार पर हुआ जानलेवा हमला

**पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज, लेकिन अभी तक नहीं हुई गिरफ्तारी**



कर्नलगंज/ गोण्डा समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश में पत्रकारों पर हमला होना बंद नही हो रहा है। अब गोंडा जिले के कर्नलगंज क्षेत्र में दबंगो द्वारा एक पत्रकार पर जानलेवा हमला किया गया है। क्षेत्र के ग्राम दत्तनगर के रहने वाले प्रवीण श्रीवास्तव उर्फ सोनू के साथ खबर कवरेज के दौरान मारपीट और जानमाल की धमकी देने की घटना हुई है। वहीं तहसील व कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र में दबंगो के हौंसले काफी बुलंद हैं और उनमें पुलिस का जरा सा भी खौफ नही रह गया है। कोतवाली क्षेत्र की ऐसी कई घटनाएं प्राय- सामने आ रही हैं जो कर्नलगंज कोतवाली को आईना दिखाने का काम कर रही हैं। लेकिन कोतवाली प्रभारी सुधीर सिंह अपनी कार्यशैली को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हैं और बने भी क्यों ना क्योंकि मामला आम हो या खास उन्हें अपना पल्ला जो झाड़ना रहता है। यहां दबंगो के द्वारा खबर कवरेज करने गये एक पत्रकार पर हमला करके मोबाईल छीनने का प्रयास कर मारने पीटने और जान से मार डालने की धमकी देने का दुस्साहसिक शर्मनाक मामला सामने आया है। मामले में काफी प्रयास के बाद पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन कोतवाली पुलिस दबंगो को गिरफ्तार करने में आनाकानी कर रही है।

आपको बता दें कि मामला तहसील व कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र से जुड़ा है। यहां के ग्राम दत्तनगर निवासी पत्रकार प्रवीण श्रीवास्तव उर्फ सोनू पुत्र रमेशचंद्र श्रीवास्तव ने रविवार को कोतवाली मे दी गई तहरीर मे कहा है कि वह दैनिक समाचार पत्र लोकभारती के जिला संवाददाता हैं। कर्नलगंज कटरा बाजार मार्ग स्थित नौनिया ताल के पास गाटा सं0 373 जो ताल हाजा के नाम दर्ज कागजात भूमि है, जिस पर अवैध निर्माण चल रहा था। दिनांक 05/2/2023 की सुबह राजस्व विभाग की टीम ने निर्माण कार्य रोकवा दिया था। मौके से टीम वापस होने के कुछ घंटे बाद पुन- लोगों द्वारा निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। दोपहर दो बजे के करीब सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल सुजीत भारती निर्माण को रोकने पहुंचे उसी बीच पत्रकार प्रवीण श्रीवास्तव भी खबर कवरेज करने पहुंच गये,जिससे नाराज होकर अवैध कब्जेदार मोहित पांडेय पुत्र रामनिवास पांडेय निवासी कर्नलगंज नगर थाना कर्नलगंज, दिलबहार खां पुत्र अज्ञात ग्राम खिंदूरी, भोलू खां पुत्र अज्ञात मोहम्मदपुर थाना कटरा बाजार जनपद गोंडा ने गाली देते हुऐ उन्हें पकड़ लिया और मोबाईल छीनने का प्रयास करते हुऐ मूका थप्पड़ से मारने लगे। पीड़ित पत्रकार के किसी तरह जान बचाकर भागने पर तीनों लोगों ने उन्हें धमकी दिया कि दुबारा दिखाई पड़े तो जान से मार डालेंगे। छीना झपटी में पीड़ित के मोबाईल के स्क्रीन का कांच टूट गया। पीड़ित द्वारा तत्काल ट्वीट के माध्यम से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया, उसके बाद स्थानीय कोतवाली में पहुंचकर शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की मांग की। वहीं काफी प्रयास के बाद मामले में कोतवाली कर्नलगंज में मुकदमा अपराध सं0 0060 धारा 323, 504, 506, 427 के तहत मोहित पांडेय पुत्र रामनिवास पांडेय निवासी कर्नलगंज नगर थाना कर्नलगंज, दिलबहार खां पुत्र अज्ञात ग्राम खिंदूरी, भोलू खां पुत्र अज्ञात मोहम्मदपुर थाना कटरा बाजार जनपद गोंडा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जब इस प्रकरण में कोतवाल सुधीर सिंह से जानकारी मांगी गई कि पत्रकार प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज हुई है क्या कोई गिरफ्तारी भी हुई है उन्होंने कहा गिरफ्तारी कोई नहीं हुई है।

# कन्या जन्म देने वाली माताओं के साथ मनाया गया कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





मैं बेटी हूँ। मुझे संसार में आने दो। मैं ही तो वह हूँ जिससे वंश की अवधारणा पूरी होती है और नया जीवन आकार लेता है। मैं हर परिवार के सुख का आधार हूँ। मेरे बिना मानव जीवन की कल्पना अधूरी है। बेटी के इसी महत्व को बताने व समाज में बेटियों को लेकर भेदभाव मिटाने के लिए भारत सरकार ई महत्त्वाकांक्षी योजना बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को कन्या जन्म देने वाली माताओं के साथ कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सीएचसी रिसिया, पयागपुर, कैसरगंज सहित मेडिकल कालेज के महिला विंग में किया गया।

मेडिकल कालेजू के महिला विंग में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि जनपद में बेटी के जन्म को लेकर कुछ परिवारों में आज भी उदासी है। एनएफ़एचएस 5 के आंकड़ों के अनुसार बीते पांच वर्षों में 1000 लड़कों के सापेक्ष 848 कन्याओं का जन्म हुआ है। ऐसे में सरकार ने लिंग अनुपात के इस अंतर को मिटाने के लिए इसके लिए बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय सोमवार को स्वास्थ्य केन्द्रों पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजन कराये जाने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने कहा इतना ही बेटियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत 15 हजार रुपए उसके स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए देती है ताकि कोई यह न समझे कि बेटी बोझ है। बेटियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से साइकिल व लैपटाप भी वितरण किए गए हैं। इसलिए बेटियों को कभी भी बेटों से कमतर नहीं समझना चाहिए।

एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि एक डॉक्टर होने के नाते जब प्रसव के बाद परिवार वालों को यह बताना होता था कि बेटी का जन्म हुआ है तो पहली बेटी पर उन्हें बताती थी कि यह डॉक्टर बनेगी, दूसरी बार भी बेटी जन्म लेने पर कहती थी कि यह इंजीनियर बनेगी, तीसरी बार बेटी होने पर बताती थी कि यह डीएम बनेगी और चौथी बार भी बेटी हुई तो कहती थी कि यह विधायक बनेगी। उन्होंने कहा आज समाज में ऐसे कई उदाहरण हैं कि बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। इसलिए प्रदेश सरकार बेटियों के जन्म पर उत्सव मना रही है और यह संदेश दे रही है कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है।

- महिला चिकित्सालय व 3 सीएचसी पर आयोजित हुआ कार्यक्रम
- बेटियों को कभी भी बेटों से कमतर नहीं समझना चाहिए : अनुपमा जायसवाल
- हमारे समाज में नारी शक्ति को पूजा जाता है : डॉ दिनेश चंद्र

### सही पालन पोषण से बेटियां भी बेटों के समान अपनी प्रतिभा से परिवार व समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती हैं

जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने कहा हमारे समाज में नारी शक्ति को पूजा जाता है। आज हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि बेटियों को जन्म देने वाली माताओं के साथ बेटियों का जन्मोत्सव मना रहें हैं। सही पालन पोषण से बेटियां भी बेटों के समान अपनी प्रतिभा से परिवार व समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि बेटों के समान बेटियों को भी स्तनपान कराएं ताकि वह कुपोषण का शिकार न बनें। इस अवसर पर केक काट कर 101 कन्याओं को उनके जन्म पर बधाई दी गयी साथ ही आयी हुईं सभी माताओं को उपहार स्वरूप छोटे बच्चो कपड़े और किट प्रदान कर उन्हें कन्या भ्रूण हत्या रोकने, कन्या जन्म को सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए कहा गया। उक्त कार्यक्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय सिंह, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, जिला दिव्याङ्गजन सशक्तिकरण अधिकारी वीपी सत्यार्थी, हॉस्पिटल मैनेजर रिजवान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनायी गई स्कूल की 20वीं वर्षगाठ

- शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित
- हमारे स्कूल के बच्चे पढ़कर अनेको क्षेत्रों में स्कूल का नाम रोशन कर रहे : मो. मशकूर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



सोमवार को नगर के शेखय्यापुरा स्थित हरमैन मार्डन जूनियर हाईस्कूल के बीस साल पूरा होने पर स्कूल मे 20वी वर्षगाठं बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे बच्चों ने अनेक प्रोग्राम प्रस्तुत किए। इसमें प्रबंधक इश्तियाक अली ने स्कूल मे 20 साल मे होने वाली गतिविधिया के बारे में जानकारी दी। स्कूल के अध्यक्ष मो अब्दुल्ला ने स्कूल मे प्रबंधक इश्तियाक अली को स्कूल का नाम शहर मे रोशन करने के लिए उनकी तारीफ की। तथा उपस्थिति बच्चों से खूब पढ़कर स्कूल व जिले का नाम रोशन करने को कहा।निदेशक मो मशकूर ने बताया कि हमारे स्कूल के बच्चे पढ़कर अनेको क्षेत्रो मे हरमैन स्कूल का नाम रोशन कर रहे है और अनेको बच्चे, दूसरे स्कूलो व इसी स्कूल मे अध्यापक बनकर बच्चों का मार्ग दर्शन कर रहे है। 20वी वर्षगाठं के शुभ अवसर पर एक योजना शुरू की गयी (बीस साल बेमीसाल - 6000 मे पूरे साल ) यानी बच्चो की किताब व पूरे साल की फीस मात्र 6 हजार रुपए मे। इस मौके पर हाजी रेहान, अनस अली, अध्यापक अज़रा, शहला, इकराम, फिरोज़, असमा, असमा, हिना को स्मिति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे प्रधानाध्यापिका पी बेगम, राहिला निज़ाम, उजमा, गुलफ्शा, लवी प्रधान, शाइस्ता, सानिया, फाइज़ा, चंदा, अनुज मिश्रा,वीरेन्द श्रीवास्तव आदि लोग मोजूद रहे।

# विद्युत लाइन लास पर भड़के पावर कारपोरेशन के चेयरमैन

**37 फीसदी बिजली हो रही बर्बाद पूछे जाने पर मातहत नहीं दे पाए संतोषजनक उत्तर**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज ने जरवलरोड पावर हाउस पहुंचकर पावर हाउस का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान लाइन लास के बारे में जानकारी एकत्रित कर पास मौजूद जिले के जिम्मेदारियों से बिजली के हो रहे नुकसान के बारे में जानकारी एकत्रित की। संतोषजनक जवाब ना मिलने पर फायदा नुकसान व उसके सुधार की गणित समझाते हुए स्वयं पढ़ाना शुरू कर दिया। सोमवार को पावर हाउस जरवलरोड पहुंचे चेयरमैन ने सर्वप्रथम भुगतान बिल विभागीय योजना विद्युत बाधित होने की जानकारी सहित अन्य पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान स्टाफ ऑफिसर लखनऊ एसके द्विवेदी वरिष्ठ पीआरओ के के सिंह मुख्य अभियंता पवन कुमार काशी अभियंता सुनील कुमार गुप्ता एसडीओ कैसरगंज रामगोपाल पाल , दिनेश कुमार अरविंद सिंह अश्वनी विश्वकर्मा, सत्यम सिंह, अमरेश, रंजीत कुमार उपभोक्ता साबिर, श्याम नारायण सिंह, एसडीओ मीटर धर्मेंद्र कुमार मीटर जेई प्रदीप कुमार अवर अभियंता राजेश कुमार मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल,अधीक्षण अभियंता दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, अधिशासी अभियंता बहराइच सुनील कुमार गुप्ता एसडीओ कैसरगंज आरजी पाल से जरवलरोड क्षेत्र में आने वाली सप्लाई के साथ जमा होने वाले बिल के बारे में पूछा करीब 37 परसेंट बिजली का नुकसान होने की वजह से नाराज चेयरमैन अपने मातहतों को वजह जानने की कोशिश की संतोषजनक उत्तर ना मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहां की हर हाल में लाइन इनकमिंग के साथ भुगतान सुनिश्चित होना चाहिए अधिकतम 10 से 15 प्रतिशत लाइन लॉस ही होना चाहिए।

### उपभोक्ता का मोबाइल नंबर व्हाट्सएप से जोड़ा जाए : चेयरमैन

निरीक्षण के दौरान केवाईसी से संबंधित जानकारी लेने के लिए पास मौजूद केवाईसी फॉर्म पर मौजूद उपभोक्ता के नंबर पर फोन मिला कर जानकारी हासिल की उपभोक्ता से पूछा क्या समय से बिल मिलती है संतोषजनक उत्तर मिलने पर पास मौजूद अवर अभियंता दिनेश कुमार से प्रत्येक उपभोक्ता कि समय से मीटर रीडिंग के साथ मोबाइल नंबर व्हाट्सएप नंबर से जोड़ने की सलाह दी गई।

### शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर समस्या का होगा निस्तारण

निरीक्षण के दौरान पास मौजूद विद्युत उपभोक्ताओं से कहा गया कि किसी भी शिकायत के लिए उपभोक्ता 1912 टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा एसडीओ कैसरगंज दूसरे दिन हर हाल में पावर हाउस पहुंचकर लोगों की समस्या का निराकरण कराने की बात कही गई। इसके अलावा एक्सचियन बहराइच से भी सप्ताह में एक बार पावर हाउस जरूर पहुंचकर समस्या निराकरण लाइन लॉस पर चर्चा के साथ समाधान के निर्देश दिए गए।

### बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर प्रातः 5:00 बजे की कटौती होगी मुक्त

एसडीओ कैसरगंज रामगोपाल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर लोगों की मांग पर स्थानीय विद्युत उप केंद्र विद्युत कटौती प्रात: 5 :00 से 6 :30 तक काफी दिनों से चल रही है बहराइच से बिजली रहने पर परीक्षा के मद्देनजर प्रात: 5 :00 बजे की कटौती मुक्त किया जाएगा इसके एवज में दिन में कटौती कर ली जाएगी।

# कांग्रेसियों का प्रदर्शन, हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की हो जांच

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने सोमवार एलआईसी कार्यालयों के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने कहा कि आम भारतीय की कीमत पर अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से मध्यम वर्ग चिंतित है।

मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निदेशकों एल.आई.सी. के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अडानी समूह में निवेश किया है और पिछ्ले कुछ दिनों में एल.आई.सी. के 30 करोड़ पॉलिसीधारकों और निवेशकों को 33.000 करोड़ का नुकसान हुआ है भारतीय स्टेट बैंक और अन्य भारतीय बैंकों ने अडानी समूह को भारी मात्रा में ऋण दिया है। अडानी समूह पर भारतीय बैंकों का लगभग 80,000 करोड़ बकाया है। कांग्रेस पार्टी कभी भी किसी खास भारतीय कॉर्पोरेट घराने के खिलाफ नहीं रही है, हम कोनी कैपिटलिज्म (घोर पूजीवाद के खिलाफ है। हम चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए नियम बदलने के विचार के खिलाफ है। हम हमेशा गरीब और आम आदमी के साथ और रहेंगे। सभी ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के तहत हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की विस्तार से निष्पक्ष जाँच की जाए। एलआईसी, एसबीआई और अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के जबरदस्त निवेश पर संसद में चर्चा की जानी चाहिए और निवेशकों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। इस अवसर पर डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. ए. एम सिद्दिकी, मेजर राणा शिवम सिंह, जय प्रकाश, अनिल सिंह, चौधरी अब्दुल मुईद, पं. विजय कुमार शर्मा, दिलीप शर्मा, शेख जकरिया शेखू, मुकुंद जी शुक्ल, हमजा शाहिद, हाजी महफूज, अमर नाथ शुक्ल, विपुल मिश्र, मो. फरीद हुसैन, तारिक बेग, हलीम अहमद, रमेश मिश्रा, मुबारक खान, पुत्तन खां, देवेन्द्र श्रीवास्तव, पुल्लू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ईओ के खिलाफ सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**जातिसूचक शब्द बोलने का आरोप, कहा- छुट्टी देने से किया मना**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद बहराइच के सफाई कर्मियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि रविवार को काम करने के बाद भी अवकाश मांगने पर ईओ अभद्रता करने के साथ जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। सभी ने प्रदर्शन के बाद नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।बहराइच नगर पालिका के कर्मचारी उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले सोमवार को जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर सभी ने अधिशाषी अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। संघ के महामंत्री मुकेश कुमार राकेश कुमार ने कहा कि रविवार को केरल के राज्यपाल के आगमन को लेकर सभी ने कार्य किया।अवकाश के दिन काम करने के बाद भी जब कर्मी अवकाश के लिए गए तो अधिशाषी अधिकारी बाल मुकुंद ने अपशब्दों का प्रयोग किया। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अवकाश देने से मना कर दिया। सभी का कहना है कि अब वह सभी कभी अवकाश के दिन काम नहीं करेंगे। प्रदर्शन और जुलूस के बाद सभी ने जिलाधिकारी डा दिनेश चंद्र को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय को सौंपा। इस दौरान राजेश कुमार, संदीप, सुनील, संतोष समेत सैकड़ों सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# जांचे परखे तभी खरीदें सामान : जिलाधिकारी

## डीएम की अध्यक्षता में भारतीय मानक ब्यूरो की संवेदीकरण कार्यशाला सम्पन्न

- दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी के समय गुणवत्ता का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए : डीएम



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी उत्पाद, दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी के समय गुणवत्ता का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए ताकि उच्च गुणवत्ता युक्त वस्तुओं का बाजार और सुदृढ बने। उन्होंने सरकारी खरीद में उच्च गुणवत्ता युक्त सामग्री के विक्रय को सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि टेंडर की शर्तो में ही इस प्रकार लिखा जाए कि आईएसआई मार्क के बिना कोई भी वस्तु स्वीकार न की जा सके।

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव आज भारतीय मानक ब्यूरो से संबंधित संवेदीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं थीं। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा व भारतीय मानक ब्यूरो के उपनिदेशक राजीव रंजन सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि गुणवत्ता को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, किसी भी वस्तु की खरीदारी में गुणवत्ता को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएसआई मार्क की गुणवत्ता युक्त वस्तुओं का ही खरीदने का प्रयास करें एवं भारतीय मानक ब्यूरो के जो निर्धारित मानक हैं, उनके प्रति स्वयं जागरूक होने के साथ साथ दूसरों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि इसके लिए ''बीआईएसकेयर'' ऐप डाउनलोड कर लिया जाना चाहिए तथा प्रत्येक वस्तु पर प्रकाशित आईएसआई द्वारा आवंटित मानक नम्बर से ऐप में जाकर किसी भी वस्तु की गुणवत्ता की जांच की जा सकती है। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि सरकारी खरीद में गुणवत्ता युक्त सामग्री के खरीद को सुनिश्चित बनाने के लिए आवश्यक है कि टेंडर की प्रक्रिया में तैयार किये जाने वाले फार्म आदि में प्रत्येक वस्तु का आईएसआई मार्क होना आवश्यक किया जाए।

# देश को खोखला करने की रची जा रही साजिश : कांग्रेस

- देश के सम्मान में कांग्रेस पार्टी उतरी मैदान में
- देश का पैसा अदानी ग्रुप की कंपनियों में लगाने का काम कर रही सरकार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सभी विपक्ष में बैठी राजनीतिक पार्टियां सत्ता पक्ष मैं बैठी भाजपा पार्टी को लगातार घेरती नजर आ रही है । इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार देश के उद्योगपति गौतम अडानी के ऊपर भारत के बैंकों के रुपए व खाते में हेराफेरी का आरोप लगा है, जिसके चलते रायबरेली जिले के कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर धरना प्रदर्शन व भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान ज्ञापन से संबोधित करते हुए जनता के जो पैसे बैंक में जमा है और बैंक से जो गौतम अडानी ने खेल किया है, उसको वापस किया जाए। धरने के दौरान केंद्र सरकार या मोदी सरकार को घेरते नजर आए।

### कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी करेगी जन आंदोलन

वही रायबरेली कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष की माने तो केंद्र में बैठी भाजपा सरकार गौतम अडानी को भारत का पूरा पैसा नंबर दो के तरीके से दे रही है ।स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक व भारतीय जीवन बीमा निगम बैंकों में जनता ने जो पैसा अपना जमा किया था ,उसको केंद्र सरकार द्वारा अपने मित्र और चाहते गौतम अडानी को दिया गया है ,जो कि गलत है ।जब इस मामले की जानकारी कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को हुई तो उन्होंने पूरे मामले की जांच कराने की बात कही ,जिसमें जिला हवाली साफ नजर आ रही है ,तो कहीं ना कहीं भाजपा सरकार अपना हित देखते हुए अपने चहेते को इस तरह का कार्य करा रही है जो कि गलत है। जनता का पैसा है, जनता को ही मिलना चाहिए, अगर इस मामले पर कार्रवाई न की गई तो आने वाले समय पर कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन करेगी ।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर की ढुलाई मांगने पर हुई पिटाई

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बिंदा मजरे कोरिहरा गांव निवासी अरविंद यादव पुत्र संतराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए 2 लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है। उसने बताया कि ददरी निवासी आशीष पुत्र जगतपाल यादव और पूरे हाजी मजरे बहाई निवासी राहुल यादव ने उसे मारा-पीटा है ।साथ ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया है। मामला ट्रैक्टर की ढुलाई के लेनदेन को लेकर हुआ है। अरविंद की माने तो उक्त दोनों लोगों ने उसके ट्रैक्टर से मिट्टी ढुलाई कराई थी। पैसा मांगने पर मारा पीटा है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और चौकी इंचार्ज बहाई रमेश चंद्र जायसवाल मामले की विवेचना कर रहे हैं।

### उचक्के ने बुजुर्ग की जेब से उड़ाए रुपए

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा डलमऊ में एक बुजुर्ग अपनी पेंशन लेने के लिए पहुंचा काउंटर से पैसा लेने के बाद खराब नोट को बदलने के लिए वह लाइन में लगा हुआ था और रुपए जेब में रख लिया लाइन में लगे होने के चलते किसी अज्ञात युवक के द्वारा बुजुर्ग के जेब से ?14000 नकदी निकाल ली गई और उसे जानकारी नहीं हुई नोट बदलने के बाद जैसे ही उसने जेब में हाथ डाला तो पैसे गायब थे जिसकी जानकारी उसने तुरंत बैंक में तैनात शाखा प्रबंधक को दी गदागंज थाना क्षेत्र के पूरे लाऊ निवासी शीतल प्रसाद सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं बीते 2 फरवरी को वह बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा डलमऊ में पेंशन के पैसे निकलवाने के लिए गए हुए थे तभी उनके साथ घटना घटित हो गई घटना के तुरंत बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज खंगाले लेकिन कोई हल नहीं निकला बुजुर्ग शीतल प्रसाद के द्वारा डलमऊ पुलिस को मामले की लिखित तहरीर दी गई जिस पर आज सोमवार 6 फरवरी को डलमऊ पुलिस ने जांच उपरांत घटना से संबंधित मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि बुजुर्ग के साथ हुई घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है

### डम्पर की टक्कर से लोडर चालक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा रसूलाबाद के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी शकील 35 पुत्र नन्हा पिकअप लेकर हरदोई जनपद के कस्बा संडीला पेप्सी कंपनी में माल उतारकर वापस लौट रहा था अभी वह उन्नाव संडीला मार्ग पर कस्बा हैदराबाद हनुमान मंदिर के समीप पहुंचा ही था कि उन्नाव की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डम्फर ने जोरदार पिकअप में टक्कर मार दी जिससे शकील गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।

### सोशल मीडिया पर तमंचा लहराना पड़ा मंहगा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर युवक को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए जिसके खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर सुसंगत कार्यवाही की जा रही है। कुरसठ ग्रामीण के मजरा नादिरखेडा गांव निवासी रामू वर्मा पुत्र सूरजबली का सोशल मीडिया पर तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ था जिसको संज्ञान में लेते हुए मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़ लिया और तलाशी ली तो उसके पास से बारह बोर का अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए।

### घर में घुस चोरो ने पार की नकदी व कीमती सामान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोटवाली क्षेत्र में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार की रात चोरों ने फ़िर से एक घर पर हाथ साफकिया और पुलिस सोती रही। मोहल्ला गोताखोर निवासी राजा कुरैशी ने कोतवाली पुलिस को एक प्रार्थनापत्र देकर हवाला दिया है कि रविवार रात लगभग 2 बजे उसके घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। उसने बताया कि उसके घर में खूंटी पर टंगी पैंट से 20 हजार रूपया व एक कीपैड मोबाइल और लगभग 5000 कीमत की दीवार घड़ी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना का प्रार्थनापत्र गंगाघाट कोतवाली में देकर पुलिस से खुलासे की मांग की है।

### गजियाखेड़ा गोलीकाण्ड : एसपी की चौखट पर पहुंचा आरोपी पक्ष

- फर्जी फंसाने का लगाया आरोप, न्याय की गुहार

उन्नाव। बीते शुक्रवार को गंगाघाट कोतवाली के ग्राम गजियाखेड़ा में हुए गोलीकांड का मामला गहराता जा रहा है। सोमवार को आरोपी पक्ष के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण सहित उसके परिजन उन्नाव एसपी ऑफिस पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बेटे को फर्जी मुकदमे में फंसाया जा रहा है। थाना गंगाघाट में मेरे बेटे पर 307 का मुकदमा पुलिस द्वारा दर्ज किया गया। आरोपी कुंवर पाल के परिजनों ने बताया कि संजय निषाद ने खुद को गोली मारी और नाम मेरे बेटे का लेकर प्रार्थनापत्र दिया। आरोपी पक्ष कुंवर पाल के पिता ने बताया कि हमें न्याय चाहिए। हमारे बेटे को षड्यंत्रकारियों द्वारा फंसाया जा रहा है। आरोपी कुंवर पाल की बहन ने बताया कि जिस वक्त यह घटना हुई मेरा भाई मौके पर ही मौजूद नहीं था। वह बांगरमऊ में था और एक भाई मेरे साथ घर में था। उसने बताया कि यह पुरानी रंजिश का मामला है जिसमें मेरे भाई को फर्जी फंसाया जा रहा है। उक्त प्रकरण में अपर पुलिस अधीक्षक शशी शेखर ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच चल रही है।

# एसपी ऑफिस में शव रखकर धरने पर बैठे परिजन

- अभय सिंह हत्या कांड में मामा समेत 4 पर दर्ज हुआ मुकदमा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास उस समय अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया जाओ एक भारी भीड़ का जत्था पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने इकठ्ठा हो गया और उन लोगों के साथ एक मृत व्यक्ति का शव भी साथ में था।

मामला रायबरेली जिले के गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के सिरसा घाट का है ।जहां पर लकड़ी के व्यापार को लेकर 5 पार्टनर में पैसे का बंटवारा होना था जिसको लेकर के आपस में कहासुनी में विवाद हुआ। जिसके चलते हरचंदपुर निवासी अभय सिंह से 2 दिन पहले जमकर मारपीट हुई ,मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल अभय सिंह को इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया । इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई जिसके चलते मामले ने तूल पकड़ लिया बीती रात मृतक के परिजनों ने शव को लेकर थाने का घेराव किया और संदिग्ध चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराते हुए गिरफ्तारी की मांग की ।थाने के अधिकारियों द्वारा उचित कार्यवाही न करने के विरोध में आज एसपी ऑफिस पहुंचे मृतक के परिजनों के द्वारा शव को एसपी ऑफिस के सामने रखकर धरना प्रदर्शन किया गया और हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई।

### क्या कहना है अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव का...

अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली की मानें तो बीती रात गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरसा घाट के पास कामकाज के लेनदेन को लेकर मामा और भांजे के बीच विवाद हुआ था ।जिसको लेकर युवक की हत्या कर दी गई थी, जिसमें थाने में चार लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर ली गई है, और एक की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली गई है ।न्याय को लेकर परिजनों द्वारा भारी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव भी किया गया लेकिन समझा-बुझाकर उन्हें वापस किया गया है।

# हनुमंत प्रताप सिंह ने 258 प्रशिक्षुओं को टूल किट व प्रमाण पत्र वितरित किए

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत शिवगढ़ ब्लाक मुख्यालय में चल रहे दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के पहुंचे मुख्य अतिथि रुप में ब्लॉक प्रमुख हनुमंत प्रताप सिंह ने 258 प्रशिक्षुओं को टूल किट व प्रमाण पत्र वितरित किए।

बताते चलें कि शिवगढ़ विकास क्षेत्र के 43 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्लंबर, राजगीर, इलेक्ट्रिशियन मोटर मकैनिक, सहित अन्य 6 पद तैनाती की जाएगी। यह सरकार द्वारा मानदेय भी दिया जाएगा।दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षु ही इन पदों पर नियुक्त किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह प्रधान प्रतिपाल रावत,प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह, प्रधान नारेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### इंटरमीडिएट विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स की शाखा न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू के प्रांगण में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक शशिकांत शर्मा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्रबंधक व विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह एवं उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया7 सरस्वती मां की पूजा के पश्चात कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने अतिथि एवं कक्षा -12 के छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कक्षा -11 के छात्र- छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा -11 की छात्रा अनन्या सिंह, ईशा श्रीवास्तव, नबा रहमान व वैशाली के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सर्वप्रथम शांभवी, जाह्नवी, गीतांजलि व अनामिका त्रिपाठी के द्वारा प्रबंधक महोदय व अन्य सभी का स्वागत गीत के माध्यम से उनका स्वागत व अभिनंदन किया, रिचा के द्वारा पोएट्री प्रस्तुत की गई तथा माही, स्वाति, रिचा, सूर्यांश, कशिश ने एक म्यूजिकल एक्ट प्रस्तुत किया तथा कुछ छात्र - छात्राओं के द्वारा नृत्य व गीत प्रस्तुत किए गए7 कक्षा -12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ विद्यालय की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई।

# महराजगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष और महामंत्री का मतदान हुआ संपन्न

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



सोमवार को महराजगंज तहसील परिसर में संपन्न हुए महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज के अध्यक्ष और महामंत्री का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतगणना में वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी 68 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी चंद्रोदय सिंह 45 मत को 23 मतों के अंतर से पराजित कर दिया।

वहीं एकमत अवैध पाया गया। जबकि महामंत्री के चुनाव में पंकज प्रकाश श्रीवास्तव को भी 68 मत मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी सुखई प्रसाद राजपूत 44 मत को 24 मतों के अंतर से पराजित किया। यहां दो मत अवैध पाएगए। तहसील परिसर में आज भारी गहमागहमी रही। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद त्रिपाठी की अध्यक्षता में निर्वाचन पैनल जिसमें पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष शिवसागर अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव और सतीश चंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में मतदान और मत गणना की प्रक्रिया संपन्न हुई। कुल 117 मतदाताओं में 114 ने मतदान में हिस्सा लिया। दोपहर बाद 3:30 बजे मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई। मतगणना पूरी होने के बाद नतीजे घोषित कर दिए गए। इसके पश्चात अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष पद के विजेता विद्यासागर अवस्थी और महामंत्री पंकज प्रकाश श्रीवास्तव को फूल मालाओं से लाद दिया तथा संगठन जिंदाबाद के नारे भी बुलंद किए गए।

### पत्नी ने ससुराली जनों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चिकमंडी लालगंज में ब्याही एक महिला ने अपने ससुराली जनों के खिलाफ उसके साथ गाली गलौज, मारपीट सहित जान से मारने की धमकी देने का मामला कोतवाली पुलिस में दर्ज कराया है। पीड़ित महिला सलमा पत्नी हाशिम ने पुलिस को बताया कि उसका मायका ग्राम हड़हा थाना अचलगंज जिला उन्नाव में है। उसका अपने पति हासिम से घरेलू संबंधों को लेकर दीवानी न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। सुलह समझौते के लिए उसके पति हाशिम ने झांसे में लेकर उसे लालगंज बुलाया और उसके साथ मारपीट की घटना कारित की। उसके साथ मारपीट करने वालों में आलिया पत्नी हामिद ,आमिना पत्नी राशिद और सदरुन पुत्र वाहिद भी शामिल था। मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला सलमा का मेडिकल कराकर आरोपी गणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना एस आई सुनील कुमार को सौंपी गई है।

### किशोरी को बहला-फुसला भगा ले जाने का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक पड़ोसी गांव की किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पिता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है। बीते 3 जनवरी को बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी निवासी सचिन पुत्र रामपाल पड़ोसी गांव की 13 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने अब तक इधर-उधर अपनी पुत्री की खोज की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। आज किशोरी के पिता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पिता ने आरोपी सहित उसकी मदद करने वाले तीन परिजनों को भी रिपोर्ट में शामिल किया है। पुलिस किशोरी को बरामद करने और आरोपी को दबोचने के लिए सुराग लगाने में जुटी है।

# केक काटकर मनाया बालिका जन्मोत्सव



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत निदेशक महिला कल्याण उप्र द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं द्वितीय सोमवार को कन्या जन्मोत्सव मनाए जाने के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने जिला महिला चिकित्सालय में नवजात बालिकाओं के साथ केक काटकर बालिका जन्मोत्सव मनाया जिसमें 28 बालिकाओं को बेबी केयर किट एवं वस्त्र वितरित किए गए। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा में 10, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में 6, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अचलगंज में 10 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में 10 नवजात बालिकाओं के साथ कन्या जन्म उत्सव मनाकर बेबी केयर किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ0 संजू, महिला कल्याण अधिकारी प्रीति, केस वर्कर प्रिया शुक्ला एवं अन्य कर्मचारीगण व बालिकाओं के माता-पिता उपस्थित रहे।

# उत्तम से सर्वोत्तम बनेगा उत्तर प्रदेश : नन्दगोपाल नन्दी





- तीन मंत्रियो ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का किया शुभारम्भ

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तर पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का आयोजन अरोड़ा रिसार्ट परिसर में किया गया। जिसका शुभारंभ औद्योगिक अवस्थापना मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एंव निर्यात प्रोत्साहन मंत्री कैबिनेट मंत्री राकेश सचान एवं परिवहन मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने किया।

जनपद स्तर पर आयोजित इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर मंत्री नन्दगोपाल 'नन्दी' ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्ष 2017 से 2022 तक की यात्रा में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है अब सर्वोत्तम प्रदेश बनने की श्रेणी में है। जनपद को शासन द्वारा 3000 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 26000 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में उपस्थित एम0एस0एम0ई0 मंत्री राकेश सचान द्वारा निवशकों को प्रदान की जा रही सभी विभागों की 72 घंटे के अंतर्गत संबंधित विभागों से एनओसी की सुविधा सिंगल विण्डो सिस्टम अर्थात निवेश मित्र पोर्टल के बारे में सभी निवेशकों को अवगत कराया गया जिसके माध्यम से उद्यमी किसी भी विभाग से संबंधित कोई भी अनापत्ति 72 घंटे में प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही उन्होंने यह बताया कि जनपद में लगभग 600 से अधिक एम0एस0एम0ई0 इकाईयॉ है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा निवेश होगा उतना ही लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार की प्राप्ति होगी। इसके अलावा मंत्री जी ने बताया कि उन्नाव की स्थिति ऐसी है कि यहॉ पर निवेश की अधिक से अधिक संभावनाए है। ये दो महानगरों के बीच स्थित है तथा यूपीसीडा के औ. क्षेत्रों में नये निवेशकों को भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी तथा उनके द्वारा निवेशको का स्वागत किया गया कि वे जनपद में वेयर हाउजिंग, लॉजस्टिक विनिर्माण इत्यादि क्षेत्रों में अधिक से अधिक निवेश करें। प्रभारी मंत्री द्वारा उद्यमियों से अधिक से अधिक विनिवेश की अपील की गई है। कार्यक्रम में लगभग 200 उद्यमी/निवेशक उपस्थित रहे तथा विभिन्न विभागों तथा उद्यमियों द्वारा स्टाल के माध्यम से भी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका अतिथियो ने अवलोकन कर प्रशंसा की। डीएम अपूर्वा दुबे द्वारा सभी निवेशकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि जनपद में किसी भी निवेशक को अपने प्रोजेक्ट को प्रारंभ करने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा तथा उनकी सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा जिस कारण विगत लम्बे समय से जनपद पूरे प्रदेश में निवेश मित्र में हमेशा शीर्ष पायदान पर रहता आया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह एवं विधायक पंकज गुप्ता, अनिल सिंह, बम्बालाल दिवाकर, बृजेश रावत एवं श्रीकांत कटियार के साथ एमएलसी रामचंद प्रधान, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा, मुख्य विकास अधिकारी ॠषिराज, अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सुश्री नूपुर गोयल, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग करूणा राय सहित उद्यमी आदि उपस्थित रहे।

### इन कम्पनियों ने किया इन्वेस्ट

इनवेस्टर सम्मिट में प्रतिभाग करने वाली प्रमुख कंपनिया मे0 लैण्ड मार्क होटल ग्रुप 740 करोड़, मे0 आनंद बिल्डर्स ग्रुप 3000 करोड़, मे0 एम्बीशन बेवरेजेस प्रा0लि0 2500 करोड़, मे0 रिमहिजयम इस्पात लि0 2000 करोड़, मे0 आर0एच0एल0 500 करोड़, मे0 जय जगदम्बा मेललायस 155 करोड़ एवं मे0एच0एल0 फिल्मस इण्डिया प्रा0लि0 250 करोड़ का निवेश करने वाली प्रमुख कंपनिया रहीं।

# विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटका मिला शव

- पिता ने दहेज में 6 लाख की मांग पूरी न होने पर लगाया हत्या का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ नगर के मोहल्ला गणेशगंज में आज सुबह विवाहिता का शव उसकी ससुराल के घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटका पाया गया। मृतका के पिता ने दहेज में 6 लाख रुपए दे पाने में असमर्थ होने के चलते पुत्री के पति सहित अन्य ससुरालीजनों पर जबरन फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

मोहल्ला गणेशगंज निवासी महेश कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता की 28 वर्षीय पत्नी मानसी गुप्ता उर्फ शैली गुप्ता का शव आज उसके किराए के घर में संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। पति ने घटना की सूचना पुलिस सहित पत्नी के मायके के लोगों को दी। सूचना मिलते ही मृतका के पिता उन्नाव सदर कोतवाली अंतर्गत ग्राम दोस्तीनगर निवासी हरिकृष्ण गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामगोपाल गुप्ता अपने परिवार के कई सदस्यों के साथ अपनी पुत्री के ससुराल आ धमके। मृतका का एक डेढ़ वर्षीय पुत्र कुशाग्र है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता का शव नीचे उतरवाकर पंचनामा किया और शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा। मृतका के पिता हरीश गुप्ता ने ससुरालीजनों पर उसकी पुत्री को जबरन फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर में पिता ने कहा है कि उसने बीते 10 जुलाई 2018 को अपनी पुत्री शैली गुप्ता की शादी अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज देकर हिंदू रीति रिवाज के साथ मोहल्ला पन्नी टोला निवासी महेश गुप्ता के साथ की थी। अब महेश गुप्ता अपने परिवार के साथ नगर के ही मोहल्ला गणेशगंज स्थित किराए के मकान में रहते हैं। शादी के बाद ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और उसकी पुत्री पर मायके से 6 लाख रुपए लाने के लिए दबाव बनाने लगे। यह बात उसने अपने पिता से भी बताई थी। तब पिता हरिकृष्ण गुप्ता रुपए का इंतजाम करने में जुट गया। आज उसे खबर मिली कि ससुरालीजनों ने जबरन फांसी पर लटका कर उसकी पुत्री शैली गुप्ता की हत्या कर दी है। तहरीर में मृतका के पिता ने पति महेश गुप्ता सहित सास सरला देवी, जेठ सुशील गुप्ता, जेठानी पूजा गुप्ता और ननंद शिवानी गुप्ता को नामजद किया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# भारतीय-अमेरिकी साझेदारी

बीते सप्ताह वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के बीच क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी यानी आईसीईटी पर हुई पहली बातचीत वक्त की जरूरतों के अनुरूप ही है। भारत और अमेरिका के बीच इस सहयोग की शुरुआत मई, 2022 में टोक्यो में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की घोषणा के बाद की गई है। दरअसल, चीन की तकनीक संचालित विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं की पृष्ठभूमि में भारत व अमेरिका रणनीतिक प्रौद्योगिक साझेदारी व रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के बारे में गंभीर पहल कर रहे हैं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा गया है कि दोनों ही देश आपसी विश्वास से सुरक्षित प्रौद्योगिकी के जरिये पारिस्थितिकी तंत्र के अनुरूप कदम उठा रहे हैं। विश्वास व्यक्त किया गया है कि यह सहयोग दोनों देशों के लोकतांत्रिक मूल्यों व संस्थानों को और मजबूती देगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौजूदा चुनौतियों के बीच खुफिया, निगरानी व टोही अभियान रक्षा तैयारियों का अभिन्न हिस्सा हैं। जो भारत व अमेरिका के बीच तीन अरब डॉलर के अत्याधुनिक ड्रोन सौदे के शीघ्र मूर्त रूप दिये जाने की आवश्यकता दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि इसके क्रियान्वयन पर पिछले पांच वर्ष से काम चल रहा है। निःसंदेह, ये ड्रोन वास्तविक नियंत्रण रेखा तथा हिंद महासागर में निगरानी तंत्र को मजबूत करने में सहायक होंगे, खासकर उन इलाकों में जहां चीन अपनी ताकत दिखाता रहा है। उल्लेखनीय है पिछले दिनों अमेरिका के सीमा क्षेत्र में उड़ने वाले चीनी निगरानी गुब्बारे को लेकर खासा विवाद हुआ, जिसे बाद में अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने जमींदोज कर दिया। दरअसल, इसी निगरानी गुब्बारे प्रकरण के विरोध में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपनी बीजिंग यात्रा भी स्थगित कर दी थी। ऐसे साम्राज्यवादी चीन के पड़ोसी होने के कारण भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर किसी तरह की ढिलाई नहीं करनी चाहिए। पिछले दिनों हिंद महासागर व श्रीलंका के तट पर चीन के एक खुफिया समुद्री जहाज को लेकर भी खासा विवाद हुआ था। जिसको लेकर चीन का दावा था कि वह जहाज समुद्री क्षेत्रों में अनुसंधान के कार्य में लगा हुआ है। भारत ने श्रीलंका के बंदरगाह पर इस चीनी पोत के रुकने पर आपत्ति व्यक्त की थी, लेकिन उसके बावजूद श्रीलंका सरकार ने उसे अपने बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दे दी थी। निःसंदेह, जैसे-जैसे युद्ध हाइटैक होते जा रहे हैं, भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेलीकॉम टेक्नोलॉजी, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग, जेट इंजन के को-प्रोडक्शन, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन बनाने और व्यावसायिक स्पेस लॉन्च जैसे क्षेत्रों में अमेरिकी सहयोग बढ़ाने की जरूरत महसूस हो रही है। निःसंदेह, ऐसा करके भारत साम्राज्यवादी चीन के मंसूबों का दमदार तरीके से प्रतिवाद करने में सक्षम बन पायेगा। इससे भारतीय सेनाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। निःसंदेह, एक बड़ी भू-राजनीतिक चुनौती का मुकाबला अमेरिका व भारत समान रूप से कर रहे हैं।

# विपक्ष का चेहरा बन पाएंगे राहुल!



तारकेश्वर मिश्र

**खबर है अब गुजरात से असम तक भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण निकाला जावेगा। अपने इस प्रयास में श्री गांधी की पहली सफलता तो ये कही जायेगी कि उन्होंने कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को लेकर व्याप्त अनिश्चितता पूरी तरह खत्म करते हुए यह स्थापित कर दिया कि वे ही पार्टी के चेहरे हैं और गांधी परिवार की विरासत के एकमात्र हकदार भी। जो लोग कुछ समय से उनकी बहिन प्रियंका वाड्रा को उनसे ज्यादा सक्षम साबित कर रहे थे उनकी बोलती इस यात्रा ने बंद कर रखी है। दूसरी बात ये कि राहुल उस आरोप से बरी हो गए कि वे चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए राजकुमार हैं इसलिए उनका जनता से न संपर्क है और न ही संवाद। पूरी यात्रा उन्होंने पैदल की और निर्धारित दूरी प्रतिदिन तय करते हुए अपनी प्रतिबद्धता और शारीरिक क्षमता प्रदर्शित की। लेकिन भारत जोड़ो का नाम सार्थक करने में वे कितने सफल रहे इसका आकलन आने वाले कुछ दिनों तक राजनीतिक विश्लेषकों को व्यस्त रखेगा। ये अनुमान शुरू में लगाया जा रहा था कि श्री गांधी इस यात्रा के जरिए समूचे विपक्ष को अपने साथ लाकर 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा के विरोध में मोर्चे को आकार दे सकेंगे किंतु कुछ फिल्मी हस्तियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावा केवल शिवसेना के आदित्य ठाकरे और अंत में उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के कोई बड़ा विपक्षी चेहरा उनके साथ न चला और न ही अपना समर्थन भेजा। शरद पवार, ममता बैनर्जी, के. चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल, सुखबीर सिंह बादल, ओमप्रकाश चौटाला, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, मायावती, जैसे नेताओं ने यात्रा को अनदेखा कर दिया। ऐसा लगता है बीच बीच में श्री गांधी का ये कहना उक्त नेताओं को नहीं पचा कि कांग्रेस को धुरी बनाकर ही अगले लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकता होनी चाहिए।**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पिछले दिनों श्रीनगर में खत्म हो गई। समुद्र के किनारे बसे कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यह यात्रा विभिन्न राज्यों से गुजरी। इसमें केवल राजस्थान में ही कांग्रेस की पूर्ण सत्ता है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उ.प्र, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब से होती हुई वह अपने गंतव्य श्रीनगर पहुंची। यात्रा में उनके साथ विभिन्न राज्यों से चुने गए कांग्रेस कार्यकर्ता अंत तक शामिल रहे जो उल्लेखनीय है। यात्रा की समाप्ति सकुशल हुई ये राहत का विषय है क्योंकि पंजाब और जम्मू कश्मीर सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील थे।

गैर कांग्रेसी राज्यों में भी यात्रा की सुरक्षा का अच्छा ध्यान रखा गया। हालांकि इक्का दुक्का दुखद घटनाएं हुई। कांग्रेस के एक सांसद पैदल चलते हृदयाघात से चल बसे तो पंजाब और कश्मीर में सुरक्षा प्रबंध थोड़े गड़बड़ाए भी। कांग्रेस ने इस यात्रा को आंदोलन का नाम दिया था जिसका मकसद घृणा और धार्मिक उन्माद मिटाकर लोगों को विभाजनकारी राजनीति के विरुद्ध एकजुट करना बताया गया। इसके साथ ही श्री गांधी जिस क्षेत्र से गुजरते वहां की स्थानीय समस्या पर भी लोगों से बात करते हुए अपना दृष्टिकोण रखते। धीरे धीरे उनकी टी शर्ट और बढ़ती दाढ़ी भी चर्चा में आने लगी। उत्तर भारत की सर्दी में भी वे टी शर्ट पहने रहे।

खबर है अब गुजरात से असम तक भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण निकाला जावेगा। अपने इस प्रयास में श्री गांधी की पहली सफलता तो ये कही जायेगी कि उन्होंने कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को लेकर व्याप्त अनिश्चितता पूरी तरह खत्म करते हुए यह स्थापित कर दिया कि वे ही पार्टी के चेहरे हैं और गांधी परिवार की विरासत के एकमात्र हकदार भी। जो लोग कुछ समय से उनकी बहिन प्रियंका वाड्रा को उनसे ज्यादा सक्षम साबित कर रहे थे उनकी बोलती इस यात्रा ने बंद कर रखी है। दूसरी बात ये कि राहुल उस आरोप से बरी हो गए कि वे चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए राजकुमार हैं इसलिए उनका जनता से न संपर्क है और न ही संवाद। पूरी यात्रा उन्होंने पैदल की और निर्धारित दूरी प्रतिदिन तय करते हुए अपनी प्रतिबद्धता और शारीरिक क्षमता प्रदर्शित की। लेकिन भारत जोड़ो का नाम सार्थक करने में वे कितने सफल रहे इसका आकलन आने वाले कुछ दिनों तक राजनीतिक विश्लेषकों को व्यस्त रखेगा।

ये अनुमान शुरू में लगाया जा रहा था कि श्री गांधी इस यात्रा के जरिए समूचे विपक्ष को अपने साथ लाकर 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा के विरोध में मोर्चे को आकार दे सकेंगे किंतु कुछ फिल्मी हस्तियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावा केवल शिवसेना के आदित्य ठाकरे और अंत में उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के कोई बड़ा विपक्षी चेहरा उनके साथ न चला और न ही अपना समर्थन भेजा। शरद पवार, ममता बैनर्जी, के. चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल,



सुखबीर सिंह बादल, ओमप्रकाश चौटाला, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, मायावती, जैसे नेताओं ने यात्रा को अनदेखा कर दिया। ऐसा लगता है बीच बीच में श्री गांधी का ये कहना उक्त नेताओं को नहीं पचा कि कांग्रेस को धुरी बनाकर ही अगले लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकता होनी चाहिए।

यात्रा के समाचार माध्यम प्रभारी जयराम रमेश ने अनेक अवसरों पर दोहराया भी कि कांग्रेस को सभी राज्यों में अपनी ताकत पर लडने की तैयारी करनी चाहिए। हालांकि पूरी यात्रा के दौरान राहुल ने भाजपा और रास्वसंघ की आलोचना में कोई कसर नहीं छोड़ी। साथ ही हिंदू धर्मस्थलों पर जाकर भाजपा को चिढ़ाने के अलावा पौराणिक प्रसंगों का उल्लेख कर अपने को अध्ययनशील प्रमाणित करने का प्रयास भी किया। फिर भी क्या पांडवों ने नोट बंदी की थी और क्या उन्होंने जीएसटी लगाया जैसे मुद्दे छेड़कर वे हंसी का पात्र भी बने।

इसी तरह बात बात में ये कहना कि वे भाजपा और संघ से नफ़रत नहीं करते और फ़िर उन्हीं के विरुद्ध पूरी यात्रा को केंद्रित रखना विरोधाभासी लगा। यात्रा के जरिए श्री गांधी की पप्पू वाली छवि को बदलने का प्रयास भी सुनियोजित तरीके से किया गया किंतु पूरी सतर्कता के बावजूद वे अनेक अवसरों पर पुरानी गलतियां दोहराने से बाज नहीं आए। भले ही कांग्रेस इस यात्रा के पीछे की सोच को किसी भी रूप में पेश करे लेकिन इसका उद्देश्य श्री गांधी को प्रधानमंत्री के समकक्ष खड़ा करते हुए शेष विपक्ष को उनका नेतृत्व स्वीकार करने हेतु बाध्य करना ही था। लेकिन अब ये कहना गलत नहीं होगा कि विपक्ष के छोटे से हिस्से को छोड़ बाकी छत्रपों ने इस यात्रा को जरा भी तवज्जो नहीं दी। और तो और इसी बीच कांग्रेस के अनेक प्रादेशिक नेता पार्टी छोड़ गए।

राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को यात्रा के दौरान युद्धविराम हेतु राजी किया गया किंतु ज्योंही श्री गांधी ने राजस्थान छोड़ा दोनों में टकराव होने लगा। दरअसल यात्रा की शुरुआत में ही अपशकुन हो गया जब श्री गहलोत द्वारा गांधी परिवार की मंशा ठुकराते हुए कांग्रेस अध्यक्ष बनने से इंकार के साथ ही राजस्थान की गद्दी श्री पायलट को सौंपने से मना करते हुए केंद्रीय पर्यवेक्षकों को बेइज्जत कर लौटा दिया। उसके बावजूद जब मुख्यमंत्री समर्थित विधायकों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अजय माकन ने महामंत्री पद छोड़ दिया। और भी ऐसी घटनाएं इस दौरान हुई जब पार्टी नेतृत्व विशेष रूप से गांधी परिवार असहाय नजर आया।

संभवतः यही देखकर गैर भाजपाई विपक्ष के नेताओं ने यात्रा से दूरी बनाकर चलने का रास्ता चुना। हालांकि राहुल राष्ट्रीय नेता के रूप में अपनी जगह बनाने में काफी हद तक सफल रहे जो उन्हें दूसरे विपक्षी नेताओं से कुछ ऊपर। रखने में सहायक होगी। दिग्विजय सिंह द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक पर संदेह व्यक्त किए जाने पर बिना देर किए उनकी बात का विरोध कर देना इसका प्रमाण था। लेकिन ये भी उतना ही सही है कि ममता, अखिलेश, केसीआर जैसे क्षेत्रीय छत्रप उनकी रहनुमाई शायद ही स्वीकार करेंगे क्योंकि कांग्रेस उनके राज्य में अपना हिस्सा मांगे बिना नहीं रहेगी जो उन्हें स्वीकार्य नहीं होगा। बावजूद इसके इतना कहा जा सकता है कि श्री गांधी ने कांग्रेस में सक्रियता बढ़ा दी है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली जीत ने भी कांग्रेस की जरूरत को स्पष्ट कर दिया है। यदि इस साल होने वाले मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक के चुनावों में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करती है तो राहुल गांधी की 2024 की दावेदारी को और ज्यादा मजबूती मिल जाएगी।

जिस उत्साह से पार्टीजन उनकी यात्रा से जुड़े उसकी वजह से जी 23 नामक असंतुष्ट गुट पूरी तरह नेपथ्य में धकेल दिया गया। अध्यक्ष के चुनाव में मल्लिकार्जुन खडगे की शशि थरूर पर बड़ी जीत ने भी गांधी परिवार के वर्चस्व को साबित कर दिया किंतु यात्रा के समापन के ठीक पहले केरल के कद्दावर नेता और गांधी परिवार के करीबी ए.के.एंटोनी के बेटे का कांग्रेस छोडना भावी खतरों की तरफ इशारा भी है। बहरहाल श्रीनगर में राष्ट्रध्वज फहराकर लौटे राहुल निश्चित रूप पहले से ज्यादा आत्मविश्वास से भरे होंगे। लेकिन इसका कितना लाभ कांग्रेस को मिलेगा ये इसी वर्ष होने जा रहे विधानसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट हो जाएगा। भारत में चुनाव अकसर चेहरे पर आकर ठहर जाते हैं। लोग मुद्दों से ज्यादा चेहरे को महत्त्व देते हैं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव इस बात के बड़े प्रमाण हैं कि देश की जनता मुद्दों से ज्यादा चेहरे को अहमियत देती है। ऐसी परिस्थिति में यदि विपक्ष मोदी के सामने कोई मजबूत चेहरा पेश करने में सफल रहता है तो उसकी राह कुछ आसान हो सकती है।

**लेखक उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतन्त्र पत्रकार हैं।**

विचार

# जीना इसी का नाम है...

कहते हैं कि अपने लिए जिए तो क्या जिए? मजा तो यह है दूसरों के लिए जिया जाए। इन दो वाक्यों से हटकर अगर कोई यह कहे कि अगर कोई व्यक्ति मर रहा हो और वह मरते-मरते दूसरों के नाम अपनी जिंदगी कर जाए तो इसे क्या कहेंगे? मेरा मानना है कि इसी का नाम आदर्श जीवन है। जीवन में आदर्श निभाने की बात करना और निभाना दो अलग-अलग बातें हैं लेकिन फरीदाबाद के पचास वर्ष के श्री बिजेन्द्र शर्मा जो एक्सीडेंट से बुरी तरह घायल होकर अस्पताल पहुंचा दिये गये तो उनके परिवार को खबर मिली कि हादसे में उनका ब्रेन डेड हो गया है, जल्दी अस्पताल पहुंचे। यह खबर परिवार के लिए बेहद चौंकाने वाली थी, होश उड़ा देने वाली थी। लेकिन परिवार के लोग उन्हें अस्पताल ले गए हालांकि बाद में उनकी मृत्यु हो गई। लेकिन मृत्यु से पहले दान और परोपकार की जो तस्वीर श्री बिजेंद्र शर्मा ने प्रस्तुत की वह दूसरों को नई जिंदगी देने वाली थी। कईयों को नई जिंदगी मिल गयी। जब ट्रामा सेंटर उन्हें पहुंचाया गया तो सिर में गंभीर चोट की वजह से उनका ब्रेन डेड हो गया था। मृत्यु सिर पर थी ऐसे में परिवार के लोगों को बताया गया कि आर्गन डोनेशन कर दिया जाये तो कईयों को जिंदगी मिल जाएगी। यह जानते हुए कि पूरा परिवार बेहद गमगीन था। लेकिन धैर्यशीलता और हिम्मत के साथ परिवार के लोगों ने उनका दिल, किडनी, लीवर और कार्निया डोनेट कर दिया। इस दान से दो मरीजों को किडनियां मिल गई और एक को लीवर मिल गया। यह एक नए जीवन की उन लोगों के लिए शुरुआत थी जिनके सिर पर हर पल मौत लटक रही थी। अब जो बाकी कार्निया बची थी उसे आंखों की रोशनी के लिए एम्स में राष्ट्रीय नेत्र बैंक को सौंप दिया गया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि श्री बिजेंद्र शर्मा सदा ही परोपकार में विश्वास रखते थे और परिवार ने देखा कि उनके अंग उस व्यक्ति को दान कर दिये जाएं जिनको सबसे ज्यादा जरूरत है और जब श्री बिजेंद्र शर्मा की जीवन लीला खत्म हो रही थी तब परिवार का इतना बड़ा फैसला लेना और धैर्यशीलता उन्होंने रखी तो भगवान ने उन्हें शक्ति दी तो आदमी अपनी जिंदगी के जाते-जाते दूसरों के लिए जब इतना बड़ा काम कर जाता है तो यह लगभग देहदान जैसा ही काम हुआ। मैंने अपने जीवन में ऐसे बहुत से लोग देखे हैं जिन्होंने देह दान करके दिखाया है। श्री बिजेंद्र शर्मा के केस में बड़ी बात यह थी कि उनके ऑरगन निश्चित समय में अलग-अलग अस्पतालों में पहुंचाए जाने थे तो ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने सड़क पर ग्रीन कॉरिडोर तैयार



करवाया और भारी ट्रैफिक के बावजूद सही वक्त पर ऑरगन को भिजवा दिया गया। मानवता के इस उदाहरण को सैल्यूट करना चाहिए। आज के जमाने में ऐसे लोग हैं जो दूसरों की मदद के लिए सोचते हैं। परोपकार की इस परिभाषा को हर कोई पढ़े तो सचमुच मानवीय रिश्ते और मजबूत हो जायेंगे वरना अगर रिश्तों को तार-तार करने वाले किस्सों का जिक्र किया जाए तो वह भी कम नहीं लेकिन हम इस मामले में केवल सकारात्मक सोच को रखना चाहते हैं जो कि विशुद्ध रूप से परोपकार पर आधारित है। जीवन में हादसा किसी के साथ भी हो सकता है लेकिन कोई आदमी बहुत कठिन दौर से गुजर रहा हो ऐसे में इतना बड़ा फैसला करना बहुत कठिन है और यह एक मानवता को समर्पित काम है और इसी शब्दों में इसी का नाम पुण्य है। इसमें कोई संदेह नहीं कि जीवन में बहुत चुनौतियां हैं लेकिन हौंसला रखना और हर किसी के लिए मदद करने की इच्छा, संकल्प और भावना ही सच्ची मानवता है। इसे निभाए रखने के लिए हर किसी को तैयार रहना चाहिए। कितने भी धार्मिक ग्रंथ पढ़ लीजिए या संतों की बातों पर गौर कर लीजिए या किसी भी धर्म की बात कर लीजिए हर कोई मानवता की सुरक्षा की बात करता है। मानवता के रिश्ते को निभाने की बात करता है। कोई भी धर्म इंसान को इंसान का खून बहाने की इजाजत नहीं देता है। दुनिया कितनी भी बड़ी हो लेकिन अच्छाई, नेकनामी और इंसानियत के सामने सब छोटे हैं। नेकनामी और परोपकार ही आदमी के जाने के बाद याद रखे जाते हैं। ऐसे लोग, ऐसे परिवार सम्मान के पात्र हैं। सच बात यह है कि आज परिवार, समाज, राष्ट्र और दुनिया को परोपकार की जरूरत है। परोपकार निभाने वाली की जरूरत है। आओ इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ें जिसमें यह कहा गया है अपने साथ-साथ दूसरों के लिए भी जिएं। अपने भले के साथ-साथ दूसरों के भले का भी ध्यान रखें और दूसरों को दुःख न पहुंचाएं और वक्त पड़ने पर जरूरतमंद की मदद करें। मानवता के इस रिश्ते को हमारा बारमबार नमन है।

साहित्य — झरोखा

## मैं तुम्हे चाहूंगी, तुम मुझे चाह लेना, काम आसान नहीं, पर निभा देना...

**शिल्पी कुमारी**



मैं तुम्हे चाहूंगी,
तुम मुझे चाह लेना,
काम आसान नहीं,
पर निभा देना।

मेरे क्रोध की तपिश में कभी तुम
जल जाना,
तेरे क्रोध की तपिश में कभी मैं
जल जाऊंगी,
आसान न होगा ये भी,
पर निभा देना।

मेरी बातों पे कभी तुम हंस देना,
तेरी बातों पे कभी मैं मुस्कुरा दूंगी,
जिंदगी ऐसी रही तो थोड़ी लंबी
चलेगी,
पर निभा देना।

कभी तुम मेरी ढाल बन जाना,
कभी मैं तुम्हारी हिम्मत बन
जाऊंगी,
थाम एक दूजे का हाथ,
सफर हसीन और पूरी हो जाएगी,
अगर न भी हुई,
तो भी निभा देना।



# राशिफल

**मेष :-** आपका दिन अस्वस्थता और व्यग्रता में बीतेगा। किसी का भला करने पर आप पर ही विपत्ति आ सकती है। किसी से पैसों का लेन-देन न करें और किसी को जमीन न दें।

**वृषभ :-** आपका दिन शुभ फलदायी रहेगा। धन-वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार में किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिजनों तथा मित्रों के साथ सुखद क्षणों का आनंद प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन :-** आज का दिन शुभ तथा अनुकूल होगा। कार्यालय में सहकर्मी तथा ऊपरी अधिकारियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं।

**कर्क :-** आज आप धार्मिक कार्य, पूजा-पाठ आदि में व्यस्त रहेंगे। धार्मिक स्थान की मुलाकात से आनंद प्राप्त होगा। परिवारजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह :-** आज आप को विपरित संयोग का प्रतिकार करना पड़ेगा। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। स्वास्थ्य बिगड़ने से आकस्मिक खर्च का प्रसंग आ सकता है। परिवारजनों के साथ संयमपूर्वक व्यवहार करें।

**कन्या :-** सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों में ख्याति या सम्मान प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण की खरीद भी हो सकती है। वाहनसुख प्राप्त होगा। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। पति-पत्नी के बीच घनिष्ठता बढ़ेगी।

**तुला :-** आज घर में सुख-शांति का वातावरण बने रहने से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कार्यालय में सहकर्मियों के साथ सहकारपूर्वक कार्य कर सकेंगे। कार्य में यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक :-** आपका दिन मध्यम फलदायी होगा। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता मिल सकती है। नए कार्यों का प्रारंभ आज न करें। आर्थिक आयोजन के लिए अनुकूल दिन होने से आपका परिश्रम फलदायी होगा।

**धनु :-** आज के दिन मन में उदासी छाई रहेगी। शरीर में स्फूर्ति तथा मन में प्रफुल्लितता का अभाव रहेगा। परिवारजनों के साथ तनाव के प्रसंग बनने से घर का वातावरण कलुषित रहेगा।

**मकर :-** आज का दिन नए कार्यो का प्रारंभ करने के लिए शुभ है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी, व्यापार तथा दैनिक हर कार्य में अनुकूल परिस्थिति रहने से मन मे प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कुंभ :-** आज किसी से अधिक विवाद न करने की सलाह गणेशजी देते हैं। धार्मिक कार्य में खर्च हो सकता है। पारिवारिक वातावरण बिगड़ सकता है। कार्य में असफलता मन में असंतोष तथा निराशा जगाएगी। इसलिए स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। निर्णयशक्ति का अभाव होगा।

**मीन :-** आप का दिन शुभ फलदायी है। उत्साह तथा स्वस्थता बनी रहेगी। नए कार्य के प्रारंभ के लिए दिन अच्छा है। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ भोजन का अवसर प्राप्त होगा।

# भारत माता की मिट्टी में भारतीय संस्कारों की स्वर्णिम खान



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

भारत में जन्मे मानव की अंतरात्मा कहीं न कहीं, कभी न कभी, भारतीय संस्कारों के मूल्यों को लेकर जागृत जरूर है या एहसास जरूर दिलाती है। उन विपरीत लोगों के दिल में कहीं ना कहीं कभी ना कभी जरूर आएगा कि हम गलत थे। बस यही प्रमाण मिल जाता है कि भारतीय मिट्टी में ही मानवीय संस्कारों की जड़ कूट-कूट कर भरी है। इसका जीता जागता उदाहरण हमने पिछले दो सालों में भारतीय संकटकालीन स्थिति कोरोना महामारी की पीक स्थिति में हमें देखने को मिली थी कि किस तरह अनेक सामाजिक संस्थाएं, पड़ोसी अनजान शख्स, इस संकटकालीन स्थिति में एक दूसरे का साथ देकर मानवता का परिचय दे रहे थे। इस आपातकाल के समय में हर भारतीय नागरिक का यह कर्तव्य हो गया था और अभी वर्तमान समय में उन विपरीत परिस्थितियों से सीख लेकर दिमाग ठंडा, दिल में रहम, जुबा नरम, आंखों में शर्म, जैसे मानवीय मूल्यों को सजगता, संयमता, सुदृढ़ता, सक्रियता, संकल्प के रूप में, सकारात्मकता के साथ, एक अनिवार्य कड़ी के रूप में अपनाना मानवीय मूल्यों को सजग रखने के लिए अनिवार्य हो गया है। विश्व में अगर माननीय संस्कारों, मानवीय मूल्यों, परोपकार, धार्मिक आस्था, करुणा, दया, दिल में रहम, जुबान नरम इत्यादि अनेक शब्दों से हम माननीय संस्कारों की व्याख्या कर सकते हैं जो भारत की मिट्टी में कूट-कूट कर भरी है। साथियों मेरा ऐसा मानना है कि भारत में जन्में व्यक्ति के अंदर दया दृष्टि, परोपकार, धार्मिक आस्था, सामाजिक सहयोग, इत्यादि अनेक गुण जरूर भरे होंगे। हालांकि इसके विपरीत बहुत कम प्रतिशत ऐसे लोग मिलेंगे। परंतु मैं विश्वास से कह सकता हूं कि उनमें भी बेसिक गुण आंतरिक रुप में रग रग में समाए हैं। बस जरूरत है उनका उपयोग करने की। साथियों आज हमारे पास अब अवसर है कि इन अनमोल मानवीय मूल्यों को अपने ऊपर हावी करें ताकि हमें भविष्य में इन माननीय मूल्यों का लाभ मिले। मानवीय जीवन में अनेक ऐसी विपरीत परिस्थितियां आती है जब काल रूपी विपत्तियां उस पर अटैक करती है, भविष्य में अगर किसी के ऊपर कोई निजी रूप से भी इस तरह के संकट की घड़ी आती है तो इन उपरोक्त मानवीय मूल्यों, संस्कारों, मंत्रों, के बल पर अपने निजी या व्यक्तिगत विपरीत परिस्थिति से जंग भी जीत सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिमाग ठंडा, रखने की करें तो सारी विपरीत परिस्थितियों विपत्तियों, आपातकाल परेशानियों, से जंग जीतने का यह कारगर और सटीक मंत्र है। दूसरे शब्दों में गुस्सा विपरीत परिस्थितियों का यह खाद पानी है। स्वाभाविक रूप से ऐसी मुश्किलों में मानव को गुस्सा आता ही है और अपना आपा खो बैठता है जो उसके इस मंत्र से हारने का कारण बनता है। मेरा मानना है कि हर अपराध का बेसिक कारण गुस्सा है जिसमें मनुष्य अपने आपे से बाहर होकर कुछ कर बैठता है फिर पछतावा होता है।

साथियों बात अगर हम दिल में रहम, की करें तो यह मंत्र भारतीय मिट्टी ने ही हमको दिया है।दूसरे की विपत्तियां, परेशानियां देख कर हमारे मन में मानवता जगती है, जिसमें उन विपत्तियों में घिरे लोगों की सहायता करने का भाव उत्पन्न होता है, जो हम अभी कोरोना काल में देख रहे हैं कि आज हर भारतीय एक दूसरे की सहायता करने उमड़ पड़े हैं कोई औपचारिक रूप से, तो कोई अनऔपचारिक रूप से याने छिपे रूप से सहायता कर रहे हैं, इसलिए हर मानव के दिल में रहम का भाव पालना नितांत आवश्यक व जरूरी है। साथियों बात अगर हम जुबा नरम, होने की करें तो यह मंत्र भी भारतीय मिट्टी से ही उत्पन्न संस्कारों से मिलता है मुंह से अल्फाज हमेशा मीठे निकालें, कटु अल्फाज हमेशा कटुता और दुश्मनी को बढ़ाने का काम करते हैं। जो कम से कम भारतीय तो कभी नहीं चाहेंगे। हमेशा मुंह से शब्द नापतोल के और सकारात्मक औचित्य में निकलना चाहिए। यह संबंधों को प्रगाढ़य और मधुर करने में अहम रोल अदा करता है। यह संस्कारों रूपी अस्त्र विश्व प्रसिद्ध है कि भारत की वार्ता, संबोधन शैली, संप्रेषण शैली, हमेशा सकारात्मक और अर्थपूर्ण होती है। अतः हर भारतीय नागरिक को इस मंत्र को आपातकालीन अवस्था में अपनाना अनिवार्य है। जिसमें भविष्य की सुरक्षा का बोध है।

साथियों बात अगर हम आंखों में शर्म की करें तो हम बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं कि गलत आदमी कभी भी आंख मिला कर बात नहीं कर सकता। सच्चाई पर चलने वाले ही सच्चे देशभक्त और पारदर्शिता पूर्ण व्यक्ति होते हैं। हम दो साल पहले कोरोना आपातकाल में देख रहे थे कि मानव के प्राणों की रक्षा करने वाले महत्वपूर्ण मेडिकल संसाधनों, ऑक्सीजन, रेमीडेसिविर इंजेक्शन, दवाइयां, वेंटीलेटर, कंसंट्रेटर इत्यादि संसाधनों की कालाबाजारी गैंग, महामारी के खलनायक, काम कर रहे थे? क्या वे किसी से आंखों में आंखें डाल कर बात कर सकते थे? जो दूसरे मनुष्य के प्राण की कीमत पर नाजायज धन उगाने का काम कर रहे थे। उनकी आंखों में भी शर्म कभी नहीं हो सकती। अतः यह जरूरी है कि हम ऐसा कोई अस्वस्थ, गैरमानवतापूर्ण और दूसरों को दुख पहुंचाने वाला कार्य नहीं पर हमें अपनी आंखों में सच्चाई, ईमानदारी, नैतिकता, के गुणों और शर्म को के मंत्र को भी अनिवार्य रुप से अपनाना है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत माता की मिट्टी में भारतीय संस्कारों की स्वर्णिम खान। भारत माता की मिट्टी में मानवीय संस्कारों का भंडार - हर नागरिक द्वारा इन संस्कारों का तात्कालिक उपयोग ज़रूरी। विश्व में अगर मानवीय संस्कारों, मूल्यों, परोपकार, धार्मिक आस्था, करुणा, दया, दिल में रहम की बात होगी तो भारत का नाम प्रथम आएगा।

मन के हारे हार है मन के जीते जीत।
मुश्किलें तुम्हारे दिन हैं तुम इतरा लो।।
हम भी भारतीय हैं यह सोच लो।
जंग हम ही जीतेंगे परिणाम तुम देख लो।।

**संकलनकर्ता लेखक- कर विशेषज्ञ स्तंभकार, गोंदिया, महाराष्ट्र।**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# खीरी में उत्साह, उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- नकहा में विधायक, महिला अस्पताल में सीडीओ ने मनाया कन्याओं का जन्मोत्सव

महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सोमवार को जिला महिला अस्पताल, सीएचसी पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए।

प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा में सदर विधायक योगेश वर्मा ने नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट का वितरण किया। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देश, समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाएं। बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। जिला महिला चिकित्सालय में सीडीओ



अनिल कुमार सिंह ने सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा, डीपीओ संजय निगम की मौजूदगी में नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावकों को कन्या जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट प्रदान की। इस दौरान प्रचार-प्रसार पंपलेट आदि वितरित किए। सीडीओ ने कहा कि बेटी के जन्म हमें उत्सव की तरह खुशियां मनानी चाहिए। पुरुषों के अनुपात में महिलाओं की संख्या बहुत कम है। आने वाले समय में इस अनुपात को बढ़ाना है और जब बेटी नहीं रहेगी तो बेटे की कल्पना नहीं की जा सकती है। बेटी घर की लक्ष्मी होती है। जिस घर में बेटी न हो तो घर सुहाना नहीं लगता। आज कल बेटी किसी से कम नहीं है। चाहे देश की रक्षा करने की जिम्मेदारी हो या घर की गृहणी हो, सभी कामों में पुरुषों से दो कदम आगे हैं। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक जैसी गांव में आयोजन भी किए जा रहे है। वही जिले के अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लाक प्रमुखों, सदस्यों, जनप्रतिनिधियो व एमओआईसी ने कन्या जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। बालिकाओं को बेबी किट बधाई पत्र मिष्ठान आदि का वितरण किया।

### जिलेभर में बेटियों के बचाने, पढ़ाने का लिया गया संकल्प

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिलेभर में बेटियों के बचाने, पढ़ाने का संकल्प लिया गया।सभी को संकल्प लिया कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे। कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे। समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे और इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन प्रदान करते रहेंगे।

## ब्लॉक संसाधन केन्द्र मोहम्मदी पर तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण संपन्न

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र मोहम्मदी पर तीन दिवसीय ज्ञ. रु रूप्रशिक्षण दिनांक 31 जनवरी, 1 ,2 फरवरी को प्रथम बैच तथा दिनांक 3,4,6 फरवरी 2023 को द्वितीय बैच खंड शिक्षा अधिकारी श्री अजय विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को टी0एल0 एम0 निर्माण से संबंधित समस्त जानकारियां विधिवत प्रदान की गई टी0एल0एम0कार्यशाला में स्टोरी कार्ड, लोगो ग्राफिक, भाषा बोर्ड, फ्लैश कार्ड, पिक्चर बोर्ड, पपेट , मुखौटा, क्रमबद्धता, चरणबद्धता इत्यादि का निर्माण प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को



अवगत कराया गया समस्त प्रतिभागियों ने अपने-अपने समूह के साथ बड़े ही रोचक ढंग से शानदार प्रस्तुति टी0 एल0 एम0 का प्रयोग करते हुए उत्साह पूर्वक अपने कार्यों से साझा किया कार्यशाला में प्रशिक्षकों में निशा शर्मा, पूजा चौधरी, रीता शर्मा, देवीचरण मिश्र, संजीव पाल, विजय कुमार, लोकेंद्र लवानिया, संतोष अवस्थी , महेंद्र गंगवार इत्यादि द्वारा पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्रदान किया प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था बीआरसी टीम द्वारा की गई ।

## खबरें एक नजर में

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का निर्वाचन आज

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह व मंत्री हरीश कुमार राठौर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में संयुक्त रूप से बताया कि परिषद का द्विवार्षिक निर्वचन/ चुनाव नवीन कार्यकारिणी के चयन हेतु 7 फरवरी को आकांशा रिसोर्ट में संपन्न होगा। जिसमें संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन के चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री व सम्प्रेक्षक पर ही निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी।

### होमगार्ड जवान को रिटायर्ड होने पर दी गई विदाई

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कालपी तहसील क्षेत्र के महेवा बीहड पट्टी में जन्म लेने के बाद वर्षों होमगार्ड के पद पर सेवा देने वाले रामदीन निषाद के चुर्खी थाने से रिटा यार्ड होने पर सभी ने उन्हें नम आंखों से विदा किया और उन्हें व्यक्तितत्व का धनी बताया। मालूम हो कि रामदीन निषाद 1 जनवरी 1984 को होमगार्ड बने जो 31 जनवरी 2023 सेवानिवृत्त हुये थाना चुर्खी में विदाई समारोह के अवसर पर थाना प्रभारी समीर सिंह, एसएसआई, सीलवंत सिंह, एसआई रमाकांत तिवारी एसआई अनिल कुमार होमगार्ड निजाम खान कमल सिंह सत्यप्रकाश सतनाम धर्मेंद्र सुशील कुमार राम बहादुर मनीष कुमार सत्यनारायण कुलदीप सिंह साहब एडवोकेट शशि निषाद व पुलिस स्टाफचुर्खी भी मौजूद रहे।

### विवाहिता की हत्या में नामजद फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कुठौंद थाना पुलिस ने वादी गजेंद्र पाल सिंह पुत्र स्व. पर्वत सिंह निवासी ग्राम पलरा थाना उल्दन जनपद झांसी की तहरीर पर वादी की पुत्री काजल पत्नी मोहित सिंह निवासी ग्राम जमालीपुर थाना कुठौंद को ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज में बाइक व एक लाख रुपये नकद की मांग करने व न देने पर प्रताड़ित कर 2 फरवरी को गला घोंटकर हत्या कर देने के मामले में मुकदमा अपराध संख्या 23/2023 धारा 498ए, 304 बी भादवि व 3/4 द.प्र. अधिनियम में दर्ज हुआ था। इसके बाद से नामजद आरोपी फरार चल रहे थे। उक्त मामले में थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी, उप निरीक्षक राजेश सिंह, सिपाही रामू, कृष्णगोपाल, शांती देवी आदि ने वांछित आरोपियों की धरपकड़ अभियान के दौरान मोहित सिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह पुत्र स्व. चतुर सिंह व राधा उर्फरामलली पत्नी इंद्रपाल निवासीगण ग्राम जमालीपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार युवक हुआ घायल

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** स्कूल बस की टक्कर से बाइक से उरई जा रहा युवक घायल हुआ। एंबुलेंस से युवक को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गूढ़ा न्यामतपुर निवासी नितेश (24) पुत्र संतोष किसी काम के चलते बाइक लेकर अपने गांव से उरई जा रहा था। जैसे ही वह अकोढ़ी दुबे के पास पहुंचा तो गांव से निकल रही बस ने अचानक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# रामायण का अपमान करके सम्पूर्ण हिन्दूओं का अपमान किया : शिवसेना

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

शिवसेना की मासिक बैठक मे स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा रामायण पर दिया गया विवादित बयान व उनके समर्थकों द्वारा रामायण की कुछ प्रतिया जलाऐ जाने को लेकर सभी उपस्थित शिवसैनिको ने कडे शब्दो मे निन्दा की है तथा उत्तर प्रदेश सरकार से उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग जिला प्रमुख सन्तोष सिह ने की है।

बैठक मे उपस्थित शिवसैनिको में जिला प्रभारी सुशील शुक्ला, जिला महासचिव पं प्रमोद महाजन, जिला प्रवक्ता हनुमान मिश्रा, ब्यापार सेना प्रमुख रोशनलाल गुप्ता, जिला सचिव



जगदीश वर्मा, बृजेश जयसवाल, नकहा ब्लाक प्रमुख लालता सिह, बाके गंज ब्लाक प्रमुख गुडडी बर्मा, उप ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी, कुन्ती देवी, भवानी सेना नगर प्रमुख लखीमपुर लक्ष्मी देवी, सबित्री देवी,युवा सेना प्रमुख संदीप अवस्थी, जिलाउप प्रमुख राकेश बर्मा, बाकेगंज ब्लाक प्रमुख श्यामसुन्दर राज, जिला कार्यालय प्रमुख पवन मिश्रा, जिला सचिव चन्द्रभाल, सदस्य जिला कार्यकारणी रामसहाय आदि भारी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित होकर रोष व्यक्त किया।

## नगर में बिक रहा नकली सरसों का तेल

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में नकली सरसों तेल का कारोवार बेरोक टोक चल रहा है जिससे आम जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है मिलावटी विभाग सब कुछ जान बूझ कर आखे बन्द किए रहता है।

सूत्रों की माने तो यहाँ पर 80 रूपये प्रति लीटर से लेकर 100 रूपये प्रति लीटर तक सरसो का तेल मिल जाता है, प्रतिदिन कम से कम 10 हजार से लेकर 15 हजार लीटर तक का नकली सरसों का तेल बेचा जाता है, और खतरनाक केमिकल से ये सरसों का तेल बना कर बेचा जाता है, और आम जनता की जिनदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, वही नकली और मिलावटी खाने पीने वाली चीजे इस विभाग के शह पर बेची जा रही है।जब कभी जनपद से टीम सैंपल लेने के लिए आती है तो इन्हीं के गुरगे दुकान दारो को जानकारी देकर अपनी जिम्मेदारी अदा कर देते है मिलावटी तेल या अन्य चीजो से जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तथा बीमारियों को खुलेआम दावत दी जा रही है।

अब देखने वाली बात ये होगी की इस नकली तेल के व्यापारियो पर प्रशासन क्या कार्यवाही करता है, या विभाग की मिली भगत से यह खेल पहले जैसा ही चलता रहेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। मोहम्मदी के लिए यह बात नई नहीं है।

## विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा व यातायात को सुगम बनाने के दृष्टिगत एसपी ने दिये दिशा निर्देश

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (टी20) के शिखर सम्मेलन का आयोजन हमारे भारत देश में होगा, जिसकी अध्यक्षता हमारे भारत देश द्वारा ही की जानी सुनिश्चित है। इसमें जी20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के शीर्ष नेता जी20 एजेंडा के आर्थिक और दुनिया की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर जनपद लखीमपुर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री गणेश प्रसाद द्वारा थाना खीरी की चौकी ओयल पर नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को निरन्तर भ्रमणशील रहकर पर्यटन को अपराध मुक्त व यातायात को सुगम बनाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## दो बाइकें आपस में भिड़ी, घायलों को समाजसेवी ने पहुंचाया अस्पताल

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** माधौगढ़ कोतवाली के ग्राम सुल्तानपुरा के पास दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत में अटगांव की ओर से आ रहे 65 बर्षीय बुजुर्ग टिल्लू सिंह उर्फ मोहन सिंह निवासी अटगांव मुख्य मार्ग बंगरा माधौगढ बाले पर चढ़ रहे थे तभी धूता निवासी 32 बर्षीय दीपू कुशवाहा पुत्र छोटे सिंह कुशवाहा शादी समारोह में बंगरा की तरफ जा रहे थे तभी दोनों मोटर साइकिलें आपस मे टकरा गई जिसमें दोनों लोग घायल हो गए थे।

वहां से निकल रहे समाजसेवी प्रबल प्रताप ने जैसे ही सड़क पर घायलों को पड़ा देखा तो उन्होंने अपनी गाड़ी से घायलों को अस्पताल माधौगढ में भर्ती कराया वहां डॉक्टरों ने इलाज किया।

# 13 मार्च को सहारपुर से शुरू होगी व्यापारी स्वाभिमान यात्रा : डॉ. दिलीप

- 25 मार्च को जनपद में यात्रा आने पर होगा भव्य स्वागत : संतोष

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

उप्र उद्योग व्यापार मंडल वर्ष 2023 में अपनी स्थापना के 50 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसको दृष्टिगत रखते हुये व्यापार मंडल 6 से 28 फरवरी तक व्यापार मंडल व्यापारियों के प्रतिष्ठान कार्यक्रम के तहत अपने जिले के सभी नगर, तहसील, कस्बे की बाजार इकाइयों में आम व्यापारियों से संपर्क करेंगे। इसीक्रम में 13 मार्च से सहारनुपर से व्यापारी स्वाभिमान यात्रा की शुरूआत होगी जो पूरे प्रदेश में भ्रमण करेगी। उक्त बात उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री डा. दिलीप सेठ व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कही।

गहोई धर्मशाला में आयोजित वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि 13 मार्च से सहारनपुर से व्यापारी स्वाभिमान यात्रा चलकर 25 मार्च को जनपद के कुठौंद, मदारीपुर, जालौन होते हुये जिला मुख्यालय उरई में आयेगी इसके बाद वह एट का भ्रमण करेगी। यात्रा में एक डिजिटल रथ व सुझाव पेटी भी होगी जिसमें आम व्यापारी अपनी समस्याओं से संगठन को अवगत कराने का काम करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिन समस्याओं को व्यापार मंडल केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रियों के माध्यम से समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा। यात्रा का जनपद में भव्य स्वागत किया जायेगा साथ ही जिले के प्रमुख वरिष्ठ व्यापारियों,



समाजसेवियों को जिला इकाई द्वारा सम्मानित किया जायेगा। व्यापारी पितामह श्याम बिहारी मिश्रा की जयंती 8 मई को समूचे प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रथ यात्रा जो संपूर्ण प्रदेश का भ्रमण कर आयेगी उसका समापन होगा। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि सितंबर 2023 में कानपुर नगर में व्यापारियों का विशाल व्यापारी सम्मेलन होगा जिसमें 25 हजार व्यापारियों की सहभागिता होगी। उक्त सम्मेलन में केंद्र व प्रदेश के कई मंत्री मौजूद रहेंगे। इसके बाद 23-24 दिसंबर को बरेली जनपद में स्वर्ण जयंती वर्ष का समापन किया जायेगा जिसमें व्यापारी हितों में शहीद हुये व्यापारियों के परिजनों को व रथ यात्रा, व्यापारी सम्मेलन व स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनपदों के व्यापारियों को सम्मानित किया जायेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रांतीय संगठन मंत्री तरुण तिवारी, प्रदेश मंत्री हरीओम वाजपेयी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति बंसल, जिला महामंत्री मनीष शंकर अग्रवाल, नगराध्यक्ष मो. माजिद खान, जिला संगठनमंत्री बलवीर सोनी, जिला मंत्री गौरव हूका, रविन्द्र नीखरा, बलवीर सोनी, प्रदीप द्विवेदी, संजय रेजा, अरुण त्रिपाठी, हर्ष वर्धन, रवि सोनी, प्रदीप द्विवेदी, शांती गुप्ता सहित अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

# आंखों की देखभाल के प्रति रहे सजग : निर्मल वर्मा

**बिसवा (सीतापुर ), समृद्धि न्यूज।**

आँखे ईश्वर की सबसे बड़ी नियामत है, जिनकी देखभाल के साथ ही नेत्र ज्योति के लिए हमे लगातार सजग रहना चाहिए, क्यूकी इनके माध्यम से ही हम संसार को देख सुन और समझ सकते है उक्त उदगार विधायक निर्मल वर्मा ने आँख अस्पताल, इनरव्हील क्लब और रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा नगर मे आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये, उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह के नेत्र शिविरो का आयोजन सराहनीय पहल है ,इस क्रम को अनवरत जारी रखा जाना चाहिए , इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष रंजना शुक्ला ने क्लब द्वारा जनकल्याण के



लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य और नेत्र शिविरो के साथ ही कौशल विकास के विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, हमारा प्रयास है कि लोगो को नेत्रदान के प्रति भी जागरूक किया जाए। सीतापुर आंख अस्पताल मे नेत्र बैंक की स्थापना हो चुकी है, जिसके बाद हम लोगो का दायित्व् और बढ़ जाता है कि हम लोगो को नेत्रदान के लिए अधिकाधिक प्रेरित करें। कार्यक्रम निदेशक रेनू मेहरोत्रा ने इनरव्हील के विविध कार्यक्रमों के संबंध मे जानकारी दी।

इस अवसर पर एकता गुप्ता, सीमा जैन, कुसुम कपूर, सुचिता गुप्ता, मंजू गुप्ता, निधि सिंघल, अलंकृता शुक्ला, गुंजन सेठ, मीनाक्षी शर्मा, सुनीता गुप्ता मौजूद रही।

## रामचरित मानस सम्मेलन शुभारंभ से पूर्व निकाली शोभा यात्रा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को श्री रामचरित मानस समिति के तत्वाधान में शहर में मानस सम्मेलन के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा में आगे मातृ शक्ति कलश लिए हुऐ थीं पीछे राम जानकी रथ पर शोभायमान थी। रामजानकी रथ के पीछे अयोध्या से 1008 कमल नयन दास, ठड़ेश्वरी मन्दिर के सिद्धन महाराज, समिति के अध्यक्ष द्वारकादास दद्दू हरकौती, डॉ. सूर्य प्रकाश बुधौलिया, समिति के मंत्री लक्ष्मी बिश्नोई, बाबूराम दिबौलिया इंजीनियर गोविंद रेजा, बृजमोहन ऑडिटर महेश पांडे अजय इटौरिया, रामेश्वर दयाल रेजा, जीवनराम श्याम हरि डॉक्टर संतोष खरे राजेश बृधिया, घंटी डकोर, योगेंद्र पालीवाल मूलचंद छपरा रमाकांत, जय राम राजपूत, केदार भारद्वाज, गौरीशंकर वर्मा सदर विधायक, भूपेन्द्र टोनी, सहित सकड़ो लोग थे। शोभा यात्रा का नगर में पुष्प वर्षा के साथ फल वितरण किया। शोभा यात्रा क समापन रामलीला मैदान में हुआ जहा पर रामचरितमानस का सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। मानस सम्मेलन के वक्ता पंडित रामदयाल पांडे बनारस पंडित रामगोपाल तिवारी बांदा मानस मंदाकिनी चंद्र मिश्रा बनारस राजेश जी द्वारा प्रधानी के साथ मंच का संचालन करने वाले पंडित संतोष गौतम ने कहा श्रीरामचरित मानस सम्मेलन में अयोध्या से मनीराम छावनी के महं 1008 कमल नयन दास ने कहा भगवान श्री राम रामचरित्र का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# 48 घंटे के अंदर चोर पुलिस हिरासत में

- 36 पावर प्लेट बरामद
- सोलर प्लांट पर चोरी की घटना को दिया था अंजाम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपने कार्यों को सही ढंग से अमलीजामा पहनाने में लगे थानाध्यक्ष ने मुखबिर की सूचना पर 48 घंटे के अंदर सोलर प्लांट में सेंधमारी करने वाले चोरों को गिरफ्तार कर लिया। बल्कि पुलिस ने चोरों के पास से चोरी का शत प्रतिशत माल भी बरामद कर लिया।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन में 24 जनवरी व बीती 5 फरवरी को सौर ऊर्जा प्लांट से प्लेटो की चोरी



हुई थी।जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर, जाँच शरू कर दी थी। चोरी का खुलासा करने में लगे थानाध्यक्ष सोमवार को क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाने में लगे हुए थे। तभी चेकिंग दौरान एसओ अर्जुन सिंह ने मुखबिर की सूचना पर इटौरा चौराहे पर एक लोडर को रोक लिया। चेकिग के दौरान उसमे रखी 36 सौर ऊर्जा की प्लेट बरामद की। वही पुलिस ने लोडर पर सवार रामेश्वर पाल निवासी ग्राम कुनहेटा, विक्रम निषाद, ओमप्रकाश निषाद निवासीगण अल्मोडी डेरा, पवन निषाद को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि चोरी करने वाली प्लेटो को वह जंगल मे रखते थे। मौका मिलने पर उन्हें कबाड़ की दुकान में बेच देते थे। जिस पर पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले अमीर मंसूरी निवासी कगजीपुरा थाना कालपी को भी गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल चोरो के पास से शत प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया।

## वीरेंद्र तिवारी बने जिला अध्यक्ष तो पंकज भारतीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

यूपी श्रमजीवी पत्रकार एशोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज शर्मा ने सीतापुर जिले के पत्रकार बीरेंद्र तिवारी को जिला अध्यक्ष घोषित किया पंकज भारतीय,संजय पुरी को जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार त्रिवेदी जिला महासचिव ,ओमकार नाथ यादव, सतीश आर्य, तुषार मिश्रा जिला सचिव व प्रभाकर मिश्रा को सदस्य मनोनीत किया गया जिला अध्यक्ष बीरेंद्र तिवारी ने कहा कि पत्रकार के साथ उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । पत्रकार ही देश का चौथा स्तम्भ है ठंडी या गर्मी बरसात में जब लोग घर में रहते हैं तब भी एक पत्रकार अपने शरीर और परिवार की परवाह न करते हुए खबर लिखने के लिए निकल जाता है और जब कोई समाज अपराधियों से प्रताड़ित हो या किसी भी प्रकार का दिक्कत हो प्रशासन का सहयोग न मिल रहा हो तब भी लोग पत्रकार के पास जाते हैं और पत्रकार निडर होकर ईमानदारी से खबर लिखता है और उस पर कार्रवाई भी कराता है तो ऐसी स्थिति में पत्रकार के साथ उत्पीड़न बर्दाश्त किया जाएगा अगर कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी ।

# कहती बेटियां बांह पसार, मुझे चाहिए प्यार दुलार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय जी के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग सीतापुर द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर, सी0एच0सी0 मिश्रिख एवम सी0एच0सी0 खैराबाद में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आज जन्मी बच्चियों को जिला महिला चिकित्सालय में प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पूनम मिश्रा जी एवम नगर अध्यक्ष श्रेयांश द्वारा सी0एच0सी0 मिश्रिख में माननीय विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव जी



द्वारा तथा सी0एच0सी0 खैराबाद में ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा द्वारा कुल 58 बेबी किटों और लड्डू का वितरण करने के साथ-साथ केक काटकर बच्चों के जन्म पर हर्षोल्लास जताया गया। साथ ही बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया एवम पम्पलेट्स इत्यादि का भी वितरण किया गया, साथ ही हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जानकारी दी गई। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान विधि सह परिवीक्षा अधिकारी दिलीप जी, जिला समन्वयक साक्षी, सेंटर मैनेजर वन स्टॉप सेंटर दीपिका नाग, केस वर्कर कुसुम, स्टाफ नर्स नेहा मिश्रा, आउटरीच कार्यकर्ता देवेन्द्र, उपासना, सतेंद्र, मुकेश इत्यादि के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं कन्या सुमंगला योजना के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को सशक्त बनाने पर सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है और आगे भी समय-समय पर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विशेष कार्यक्रमों का आयोजन विभाग द्वारा संचालित किया जाता रहेगा।

## टोल फ्री हेल्पलाइन बुजुर्गों की समस्या निस्तारण में होगा उपयोगी : डीएम

- केंद्र व प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए शुरू किया 14567 टोल फ्री एल्डर लाइन नबंर

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिकों द्वारा माहिल तालाब से निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए 14567 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस टोल फ्री हेल्पलाइन से बुजुर्ग नागरिकों की समस्या निस्तारण में उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि इस टोल फ्री नंबर से वरिष्ठ नागरिक पेंशन, कानूनी मुद्दों, राशन कार्ड, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना सहित अन्य प्रकार की जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। यही नहीं, यह भावनात्मक रूप से मदद करते हुए उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार के मामले में भी सहायता प्रदान करेगा साथ ही साथ बेघर हुए बुजुर्गों को राहत प्रदान करेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यम त्रिपाठी आदि सहित वरिष्ठ नागरिक गण मौजूद रहे।

# जिला न्यायालय का निर्माण होगा शीघ्र : बृजेश पाठक

● अधिवक्ता कूपन की धनराशि वापस करे सरकार : श्रीनाथ त्रिपाठी ● बार बेंच में सामंजस्य जरूरी: जिला जज ● राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में सोनभद्र बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का शपथग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में सोमवार को आयोजित शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री वृजेश पाठक ने कहा कि शीघ्र ही जिला न्यायालय भवन एवं अधिवक्ताओं के चैंबर निर्माण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के मुफ्त इलाज के लिए जिला अस्पताल से लेकर प्रदेश भर के अस्पतालों में सुविधा मुहैया कराई जाएगी। खा कि जिला न्यायालय भवन निर्माण समेत सोनभद्र जिले की विभिन्न समस्याओं के बाबत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं संबंधित विभाग के सचिव से विचार कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विशिष्ट अतिथि आल इंडिया बार काउंसिल सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने कहा कि अब तक सरकारों ने सिर्फ अधिवक्ताओं के साथ छल किया है। क्योंकि अधिवक्ता कूपन के माध्यम से प्रतिदिन अधिवक्ता सरकार को बड़ा राजस्व देता है, लेकिन उस धन के लिए भी अधिवक्ता मोहताज है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें सरकार कुछ न दे सिर्फ मेरे अधिवक्ता कूपन का जो सरकार के पास राजस्व पड़ा है वहीं वापस कर दिया जाए तो बहुत काफी हद तक अधिवक्ताओं को राहत मिल जाएगी। विशिष्ट अतिथि जिला जज अशोक कुमार यादव ने कहा कि बार एसोसिएशन के शपथग्रहण समारोह में पहली बार डिप्टी सीएम आए हैं यह बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे बड़ी समस्या जिला न्यायालय के भवन निर्माण एवं वकीलों के बैठने के लिए चैंबर निर्माण की है जिसे डिप्टी सीएम ने गंभीरता से लेते हुए भवन निर्माण कराए जाने का भरोसा दिलाया है। यह शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि जब तक अधिवक्ता खुद की परेशानी से जूझता रहेगा तो वह वादकारी के मुकदमे की पैरवी सही तरीके से नहीं कर पाएगा। इसलिए बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से पूर्व की भांति बार - बेंच का संबंध बनाए रखने की अपेक्षा करता हूं। विशिष्ट अतिथि यूपी बार काउंसिल सदस्य राकेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि यूपी बार काउंसिल सदस्य विनोद पांडेय ने भी अपना विचार व्यक्त किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक ने अपने मांगों का ज्ञापन डिप्टी सीएम को सौंपा। जिसमें जिला न्यायालय के भवन निर्माण, अधिवक्ता चैंबर निर्माण, वकीलों को आयुष्मान योजना से जोड़े जाने, 10 लाख रूपये के स्वास्थ्य बीमा, वकीलों के खाते में 5 लाख रूपये दिलाए जाने की मांग शामिल है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्कूली बच्चियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक को शपथ दिलाई। उसके बाद विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया। अंत में अध्यक्षता कर रहे निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

### इन्हें दिलाई गई शपथ, दिया गया प्रमाण पत्र

सोनभद्र। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक को शपथ दिलाई। वहीं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने महामंत्री आनंद कुमार मिश्रा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर तेजामणि पांडेय व दीपक कुमार केशरी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे गिराजाशंकर दुबे उर्फ अनिल कुमार द्विवेदी व प्रदीप कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव प्रशासन गीता गौर, संयुक्त सचिव प्रकाशन शादाब आलम, संयुक्त सचिव पुस्तकालय रितेश कुमार मिश्र, कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ मानिंद त्रिपाठी, सुशील कुमार चौबे, महेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद प्रसाद मिश्र, सुनील कुमार व दिनेश धर दुबे, कार्यकारिणी सदस्य कनिष्ठ अखिलेश कुमार मिश्र, रमाशंकर चौधरी, कपिल कुमार, आशुतोष पाठक, संजय कुमार पांडेय व अखिलेश कुमार मिश्र को शपथ दिलाई।

## कॉलेज जा रही 2 छात्राओं को ट्रक ने रौंदा एक की मौत

**करमा सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिरसिया ठकुराई गांव के मजरा बगैया निवासी सरिता ( 18 ) वर्ष पुत्री रामलाल अपने चचेरी बहन कविता ( 18 )वर्ष पुत्री राजेन्द्र कुमार के साथ वी ए सेकेंडीयर की पढ़ाई करने राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज डिलाही साइकिल से जा रही रही थी । जैसे भरूहा माइनर से 200मीटर आगे पहुँची थी कि मिर्जापुर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक से धक्का लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगों ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केकाराही भेजवाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सरिता को गम्भीर चोटे आने के कारण ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा रहा था परंतु रास्ते में दम तोड़ दिया।घटना की खबर लगते ही घरों में कोहराम मच गया।

## एसडीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

**कोटवाधाम, बाराबंकी।** एसडीएम प्रिया सिंह ने प्राथमिक विद्यालय धुसेडिया का औचक निरीक्षण किया। सोमवार को उपजिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय धुसेडिया का औचक निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन बच्चों की उपस्थिति एंव शिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। एस डी एम ने इं0प्रधानाध्यापक छोटेलाल एंव सहायक अध्यापक तथा शिक्षा मित्र एंव आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि को आवाश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पशु टीकाकरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**मसौली बाराबंकी।** पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य तथा रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय टीककारण जागरुकता गोष्ठी पशु चिकित्सालय मसौली परिसर में आयोजित की गई।

पशु चिकित्सा अधिकारी मसौली डॉ कमलेश कुमार ने पशु पालकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पशुओं को समय-समय पर पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान अभियान चलाया जाता है। कर्मचारी घर घर जाकर टीकाकरण करते है। लेकिन उन्होंने तमाम समस्याओं से काफी दिक्कत होती है जबकि पशुओं में फैलने वाले रोग से बचाव के लिए होते। इसके लिए आप लोगों टीकाकरण के दौरान कर्मचारियों के सहयोग करें। जिससे शत-प्रतिशत लाभ मिल सके। इसके अलावा चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं को खान-पान एक अच्छी सेहत के बारे में जागरूक किया। पशु चिकित्सा अधिकारी त्रिलोकपुर पटकन पुरवा , फार्मेसिस्ट राजेश कुमार वर्मा, कैलाश, रमाकांत यादव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# अयोध्या एकेडमी में हुआ मार्शल आर्ट प्रशिक्षण वर्ग सकुशल समापन



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

सोमवार को रामनगरी के प्रख्यात अयोध्या एकेडमी विद्यालय में मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह सकुशल संपन्न हो गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम के एचजीए संजीव सिंह रहे।अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप तिवारी ने तथा संचालक द लिफ्टर्स क्लब जिम के प्रशिक्षक अभय सिंह रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई जिसके बाद मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई।स्वागत की कड़ी में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सौम्या आचारी,उप प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार, मृत्युंजय मिश्रा व मोहित सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के 135 छात्रों ने दो माह के प्रशिक्षण के उपरांत अपने प्रशिक्षक अभय सिंह क्यो कुशिन के समक्ष मार्शल आर्ट्स का सामूहिक प्रदर्शन एवं सामाजिक दिनचर्या में आत्म सुरक्षा की कला का उपयोग भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अभिनय द्वारा प्रस्तुत किया।जैसे नारी सुरक्षा,रैगिंग,बैंक डकैती अपहरण तथा विषम परिस्थितियों में इस कला द्वारा स्वयं एवं सामाजिक सुरक्षा नाटक के रूप में प्रस्तुत किया जिसमें क्यो-कुशिन की कला का समन्वय मिला।इसके बाद विद्यालय के मार्शल आर्ट प्रशिक्षक श्री सिंह ने मार्शल आर्ट की कला एवं इसके सुनहरे इतिहास पर प्रकाश डाला तथ भूपेंद्र सिंह व छात्रों के साथ अपना निजी प्रस्तुतीकरण किया। इसमें काता, लाक, थ्रो, किक व पंच सम्मिलित रहे।बच्चों के लिए ई ग्रुप लेशन रिकॉर्डेड फॉर्मेट में श्रेणी अनुसार डाइट चार्ट विंग द्वारा उपलब्ध कराया गया।

# चार दिवसीय बुद्ध कथा, संत रविदास जयंती समारोह के साथ हुई सम्पन्न

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



मसौली ब्लॉक के ग्राम पिपरौली में ग्राम प्रधान अमर सिंह वर्मा व बीडीसी सदस्य राजकमल रावत के संयोजन में चार दिवसीय बुद्ध कथा एवं संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। तीन फरवरी को शुरू हुई बुद्ध कथा में सिधौली, सीतापुर के कथा वाचक एलके वर्मा ने संगीतमयी बुद्ध, डॉ0 अंबेडकर एवं संत रविदास की कथाओं से स्रोताओं को भाव विभोर किया। कथा के अंतिम दिन संत रविदास की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। संत रविदास जी की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जिले के कई समाजसेवी, अधिवक्ता और गणमान्य लोगों ने समारोह में भाग लिया। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सुरेशचंद्र गौतम, अधिवक्ता आरपी गौतम, रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, समाजसेवी रत्नेश कुमार सहित अनेक लोगों ने संत रविदास की शिक्षा, उनके विचारों को आत्मसात करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कथा एवं जयन्ती समारोह के आयोजन में प्रमुख रूप से मनोज कुमार वर्मा, लवकुश मौर्या, पूर्व प्रधान सरजू प्रसाद, कमलेशचन्द्र, विमलेश कुमार, संतोष कुमार, जितेंद कुमार, इंद्रजीत, रामखेलावन, राम प्रवेश, प्रेमचंद, अमित कुमार सोनू आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने बुद्ध कथा का श्रवण किया।

# दो पक्षों में चले लाठी डंडे, फावड़ा कुदाल, आधा दर्जन घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

पारिवारिक सम्पति के बंटवारे को लेकर ग्राम भूल भूलिया गांव में दो पक्षो के बीच जमकर लाठी डंडे एव कुदाल, फावड़ा चले दोनों पक्षो से आधा दर्जन लोग घायल हो गये जिसमे तीन घायलों के गम्भीर चोटे आयी है जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों ओर से मिली तहरीर पर मसौली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही हैं। थाना क्षेत्र के भूल भूलिया गांव निवासी रामकिशोर यादव व दिनेश यादव के बीच काफी समय से पारिवारिक सम्पति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है सोमवार को दोनों पक्ष विवाद को लेकर के आमने-सामने आ गये और देखते ही देखते दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चलने लगे जिससे गांव में अफरातफरी मच गयीं मारपीट में दोनों पक्षों से 6 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी बड़ागांव में लाकर भर्ती कराया।



## एक छत के नीचे किसानों को मिलेगी सभी सुविधाएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** किसानों को एक छत के नीचे खाद बीज कीटनाशक मिट्टी की जांच आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर बदोसराय में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का भाजपा जिलामंत्री रामसागर कनौजिया रामनगर विधानसभा आईटी सेल संयोजक अमित भैया रामजी ने राष्ट्रीय केमिकल एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के उपप्रबंधक प्रांजल मिश्रा के साथ किया।इस मौके पर यश ट्रेडर्स बदोसराय के प्रोपराइटर दयाशंकर तिवारी अशोक तिवारी निखिल तिवारी सहित तमाम किसान मौजूद रहे।आरसीएफ के उपप्रबन्धक प्रांजल मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों पर भारतीय जन उर्वरक परियोजना एक राष्ट एक उर्वरक का शुभारंभ प्रधानमंत्री जी के द्वारा किया गया है। उन्होंने नैनो यूरिया के उपयोग एवं लाभ के बारे में बताया। कहा कि कैसे किसान नैनो यूरिया का उपयोग कर जल वायु और मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाकर उपज बढ़ा सकते हैं। केंद्र के प्रभारी दयाशंकर तिवारी ने बताया कि केंद्र पर किसानों को खाद बीज के साथ-साथ मिट्टी व पानी की जांच कृषि यंत्र एवं खेती संबंधी जानकारी किसान को उपलब्ध कराई जाएगी।इस मौके पर रामनिवास लोधी सियाराम सुंदरलाल घनश्याम वर्मा देशराज गुप्ता सहित तमाम किसान रहे मौजूद।

# दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष

**भूलभूलिया, समृद्धि न्यूज़**

निवासी रामकिशोर यादव और दिनेश यादव के बीच काफी समय से जमीन के बंटवारे को लेकर के विवाद चल रहा है। सोमवार को मामला इतना बढ़ गया कि विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दोनों पक्षों की तरफ से जमकर मारपीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष के रामकिशोर यादव पर दूसरे पक्ष के लोगों ने कुदाल से वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष के दिनेश यादव, रामशरण यादव व शिवम यादव भी मारपीट में घायल हो गए। जिन्हें तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद 3 लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं दोनों पक्षों की तरफ से मसौली पुलिस को तहरीर मिली है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मसौली पुलिस ने बताया कि परिवार में जमीनी विवाद है। क्योंकि बंटवारे का मामला चल रहा था। जिससे दोनों पक्षों में मारपीट हुई है।

# एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था है प्रदेश का लक्ष्य : प्रो0 निशी

### उत्तर प्रदेश बना उत्तम प्रदेश : कुलपति

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में सोमवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 को लेकर छात्रों के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ की प्रो0 निशी पाण्डेय ने कहा कि जी-20 व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट वैश्विक स्तर पर आर्थिक सहयोग के एक संगठन के रूप में 1999 में गठित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्याप्त मंदी से बाहर निकलने के लिए योजना तैयार करना था। वर्ष 2008 में यह संगठन ग्लोबल लीडर्स फोरम के रूप में सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा वैश्विक स्तर पर व्यापार,स्वास्थ्य, पर्यावरण,रोजगार और औद्योगिक विकास की रणनीतियों को तैयार करने का एक मंच बना। यह विश्व के 20 देशों का एक साक्षा मंच है।इस बार जी-20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है।प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि भारत की प्रगति के लिए कृषि क्षेत्र,सेवा क्षेत्र,उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने से ही हम विकसित राष्ट्र का मार्ग तय करने में सक्षम हो सकेंगे।उन्होंने कहा कि आज वर्तमान स्वरूप में भारतीय अर्थव्यवस्था में कुल जीडीपी में 30 प्रतिशत का योगदान कृषि क्षेत्र का है।शेष 70 प्रतिशत का योगदान सेवा एवं उद्योग का क्षेत्र है,जबकि भारतीय कृषि में 60 प्रतिशत लोग इस क्षेत्र में कार्य कर रहे है।इस स्वरूप को बेहतर करने के लिए व्यापक स्तर पर वैज्ञानिक तकनीकों एवं कौशल विकास के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाना होगा।उन्होंने बताया कि इस समिट में निजी निवेश की संभावना अधिक है।इससे युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने जा रहा है।यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के इस मेगा आयोजन से प्रदेश का आर्थिक ढॉचा मजबूत होगा। औद्योगिक निवेश से प्रदेश में रोजगार के साथ-साथ कृषि, सेवा क्षेत्र एवं उत्पादन में गति मिलेगी।प्रदेश सरकार द्वारा विकास की गति को तीव्र करने एवं एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। कुलपति ने कहा कि भारत युवाओं का देश है।हर क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं है।युवाओं को अपने कौशल को विकसित करना होगा।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त विशाल सिंह ने कहा कि ग्लोबल समिट का उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का देश के सभी युवाओं को जोड़ने का अनूठा प्रयास भी है।

# जिले में स्वास्थ्य मंत्री के आगमन को लेकर सियासत तेज

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

जिले मे स्वास्थ्य मंत्री के आगमन को लेकर सियासत तेज हो गई हैं, कांग्रेस प्रवक्ता शत्रु जय मिश्रा ने पोस्टर वार के जरिए सोनभद्र मे स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलते हुए लिखा है।

माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी एक नजर इधर भी कॉग्रेस प्रवक्ता शत्रु जय मिश्रा ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है, अल्ट्रासाउंड, बर्न यूनिट अव्यवस्था की भेट चढ़ गई है, चिकित्सको और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी से आदिवासी और दुरूह क्षेत्रों से आने वाले मरीज़ परेशान रहते हैं। जिला अस्पताल दलालों का अड्डा बना हुआ हैं, मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों मे शिफ्ट करा कर गरीबो का शोषण किया जाता है।

जिन चिकित्सको को दुरूह क्षेत्रों मे ड्यूटी लगाई गई है वो केवल काग़ज़ों पर ही सीमित है, स्वास्थ्य कर्मचारियों के सहारे स्वास्थ्य महकमा संचालित हो रहे है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के आगमन पर अस्पताल को चमकाया जाता उनके जाने के बाद जस का तस हो जाता है।

जिला अस्पताल मे स्वास्थ्य व्यवस्था पर जनप्रतिनिधियों ने भी चुप्पी साध लेते है।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ितों के पैसे साइबर सेल ने वापस दिलाए

**गोरखपुर।** ऑनलाइन मसाले के आर्डर के नाम पर ऑनलाइन धोखे से 99771 जमा करा लेने* के संबंध में आवेदक उत्कर्ष तिवारी थाना चौरी चौराद्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जमा की गई संपूर्ण धनराशि रुपए 99771 आवेदक के खाते में वापस कराए गए। रैपीडो बाइक यात्रा सर्विस लेने के नाम पर 1200 जमा करा लेने के संबंध में आवेदक अभय पांडे निवासी जटेपुर उत्तरी थाना शाहपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जमा की गई संपूर्ण धनराशि रुपए 1200 आवेदक के खाते में वापस कराए गए। ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक सामान के आर्डर के नाम पर 50000 जमा करा लेने के संबंध में आवेदक शम्स जमा निवासी थाना राजघाट द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए *जमा की गई संपूर्ण धनराशि रुपए 50000 आवेदक के खाते में वापस कराए गए। ऑनलाइन पेंसिल बॉक्स के आर्डर के नाम पर 14000 जमा करा लिए जाने के संबंध में आवेदक अजय शर्मा निवासी धर्मशाला बाजार गोरखनाथ जनपद गोरखपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जमा की गई संपूर्ण धनराशि रुपए 14000 आवेदक के खाते में वापस कराए गए। यूपीआई के माध्यम से एयरटेल खाते से रुपए 14600 निकल जाने के संबंध में आवेदक ऋषिकेश शर्मा निवासी शाहपुर जनपद गोरखपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर टीम द्वारा तत्परता पूर्वक/तकनीकी रूप से कार्यवाही करते हुए खाते से निकली संपूर्ण धनराशि रुपए 14600 आवेदक के खाते में वापस कराए गए। बैंक खातों में पैसा वापस आने पर आवेदकगण उपरोक्त द्वारा साइबर सेल, अपराध शाखा गोरखपुर कार्यालय उपस्थित आकर पुलिस उच्चाधिकारी व साइबर सेल गोरखपुर पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया।

# लोधेश्वर महादेवा में बच्चों ने बिखेरा जलवा

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



लोधेश्वर महादेवा महोत्सव का सांस्कृतिक मंच आज सोमवार को स्कूली बच्चों के नाम रहा।स्वागत गीत लोकगीत राष्ट्रगीत तथा नुक्कड़ नाटक सहित तमाम कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यालयों के बच्चों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया।इस मौके पर बोलते हुए ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी ने कहा कि आज के छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चे ही देश के भविष्य हैं मेला प्रशासन ने इन्हें महोत्सव का मंच देखकर हौसला बढ़ाने का काम किया है।जिस तरह इन बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी है इससे निश्चित है कि ये बच्चे बहुत आगे तक जाएंगे।ब्लॉक प्रमुख श्री तिवारी ने बेहतर कार्यक्रमों के लिए खंड शिक्षा अधिकारी सहित विद्यालयों के सभीअध्यापकों को बधाई भी दी ।

कार्यक्रम की शुरुआत कांती महाविद्यालय की छात्रा प्रिया प्रियांशी व प्रियांशु ने बाणी बंदना मां शारदे कहां तू वीणा बजा रही है से किया कस्तूरबा गांधी विद्यालय सूरतगंज की छात्राओं ने देश गीत ए वतन ए वतन जाने जा जानेमन की बेहतरीन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। यूनियन इंटर कॉलेज की छात्रा मुस्कान ने जय जय शिव शंकर कांटा लगे न कंकर, पर भाव नृत्य कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।छात्र कार्तिकेय ने आंखों पर पट्टी बांधकर देश गीत तेरी मिट्टी में मिल जावा रे, पर भाव नृत्य कर लोगों का मन मोहा। कस्तूरबा गांधी गणेशपुर की छात्राओं ने वाणी वंदना व नारी सशक्तिकरण के गीत पर लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गए।प्रा. विद्यालय गणेशपुर की छात्राओं ने देश गीत जो शहीद हुए हैं सरहद पे हिंदुस्तान के लिए, एक बार सलामी दे दो उस जवान के लिये गाकर खूब तालियां बटोरी।प्राथमिक विद्यालय सुरवारी और कटियारा के छात्र छात्राओं ने बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक की जोरदार प्रस्तुति कर प्रेरक संदेश दिया।भगवान देई पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा योगा के विभिन्न आयामों को लोगों ने खूब सराहा।एस बी पी एम रामनगर के विभिन्न प्रांतों की पारंपरिक वेशभूषाओं से सज्जित छात्राओं के द्वारा गाऐ गए देश गीत व भाव नृत्य पर समूचा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

# बिजली चोरी के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



शासन की मंशा के अनुसार बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत वितरण खंड हैदरगढ़ के भिलवल उपकेंद्र के अंतर्गत मॉर्निंग रेड की गई, बिजली विभाग की टीम ने पूरे दलबल के साथ क्षेत्र के भिलवल कस्बा, मकनपुर, शाहपुर सिदवी, पंडित पुरवा सहित कई गांवों में सुबह तड़के छापेमारी कर कई बिजली चोरों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया, इस दौरान क्षेत्र के लगभग 60 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किए गए जिसमें 17 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करने पर एंटी पॉवर थेफ्ट थाना बाराबंकी में मुकदमा दर्ज करा दिया गया , इसके अतिरिक्त कई उपभोक्ताओं पर अधिकृत भार से ज्यादा भार में बिजली प्रयोग करने पर भार वृद्धि के अंतर्गत कार्यवाही की गई तथा लगभग 25 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन पोल से काट दिए गए। बिजली चोरी में भिलवल के इरफान पुत्र हारून, शर्मावती पत्नी जितेन्द्र कुमार, मो जुबेर पुत्र अब्दुल सत्तार, मो शकील पुत्र सिद्दीक, मो कलीम पुत्र मो असलम, मो उस्मान पुत्र मो सुलेमान, धर्मेन्द्र जायसवाल पुत्र बेचलाल, आफाक अहमद पुत्र अब्दुल गफ्फार, लक्ष्मीचंद्र पुत्र बालक, कल्लन पुत्र लतीफ ग्राम मकनपुर के रामानन्द पुत्र जगनू, रामचंद्र पुत्र सजीवनलाल , शाहपुर सिदवी के उदयवीर पुत्र राधेलाल पर धारा 135के अन्तर्गत मुक़दमा पंजीकृत करा दिया गया है।

## हाई वोल्टेज बिजली का पोल दे रहा मौत को दावत जिम्मेदार है मौन

**सहजनवां गोरखपुर।** नगर पंचायत घघसरा के ग्राम ईटार पांडेय परशुराम नगर वार्ड नंबर 11 में बीते कई सालों से गांव के मुख्य मार्ग से गांव के बीचो बीच होते हुए निजी मोबाइल टावर के लिए 11000 वोल्टेज बिजली सप्लाई गया है। जो टावर के पास से 11000 वोल्टेज लोहे का खंभा पूर्ण रूप से जर्जर हो गया है जो खुलेआम खतरे को दावत दे रहा है लटक रहा बिजली के तार व खंभा कभी भी टूट कर गिर सकता है। बताते चलें कि जर्जर खंभे में जर्जर तार के वजह से कई बार गांव के महिला,पुरुष, बच्चों का 11000 वोल्टेज बिजली तार की चपेट में भी आ गए थे। जिसके वजह से भाग्य बस कोई दुर्घटना घटित नहीं हुआ। इन सब समस्याओं को देखते हुए समाचार पत्र व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी बिजली से होने वाली घटनाओं को भी प्रसारित किया गया वही इस मौके पर जब विद्युत विभाग अधिकारियों से बिजली से होने वाली घटना के संबंध में कराने के बाद भी साफ-सुथरे शब्दों में कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया करते हैं कि 2 से 3 दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं किया गया।

# टीकाकरण कार्य की प्रभावी तौर पर हो मानीटरिंग : डीएम

- विशेष टीकाकरण परववाड़ा संबंधी बैठक का हुआ आयोजन

**बांदा। समृद्धि न्यूज**

**विशेष** टीकाकरण पखवाडा जिला समन्वय समिति (फाइलेरिया) की बैठक जिलाधिकारी दीपा रंजन की अध्यक्षता में कलेक्टेउट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य की प्रभावी तौर पर मानीटरिंग की जाए। बैठक बताया गया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन आगामी 10 से 27 फरवरी तक चलेगा, जिसमें आशा, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर 02 वर्ष से ऊपर के समस्त व्यक्तियों को दवा खिलाने का कार्य किया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए 1700 टीमें, 309 सुपरवाइजर कार्य करेंगे। दवा पूर्णतः सुरक्षित है, उसमें किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट नही है। यदि किसी को दवा खाने के उपरान्त उल्टी, खुजली व उलझन होती है तो इससे बचाव के लिए डाक्टर्स की 15 टीमों का गठन किया गया है, जो सूचना प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से उपचार करेंगे। यह दवा गर्भवती महिलाओं, 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नही खानी है। जिलाधिकारी ने विशेष टीकाकरण पखवाडा समन्वय समिति की बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कमासिन के अनुपस्थित पाए जाने पर चेतावनी पत्र जारी करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ब्लाक का नोडल नामित करने एवं प्रतिदिन उनका रूट चार्ट बनाने के लिए निर्देश दिये। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तिन्दवारी को सचेत किया गया कि आगामी माह में टीकाकरण की प्रगति में सुधार लायें अन्यथा उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने समस्त टीकाकरण सत्रों पर एनाफाइलेक्सिस किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमासिन के अन्तर्गत ग्राम बिनवट में कार्यरत एएनएम की संविदा समाप्त करने के लिए निर्देश दिये। जिन आशाओं की प्रगति खराब है, वहां के बीसीपीएम का वेतन रोकने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्या अधिकारी डा. अनिल श्रीवास्तव, डा. आरएन प्रसाद, डा. संजय सहवाल, डा. मनोज कौशिक, डा. मीनाक्षी, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार सहित संबंधित डाक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।


बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी दीपा रंजन — समृद्धि न्यूज

# भव्य संपन्न कराएं स्वर्ण जयंती महोत्सवः डीएम

- राष्ट्रीय रामायण मेला के आयोजन के संबंध में हुई बैठक, निरीक्षण कर लिया जायजा

**चित्रकूट। समृद्धि न्यूज**



**डीएम** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रामायण मेला का 50वां स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाए जाने के संबंध में बैठक संबंधित अधिकारियों व मेला समिति के आयोजकों के साथ राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रदर्शनी लगाकर अधिक से अधिक लोगों को जानकारी उपलब्ध कराएं। साफ सफाई, स्वागत द्वार, लाइट की सजावट आदि व्यवस्था मेला के पूर्व करा ले। लोक निर्माण विभाग से कहा कि मोरम आदि डलवा दिया जाए। सीएमओ से कहा कि स्वास्थ्य विभाग का कैंप लगातार 24 घंटे रहे। ताकि किसी भी व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होने पर तत्काल उपचार मिल सके। एएसपी से कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था करें। डीएम ने आयोजकों से कहा कि राष्ट्रीय रामायण मेला समारोह की पूर्ण रूपरेखा तैयार करें। यह मेला धार्मिक, आध्यात्मिक व पौराणिक है। इसको सकुशल संपन्न कराना दायित्व है। गीता, रामचरितमानस आदि ग्रंथों के भी स्टाल लगाए जाएं। अधिशासी अभियंता विद्युत आर.एस वर्मा से कहा कि विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। तत्पश्चात डीएम ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का भ्रमण कर मेला की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सदर एसडीएम राजबहादुर, सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्र नाथ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सुभाष चन्द्र, बीएसए लव प्रकाश यादव, ईओ लाल जी यादव, पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि राजकुमार सहित संबंधित अधिकारी व राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश करवरिया, करुणा शंकर द्विवेदी मौजूद रहे।

# प्रश्न पत्रों के रखरखाव में गलती क्षम्य नहीं: डीआईओएस

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के सफल क्रियान्वयन की कवायद जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। सोमवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप की अध्यक्षता में जिले के केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने शासन व विभाग के जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष नकलविहीन और शांतिपूर्ण माहौल में संपादित कराना जिम्मेदारी है। प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्र पर डबल लॉक वाले लोहे की अलमारी में रखा जाएगा। डबल लाक के एक लाक की चाबी केंद्र व्यवस्थापक के पास और दूसरे लाक की चाबी वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के पास रहेगी। डबल लॉक को स्टैटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ही दोनों केंद्र व्यवस्थापक खोलेंगें। दो कक्ष निरीक्षकों के भी हस्ताक्षर होंगे। वहां पर कोई अधिकारी मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। ताला लॉक करने के बाद हस्ताक्षरित पेपर से सील किया जाएगा। जिसमें दोनों अधिकारियों के नाम, पदनाम लिखना अनिवार्य होगा। पेपर के रखरखाव व खोलने में पूरी सावधानी रखें। इसमें गलती क्षम्य नहीं है। यदि कोई गलती होगी तो स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित दोनों केंद्र व्यवस्थापक जिम्मेदार होंगे। विषय, तिथि, पाली, प्रश्न पत्र का कोड मिलाने के बाद ही पेपर खोला जाए। डीआईओएस ने कहा कि जब कक्ष में निरीक्षण करने जाएं तो वहां भी मोबाइल लेकर नहीं जाएंगे। बोर्ड परीक्षा ईमानदारी से कराना है। इसके लिए महानिदेशक ने सख्त निर्देश दिए हैं। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे संचालित हालत में रहें। परीक्षार्थियों के लिए शौचालय, बैठने, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान, डा. राजीव पाठक, पुष्पा वर्मा, विजय सोनी, शिवबरन त्रिपाठी, राकेश प्रताप सिंह, राजेश सिंह, परीक्षा प्रभारी फूलचंद्र सिंह, सूर्यभान सिंह, रामकृष्ण मिश्रा आदि मौजूद रहे।



## रामचरित मानस का अपमान बर्दाश्त नहीं: शरद

इटावा। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस पर दिए गए विवादित बयान एवं रामचरित मानस को जलाए जाने की घटना पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सभासद शरद बाजपेयी ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रामचरित मानस हम हिन्दुओं की आत्मा है और भगवान श्रीराम हमारे आराध्य हैं किसी भी कीमत पर रामचरित मानस का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शरद बाजपेयी ने कहा कि ऐसी ओछी मानसिकता के लोग ही समाज में बैमिनसता फैलाने का काम करते हैं लेकिन जनता ऐसे लोगों को सबक सिखाने का काम करती है, शरद बाजपेयी ने कहा कि इस घृणित कृत्य के लिए तो मुस्लिम भाइयों ने भी इसकी आलोचना की है जो भारत की एकता व सभी धर्मो के लिए सम्मान को दर्शाती है, शरद बाजपेयी ने कहा कि हमारा भारत मोदी जी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की ओर अग्रसर है कोई भी गलत मंसूबे भारत को तोड़ने में कामयाब नहीं होंगे।

# सैफई पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

**इटावा।** आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रायफल, तमंचा सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत सैफई मैनपुरी मार्ग से नगला छविनाथ की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत नगला तिरकारावाचा से एक स्प्लैंडर मोटर साइकिल सवार 3 व्यक्तियों संदीप कुमार पुत्र सर्वेश कुमार निवासी नगला छविनाथ सैफई, मोहित पुत्र दुर्वेश कुमार यादव निवासी नगला छविनाथ सैफई, राहुल पुत्र अशोक कुमार यादव निवासी नगला तिरकारावाचा सैफई को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 2 अवैध देशी राइफल 315 बोर कंट्री मेड, अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 8 जिन्दा कारतूस बरामद किये। इस सफलता में प्रभारी थाना सैफई रमेश सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक पवन कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक सुबोध कुमार सहाय, उपनिरीक्षक बृजेश कुमार, का. सोनवीर सिंह, का. योगेश्वर सिंह, का. गौरव देशवाल, हे.का.चा. अमित सिंह का सराहनीय योगदान रहा।



## खबरें एक नजर में

### लूट के सामान सहित लुटेरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इटावा।** जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर के निर्देशन में पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलांस टीम व थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में पिकअप गाड़ी लूटने वाले अपराधी को गिरफ़्तार कर मोबाइल, नगदी, अनार की पेटियां बरामद की गई। सीओ सिटी अमित कुमार ने पत्रकारों को बताया कि लीलाधर पुत्र हेमाराम निवासी रायधना थाना जसवंतगढ़ जिला नागौर, राजस्थान द्वारा फ्रेंड्स कॉलोनी पर अपने साथ ऑटो सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा दिनांक 1 फरवरी की रात को इटावा ओवर ब्रिज के पास अनार की पेटियों से भरी महिंद्रा पिकअप गाड़ी नंबर आरजे 14 जीएन 9234 को लूट ले जाने के संबंध में तहरीर दी गई थी। वादी की तहरीर पर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी व एसओजी टीम ने गिरफ्तारी के प्रयास करते हुए मुखबिर की सूचना पर दतावली नहर पुल के पास गाड़ी को माल सहित बरामद कर लिया। लूटने वाला अभियुक्त अक्षय पुत्र कन्हैया लाल निवासी भूटा रमपुरा कर्री पुलिया थाना चौबिया का निवासी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अनिल कुमार विश्वकर्मा प्रभारी एसओजी, उपनिरीक्षक समित चौधरी,उप निरीक्षक मंसूर अहमद मय टीम सहित विवेक चौधरी थानाध्यक्ष फ्रेंड्स कॉलोनी,उप निरीक्षक संजय सिंह,उप निरीक्षक राजेश कुमार,उप निरीक्षक दयानन्द पटेल,हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार,कांस्टेबल सौरभ कुमार, हितेश व गोपाल पाठक प्रमुख रहे।

### सोशल मीडिया में सार्वजनिक रूप से अपमानित कर रहा युवक

**नरैनी।** सोशल मीडिया में सार्वजनिक रूप से अपशब्दों का प्रयोग कर बार बार अपमानित कर रहा युवक झूठे आरोप लगाकर समाजसेवी व पत्रकार का समाज में सम्मान बिगाड़ रहा है । पुलिस अधीक्षक सहित कई उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है। कस्बा के पटेल नगर निवासी ओमप्रकाश पाण्डेय जो कानपुर से प्रकाशित एक समाचार पत्र में समाचार संकलन और समाज सेवा का कार्य करते है, ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि कस्बा के जवाहर नगर निवासी बुद्धविलाश तिवारी ने विगत 28 जानवरी को इसकी अकारण गाली गलौज करना शुरू कर दिया था। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके पुत्र उमेश तिवारी ने भी पत्रकार को सोशल मीडिया में बदनाम करना शुरू कर दिया था और मना कराने पर जान से मारने की धमकी देते हुए इसके बदले एक लाख रुपए की मांग की थी। चूंकि इसी मुहल्ले में क्षेत्रीय विधायक का आवास भी है और यहां समाजसेवा के कार्यो के चलते आना-जाना बना रहता है, इसलिए पीड़ित द्वारा शिकायती पत्र कोतवाली नरैनी में दिया था, जिससे उक्त आरोपियों के विरुद्ध जांचकर कोतवाली पुलिस ने 29 जनवरी को गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद आरोपी बुद्धविलास का पुत्र उमेश तिवारी अपनी मां के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर उच्चाधिकारियों से झूठी शिकायत कर सोशल मीडिया पर गलत आरोप लगाते हुए सम्मान खराब कर रहा है। पत्रकार ने बताया कि आरोपियों द्वारा उसे क्षेत्रीय विधायक का प्रतिनिधि बताकर जनप्रतिनिधि की प्रतिष्ठा और आत्म सम्मान को आघात पहुंचाने का कार्य किया गया है। निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

### कंपनियों की जांच को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**चित्रकूट।** अदानी समूह कंपनियों की जांच की मांग को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सोमवार को एलआईसी के सामने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके पूर्व कार्यालय से जुलूस निकालकर ट्राफिक चौराहे होते हुए एलआईसी चौराहा पहुंचे। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम जनता का पैसा एलआईसी, एसबीआई बैंकों में जमा है। इस रुपए को अडानी की कंपनियों में लगा दिया गया। लगातार उनके शेयर गिर रहे हैं। जिससे आम जनता का पैसा डूब रहा है। विपक्ष ने संसद में नोटिस देकर चर्चा की मांग की, लेकिन सत्ता पक्ष राजी नहीं है। ऐसेमें कांग्रेस पार्टी सदन से लेकर सड़क पर संघर्ष करेगी। आम जनता के पैसों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। पीसीसी सदस्य रंजना पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी पहले ही बता चुके थे। विपक्ष जेपीसी जांच की मांग कर रहा है। कहा कि अगर शीघ्र जांच नहीं कराई जाती तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर कर संघर्ष करेगी। इस मौके पर कुलदीप मिश्रा, भगवानदीन समदरिया, जगजाहिर पटेल, कामता द्विवेदी, कालीचरण राजपूत, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, विजयमणि त्रिपाठी, निरंजन कुशवाहा, गुरुदीन दुबे, सविता पाल, सुमन विश्वकर्मा, सचिन, वीर कुमार, रमेशचंद्र मौर्या, शिवगुलाम वर्मा, ओम प्रकाश, बैजनाथ कुशवाहा, हैदर अली, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

### हादसे में पांच घायल

**चित्रकूट।** सड़क हादसे में रैपुरा थाना क्षेत्र के अगरहुंणा गांव के विकास पुत्र अशोक, बदौसा के रमेशचन्द्र पुत्र चौबा, चकला बदौसा के बुद्धविलास पुत्र बैजनाथ, पहाड़ी के सालिगपुर की चित्रा देवी पत्नी तुलेश, इटखरी के आदित्य द्विवेदी पुत्र सुरेश घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में चिकित्सा दी गई है।

### युवक को ससुराल में पीटा

**चित्रकूट।** बांदा जिले के बदौसा थाना अंतर्गत सिरसौड़ा गांव निवासी रमेशचन्द्र पुत्र बाबूराम अपने बड़े भाई की ससुराल मानपुर गया था। सोमवार को सवेरे साले मातादीन ने डंडे से जमकर मारापीटा। घायल की सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### महिला ने खाया जहर, भर्ती

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के बसिला गांव की पर्मती देवी पत्नी जगनायक ने सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार दिया गया है।

# क्षत्रिय महासभा भरथना के अनिल अध्यक्ष नरसिंह महामंत्री, अंकुर कोषाध्यक्ष बने

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**अखिल** भारतीय क्षत्रिय महासभा भरथना की नवीन कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम एमएसके इण्टर कालेज भरथना में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता महाराज सिंह भदौरिया ने की जिसमें सर्वसम्मति से अनिल सिंह कुशवाह को अध्यक्ष, नरसिंह चौहान को महामंत्री एवं अंकुर सिंह चौहान को कोषाध्यक्ष चुना गया जिनका क्षत्रियजनों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर महेश सिंह कुशवाह, रामपाल सिंह राठौर, वीरेन्द्र सिंह चौहान, प्रेम सिंह चौहान, रविन्द्र सिंह राजावत, बड़े भदौरिया, सतन भदौरिया, हरेन्द्र सिंह चौहान (कल्लू), दीवान सिंह चौहान, रणधीर सिंह चौहान, मनोज धाकरे, अजय धाकरे, सर्वेश सिंह कुशवाह, बंटू गौर, ध्रुव सिंह राजावत, देव राजावत, अरिदमन सिंह, प्रबल प्रताप सिंह राजावत, राजू चौहान, अजय सिह राजावत, नरेंद्र परिहार, शिवेन्द्र चौहान, पंकज चौहान, गोविन्द सिंह चौहान, कलक्टर सिंह, अजीत सिंह, नरेश सिंह, वीरेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, अरविन्द सिंह तोमर, सुरेन्द्र सिंह, विवेक कुशवाह, नरसिंह सिसोदिया, राजू तोमर, ओमवीर दास, कुलदीप चौहान, रामजी भदौरिया, अर्जुन सिंह, गजेंद्र सिंह राजावत, गजेंद्र तोमर, धीरेन्द्र तोमर सहित सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय बंधुओं की उपस्थित रही7 कार्यक्रम का सफल संचालन गोविन्द सिंह चौहान ने किया।

# कांग्रेस नेताओं ने शास्त्री चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**कांग्रेस** पार्टी द्वारा एलआईसी तथा एसबीआई के पैसे को मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में निवेश किए जाने के विरोध में शास्त्री चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया गया।

जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि हम जानते हैं की एलआईसी और एसबीआई जैसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हमारे देश का गौरव है और करोड़ों भारतीयों की गाढी कमाई से बने हैं प्रधानमंत्री ने अपने सबसे अच्छे दोस्त की मदद करने के इरादे से जबरजस्ती एलआईसी तथा एसबीआई और सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों को अडानी समूह में निवेश किया और पिछले कुछ दिनों में एलआईसी के 39 करोड़ पॉलिसी धारकों और निवेशकों को 33000 करोड रुपए का नुकसान हुआ तथा एसबीआई और अन्य भारतीय बैंकों ने अडानी समूह को भारी मात्रा में श्रण दिया जिसमें अडानी समूह पर भारतीय बैंकों का लगभग 80000 हजार करोड़ों रुपए बकाया है कांग्रेस पार्टी किसी भी भारतीय कारपोरेट घराने के खिलाफ नहीं है हम तो घोर पूंजीवादी के खिलाफ है कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब और आम आदमी के साथ खड़ी है। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा मोदी जी ने अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीति से पूरा देश चिंतित हैं मोदी सरकार द्वारा अदानी समूह में एलआईसी तथा एसबीआई से बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों एलआईसी के 29 करोड पॉलिसी धारक और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, प्रमोद संखवार, संजय तिवारी, वाचस्पति दुबे, करन सिंह राजपूत, रामजीवन कुशवाहा, महेश कटारे, आनंद द्विवेदी, स्वाति गोयल, कुलदीप तिवारी, फिरदोष वारिस, सचिन संखवार, आसिफ जादरान, अंशुल यादव, आमिर खान, अंसार अहमद, प्रशांत यादव, नितेश तिवारी, अवनीश वर्मा, योगेंद्र कुमार, जितेंद्र दुबे, नीलू दीक्षित ,बृजेश कुमार, रामसुंदर ,श्याम सुंदर, विनोद वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



## सड़क हादसों में सात लोग हुए जखमी

**बांदा।** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका उपचार किया जा रहा है। छतरपुर जिले के मनवारा गांव निवासी संजय अहिरवार (28) पुत्र मइयादीन अपने साथी देशराज (20) पुत्र पुन्ना के साथ रविवार की रात बांदा से बाइक में बैठकर घर जा रही थी, तभी खैराडा रेलवे क्रासिंग के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे दोनो लोग घायल हो गए। गिरवां थाना क्षेत्र के बिगहना गांव निवासी संजय (25) पुत्र रामराज अपने साथी अरविंद (26) पुत्र चुन्ना के साथ रविवार की रात बाइक में बैठकर शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने सैमरिया गांव जा रहे थे। तभी नगनेधी गांव के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, इससे दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराना केंद्र व्यवस्थापकों की जिम्मेदारी: डीएम

**मैनुपरी। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** अविनाश कृष्ण सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा की बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि परीक्षाओं को नकल विहीन, शांतिपूर्वक एवं सुचिता के साथ सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराने में सबसे अहम भूमिका केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों को निभानी है, परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी शिक्षक पूरी तमन्यता के साथ अपने दायित्वों को अंजाम दें, बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर कार्य करें, ऐसा कोई कृत्य न करें, जिससे परीक्षा की सुचिता पर आंच आए यदि परीक्षा की सुचिता भंग हुयी या नकल का प्रयास हुआ तो सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर जेल भेजने की कार्यवाही होगी। उन्होने साफ तौर पर कहा कि नकल किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी, नकल विहीन परीक्षा कराने की जिसे जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे निभाये अन्यथा दण्ड भुगतने को तैयार रहे। उन्होने उप जिलाधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का तत्काल निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं देख लें, परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की मूल-भूत सुविधाओं के साथ-साथ विशेष तौर पर स्टॅऊग रूम का गहनता से निरीक्षण करें, स्ट्रॉग रूम में 02 अलमारी डबल लॉक उपलब्ध रहें, सुनिश्चित करायें। सिंह ने कहा सचेत करते हुए कहा कि यदि किसी के मन में शंका है या परीक्षा में नकल कराने का कोई भ्रम है तो दूर कर ले यदि किसी ने नकल जैसे घिनौने कृत्य में सम्मलित होने का प्रयास भर किया तो वह सुरक्षित नहीं बचेगा। उन्होने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों, संभ्रांत शिक्षकों, पुलिस प्रशासन के कंधों पर परिषदीय परीक्षा-2023 को शांतिपूर्वक, नकल विहीन संपन्न कराने की जिम्मेदारी है, परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने में सबको सहयोग करना होगा। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि उनके क्षेत्र के जिन अध्यापकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षाओं में लगी है, उन सभी शिक्षकों की निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर समय से उपस्थिति सुनिश्चित करायें यदि कोई शिक्षक ड्यूटी पर न आए तो परीक्षा में बाधा मानते हुये उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाये। उन्होने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए जनपद के 105 परीक्षा केन्द्रों को 06 जोन, 30 सेक्टर में विभाजित कर प्रत्येक जोन में 01-01 जोनल मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक सेक्टर में 01-01 सेक्टर मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है इसके अलावा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 01-01 स्टेटिक मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है, 05 सचल दस्ते परीक्षा अवधि में निरतंर क्रियाशील रहकर परीक्षा पर पैनी नजर रखेंगे। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने में केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक सक्रिय योगदान दें, केंद्र व्यवस्थापकों को सुरक्षा मुहैया कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है, सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा, सब लोग मिलकर परीक्षा की सुचिता को बनाए रखें यदि कहीं कोई समस्या हो तो उच्चाधिकारियों के मोबाइल नंबर के साथ-साथ 112 नंबर पर कॉल कर जानकारी दें तत्काल पुलिस सहायता मुहैया होगी। उन्होंने कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों की छबि ठीक नहीं है या गत परीक्षाओं में कोई विघ्न पैदा हुआ है, उन परीक्षा केंद्रों पर स्थानीय अभिसूचना इकाई के माध्यम से निगरानी करायी जाएगी, ऐसे परीक्षा केंद्रों पर एसटीएफकी भी सीधी नजर रहेगी, परीक्षा से जुडे किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक की जरा सी  चूक भारी पड़ सकती है।उन्होंने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी परीक्षा केंद्रों पर लगाई गई है सुनिश्चित किया जाएगा कि वह समय से परीक्षा केंद्र पहुंचे, जो पुलिसकर्मी परीक्षा केंद्र पर तैनात होगें उनमें से ही एक पुलिसकर्मी उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल संकलन केंद्र तक पहुंचाने हेतु विद्यालय के कर्मी के साथ जाएगा।



# सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन जिम्मेदारी पूर्वक करें: डीएम

- विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिकारियों अपने दायित्वों का कराया बोध

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट** स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी, रोजगारपरक एवं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का लाभ जनपद के पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाएं। श्री शुक्ल ने कहा कि हमें अपने दायित्वों का निर्वाहन जिम्मेदारी पूर्वक करने के साथ ही कार्यों में तेजी लानी है। किसी कार्य को कराए जाने हेतु जो भी पत्रावली या प्रस्ताव आदि तैयार किए जाते हैं उनमें किसी भी



समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम — समृद्धि न्यूज

प्रकार का विलंब न होने दें। हमारा मानव संसाधन जितना अच्छा होगा उतना ही अच्छा हमारा विकास होगा। श्री शुक्ल ने कहा है कि आशा बहुओं का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में सहयोग लिया जाए। उन्होंने श्रमिको का आयुष्मान गोल्डन कार्ड एव श्रम योगी मानधन योजना के सम्बंध में श्रम परिवर्तन अधिकारी द्वारा रुचि न् लिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि कार्य आचरण में सुधार नहीं आया तो कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा है कि पांच उपकेंद्र क्रियाशील होना बाकी है। स्वास्थ्य विभाग यथाशीघ्र उक्त उपकेंद्रों को क्रियाशील कराए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय में क्या कार्य होना है उसका विवरण तैयार कर लिया जाए साथ ही विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल तथा टयलीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी/ग्रामीण, शादी अनुदान, सामूहिक विवाह, सामूहिक शोचालय, टीकाकरण, दवाओं की उपलब्धता, सम्मान निधि आदि की गहनता से समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, जिला विकास अधिकारी, जिला समाजकल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या जन्मोत्सव मनाया गया

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला के निर्देशन में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिमरन शर्मा ने की। जिसमें नवजात कन्याओ की माताओं को कन्या जन्म उत्सव पर उपहार स्वरूप बेबीकीट व सम्मान पत्र वितरित किए गए। इस दौरान महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक ने कहा कि कन्या के जन्म उत्सव पर जो परिवार में निराशा का माहौल होता था उसको दूर किया जा सके। परिवार में उत्साह की भावना हो,परिवार में खुशहाली हो। इसी के दृष्टिगत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम बेटी के जन्म पर आयोजन किया जा रहा है। सरकार का यह



नवजात कन्याओं की माताओं को बेबीकीट वितरित करते डॉ माजिद व मौजूद लोग

उद्देश्य है कि अब कन्या के जन्म पर दुखी होने की आवश्यकता नहीं है। अब हर स्तर पर सरकार मदद कर रही है। जन्म से लेकर विवाह तक लाभ देने के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं बेटियों के लिए चला रखी हैं। डॉ माजिद अली ने कहा की बेटा बेटी एक समान है। अब बेटियों को बोझ न समझें लड़के और लड़की के साथ समानता का व्यवहार करें। इस दौरान गीता चतुर्वेदी, नीलम तिवारी,अनीता राठौर समेत स्टाफ़ मौजूद रहा।

# एनपीएस कटौती की फीडिंग कराए जाने की मांग को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

- अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय के बाहर दिया धरना

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**वेतन** से की जा रही एनपीएस की कटौती की फीडिंग कराए जाने की मांग को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे शिक्षकों का कहना था कि एनपीएस कटौती के आदेश के बाद सिर्फ छह महीने फीडिंग हुई थी, इसके बाद से कोई फीडिंग नहीं हुई है, जिससे न तो हमारा 10 प्रतिशत और नहीं गर्वमेंट का 14 प्रतिशत शो हो रहा है। धरने पर बैठे शिक्षकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि समस्या का समाधान न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।




डीआईओएस कार्यालय के बाहर धरनें पर बैठे शिक्षक — समृद्धि न्यूज

सोमवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिलाध्यक्ष प्रवीण पाठक के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षोत्तरण कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनीष सक्सेना व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सूफ़ियान अहमद और जिला महामंत्री सत्येंद्र यादव ने वेतन से की जा रही एनपीएस की कटौती की फीडिंग कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में शिक्षक कर्मचारियों की एनपीएस की कटौती हो रही है। साल 2005 से पुरानी पेंशन योजना बंद कर दी गई थी। उसके बदले नई पेंशन योजना (एनपीएस) थोपी गई। जून 2016 से सरकार ने एनपीएस कटौती का आदेश दिया था। जनपद में एनपीएस की फीडिंग एक साल या छह महीने तक ही की गई थी, जबकि अन्य जनपदों में फीडिंग हो चुकी है। फीडिंग न होने की वजह से लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। विभाग द्वारा कई बार फीडिंग शुरू किए जाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। धरने पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि काटे जा रहे वेतन की अब तक की फीडिंग कराए जाए तथा जो उससे लाभ या ब्याज हो वह सीधा खातों में ट्रांसफर किया जाए। धरने पर बैठे शिक्षकों ने चेतावतनी देते हुए कहा कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता है। धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रुप से राहुल दीक्षित, ममता सिंह, अनुराधा सिंह, अंजली समेत भारी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# रेप की घटना को थाना पुलिस ने छेड़छाड़ में किया दर्ज

**कन्नौज ,समृद्धि न्यूज़।** एक सप्ताह पूर्व इन्दरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन युवकों द्वारा गैंगरेप की घटना को थाना पुलिस द्वारा छेड़छाड़ में दर्ज किए जाने के मामले से आहत पीड़िता व उसके परिवार ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक उसे व परिवार को धमकी दे रहे हैं। इंदरगढ थाना क्षेत्रान्तर्गत एक गांव निवासी पीड़िता व उसके परिवार सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचा। यहां पीड़िता ने बताया कि बीती 31 जनवरी की शाम वह खेत की ओर गई थी। यहां पहले से ही मौजूद तीन युवको नीलेश, सुरजीत और लालू ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ रेप किया, जिससे वह बेहोश हो गई। होश आने पर वह घर पहुंची और उसने अपनी बड़ी बहन को घटना की जानकारी दी। उसकी बहन ने मां को घटना के बावत बताया। मां ने पिता को पूरी घटना बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा। जिसके बाद वह अपने पिता के साथ थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। इंदरगढ थाना पुलिस ने तहरीर लेकर कार्रवाही करने का भरोसा देकर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और छेडछाड के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली। एक सप्ताह बीतने के बाद भी जब पुलिस ने रेप की रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी तो परेशान होकर पीड़िता अपने परिजनों के साथ सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंची और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह से मुलाकात कर घटना बताई। पीड़िता व उसके परिवारीजनों ने एसपी से गुहार लगाते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# खबरें चलते-चलते

## दबंग ने लेखपाल के साथ अभद्रता कर दी धमकी

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** अपनी टीम के साथ पैमाइश करने गए लेखपाल के साथ दबंग युवक ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए न सिर्फ अभद्रता की बल्कि धमकी भी दी। पीड़ित लेखपाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम खांडेदेवर के क्षेत्रीय लेखपाल गुलफाम हुसैन पुत्र अब्दुल कादिर निवासी राजेपुर सराय मैदा पोस्ट कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार को वह अपनी टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम तिगडा मौजा गंधौलिया में भूमि की पैमाइश करने गया था। पैमाइश के दौरान ग्राम तिगड़ा निवासी जयसिंह पुत्र बाल्मीकि ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए हमलावर हो गया और सरकारी कागजात फाड़ने के प्रयास किए तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित लेखपाल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की खोजबीन में दबीस तेज कर दी गई है।

## लोन कराने के नाम पर महिला ने खाते में हजारों कराए ट्रांसफर

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** युवक से लोन कराने के नाम से एक महिला ने हजारों रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए जब कोई काम नहीं हुआ तब जाकर युवक समझा कि मैं ठगी का शिकार हो गया युवक ने थाने पहुंच प्रार्थना पत्र देकर की कार्यवाही की मांग की। क्षेत्र के सकरावा चौकी के गांव नगला अंगद निवासी सोनू कुमार पुत्र गजेंद्र सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 30 जनवरी को एक पूजा नाम की लड़की ने फोन कर 5 लाख रुपए का लोन कराने की बात कही और बताया कि मेरे खाते में इतना पैसा आप डाल दोगे तो आपका लोन हो जाएगा जिसकी बात पर विश्वास करने के बाद सोनू कुमार ने उसके खाते में 89650 रुपए डाल दिए 2 दिन बीत जाने के बाद महिला ने ?61000 और डालने की बात कही जिससे परेशान युवक समझ गया कि मैं ठगी का शिकार हो गया हूं युवक ने थाने पहुंच प्रार्थना पत्र देकर महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

## जमीन की पैमाइश करने गए लेखपाल से की अभद्रता दी तहरीर

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** चारागाह की जमीन की पैमाइश करने गए क्षेत्रीय लेखपाल से गांव के युवक ने गाली गलौज कर की अभद्रता और जरीब को फेंक दिया लेखपाल ने थाने पहुंच प्रार्थना पत्र देकर की कार्रवाई की मांग सकरावा क्षेत्र के बीबीपुर ग्राम सभा के लेखपाल माधवेंद्र सिंह पाल सोमवार को बीबीपुर में चारागाह की जमीन की पैमाइश करने गए हुए थे उसी समय जिंदा पुर गांव निवासी अंकित यादव पुत्र सर्वेश यादव मौके पर आ गए और कहा खेत में जरीब नहीं डालोगे गाली गलौज देने लगे जब गाली देने से मना किया तो जरीब को उठा कर फेंक दिया और अभद्रता पर आमादा हो गए व जान से मारने की धमकी देने लगे जैसे तैसे वहां से मैं अपनी जान बचा कर भाग आया लेखपाल ने सरकारी काम में बाधा की थाने में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## टैम्पो ने कार में मारी टक्कर आर्धा दर्जन घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से जा रहा टैम्पो व कार में टक्कर हो गई। जिससे टैम्पो में सवार छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को ग्राम मुरादगंज स्थित जीटी रोड पर नगर की ओर आ रहे टैम्पो ने अनियंत्रित होकर कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे टैम्पो में सवार राधा पत्नी पप्पू व पति पप्पू सक्सेना ग्राम तिलपई, मनीराम निवासी डिगसरा, सुनीत कुमार पाण्डेय निवासी अनीभोज, टेम्पो चालक अज्ञात निवासी जलालावाद, एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे कोतवाली पुलिस ने आनन फानन निजी वाहन की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया।

# बाइक व जुगाड़ गाड़ी की भिड़ंत में दो घायल



**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** बाईक व जुगाड़ गाड़ी में आमने सामने की भिड़न्त हो गयी। जिसमें बाईक चालक सहित दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिये भर्ती कराया।

सोमवार की दोपहर ग्राम पछायेंपुर्वा निवासी जितेन्द्र प्रकाश पुत्र हरीपाल जुगाड़ गाड़ी लेकर जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही बाईक में भिड़न्त हो गई। जिससे बाईक सवार दिलशाद पुत्र दिलदार निवासी ग्राम इनायतपुर कोतवाली व जनपद कन्नौज सदर गम्भीर रुप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे मझपुर्वा चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र पाल व कांस्टेबल नागेन्द्र सिंह ने घायल दिलशाद को आनन फानन निजी वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत चिंताजनक देख तिर्वा मेडिकल के लिये रिफर कर दिया है।

## गोलक से 50 हजार रुपये निकालकर भाग रहा युवक भीड़ ने दबोचा

**कुरावली।** थाना कोतवाली के सामने जीटी रोड पर डीजल की दुकान पर रखी गोलक से 50 हजार रुपये निकालकर भाग रहे उच्चके को भीड़ ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिससे दुकानदार के 50 हजार रुपये लुटने से बच गए। सोमवार की दोपहर मोहल्ला वेदनटोला निवासी रामप्रसाद पुत्र सोवरन सिंह थाना के सामने डीजल की दुकान पर बैठा था तभी मौका पाकर एक उच्चके ने गोलक से 50 हजार रुपये निकाल लिए जैसे ही उसकी नजर उच्चके पर पड़ी तो वह भागने लगा। चोर चोर कहकर पीछे दौड़ने पर भीड़ ने पकड़ पुलिस के हबाले कर दिया। उक्त घटना को अंजाम देने वाला युवक थाना क्षेत्र भोगांव का रहने वाला है जिसने अपना नाम रेहान पुत्र ना मालूम बताया है। जिस को नामजद करते हुए दुकान मालिक रामप्रसाद पुत्र सोबरन सिंह निवासी वेदन टोला ने थाना पुलिस को अपनी शिकायत दर्ज करा दी है।

# शिवानी गुप्ता बनी चीफ डिस्ट्रिक्ट मोटिवेटर

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** चीफ स्टेट मोटिवेटर उमेश कुमार ने बताया कि नवोदय क्रांति परिवार भारत के संस्थापक संदीप ढिल्लो ने उत्तर प्रदेश को पांच भागों में बांट कर डिप्टी चीफ स्टेट मोटिवेटर को 15-15 जिलों की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें डिप्टी चीफ स्टेट मोटिवेटर में मथुरा से गुरू प्यारी सत्संगी, बहराइच से पूरन लाल चौधरी, पीलीभीत से वीरेंद्र प्रताप सिंह, गाजीपुर से प्रीती सिंह और महोबा से अशोक शुक्ला रहे।

नगर निवासी व ग्राम पनगंवा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका शिवानी गुप्ता को चीफडिस्ट्रिक्ट मोटिवेटर कन्नौज बनाया गया है। शिवानी गुप्ता द्वारा सरकारी शिक्षा में सुधार एवं उनके बेहतरी हेतु किए गए अतुलनीय कार्य को देखते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी डिप्टी चीफस्टेट मोटिवेटर ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन, छात्र नामांकन वृद्धि, शैक्षिक



शिवानी गुप्ता

गतिविधियों में आईसीटी का प्रयोग, बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि के साथ साथ शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने वाले शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी। चीफ स्टेट मोटिवेटर उमेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में चीफ डिस्ट्रिक्ट मोटिवेटर का मनोनयन किया गया है। जिसमें जनपद कन्नौज से शिवानी गुप्ता,लखनऊ से हेमलता तिवारी, कानपुर नगर से प्रमोद कुमार, कानपुर देहात से पवन सिंह, औरैया से मनोज कुमार, इटावा से संतोष कुमारी, मैनपुरी से हिमांशी यादव, फरूखाबाद से कुलदीप निर्मल, हाथरस से पुष्पेंद्र सिंह, अलीगढ़ से योगेश्वरी सिंह, मथुरा से लता कुमारी, गाजीपुर से समरेंद्र बहादुर, अमेठी से अतुल कुमार, पीलीभीत से निरांजना शर्मा, गोंडा से सुनील कुमार वर्मा, बहराइच से विनोद कुमार, बागपत से नीतू यादव, महोबा से प्रतिज्ञा त्रिवेदी, झांसी से मोहनलाल सुमन, रायबरेली से राजेन्द्र कुमार, सुल्तानपुर से गोमती प्रसाद शुक्ल, सहारनपुर से मोहित राणा, हापुड़ से शहाना सैफी, कुशीनगर से मुकेश यादव, बुलंदशहर से सीमा कुमारी, आजमगढ़ से कृष्ण कुमार शुक्ल, बारांबकी से रवि कनौजिया सहित सभी जनपदों में चीफ ड्रिस्ट्रिक्ट मोटिवेटर मनोनीत किए गए हैं।

# मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश का आम नागरिक परेशान: विजय मिश्र

- मोदी सरकार ने चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाया- दिनेश पालीवाल
- कांग्रेसियों ने भारतीय स्टेट बैंक मकरंद नगर शाखा के सामने अडानी समूह मामले में किया धरना प्रदर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी व एसबीआई के 45 करोड़ बीमा धारक का कई करोड़ रुपए नुकसान के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया।

सोमवार को कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक मकरंद नगर शाखा के सामने कांग्रेसियो ने विशाल धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान




कांग्रेसियों ने मोदी सरकार व अडानी समूह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कहा कि आज मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश का आम नागरिक काफी परेशान है, जिससे पूरा देश खासकर मध्यम वर्ग चिंतित है। सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी व एसबीआई जैसी सरकारी संस्थाओं में जोखिम भरे लेनदेन पर निवेश में भारत के निवेशकों एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाता धारकों का पैसा डूब रहा है। जिसे कांग्रेस पार्टी ऐसा होने नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी सरकार से निष्पक्षता व पारदर्शिता तरीके से सीबीआई से जांच की मांग करती है। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे देश की गाढ़ी कमाई को मोदी ने अपने दोस्तों की मदद करने के इरादे से जबरदस्ती एलआईसी और अन्य सार्वजनिक बैंकों को अडानी समूह में निवेश कराया और पिछले कुछ दिनों में एलआईसी के 39 करोड़ पॉलिसी धारकों व निवेशकों को 33.060 करोड़ का नुकसान हुआ है। भारतीय स्टेट बैंक व अन्य बैंकों ने अडानी समूह को भारी मात्रा में ऋण दिया है। अडानी समूह पर भारतीय बैंकों का लगभग 80 हजार करोड रुपया बकाया है। मोदी सरकार ने चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाया है, जिस कारण से आम जनमानस चिंतित है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब व आमजन के साथ हमेशा खड़ी रही है। जब तक सीबीआई से जांच नहीं की जाती है तब तक विरोध स्वरूप प्रदर्शन करते रहेंगे। धरना प्रदर्शन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश दुबे जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, एआईसीसी सदस्य किरण वर्मा, महिला जिला अध्यक्ष रीना वर्मा, रामभरोसे कमल, आकाश बाबू कटियार आदि ने सभा को संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# खेत में चारा लेने गई ग्यारह वर्षीय बच्ची के साथ अधेड़ ने किया दुष्कर्म

- आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**विशुनगढ़** थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने बाबा के साथ खेत से चारा लेने गई 11 वर्षीय नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस ने तत्परता से मामले की जांच पड़ताल शुरु की और घटना के दूसरे दिन आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना विशुनगढ़ क्षेत्रान्तर्गत एक गांव निवासी किसान अपनी 11 वर्षीय नातिन के साथ खेत में मवेशियों के लिए चारा लने गया था, किसान खेत के आसपास घास छीलने लगा जबकि




पुलिस गिरफ्त में आरोपी — समृद्धि न्यूज

उसकी नातिन सरसों के खेत में चारा एकत्र कर रही थी, तभी वहां खेत के पास में मौजूद गांव के ही एक अधेड़ ने उसे लालच देकर पकड़ लिया और सरसों के खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे लोग जब खेत की तरफ आए तो आरोपी वहां से भाग निकला। इसके बाद परिजनों ने थाने में पहुंचकर आरोपी के खिलाफशिकायत पत्र दिया। थाना पुलिस ने रात में ही तत्परता दिखाते हुए पीड़ित बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने संगीन धाराओं में आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत कर उसकी गिरफ्तारी हेतु दबिश देना शुरु कर दिया। पुलिस की सक्रियता से आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया।

# अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग

▸ हजारों की नकदी व घरेलू सामान जलकर राख


आग से चली झोपड़ी का दृश्य

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। जिससे हजारों की नगदी व एक गौवंश तथा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर ग्रामीणों ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा वजीर आलम के मजरा चोगड़ा निवासी रामसिंह पुत्र रामचन्द्र के घर रात्रि में अचानक आग लग गई। जानकारी होने पर परिजन जाग गये और चीखुपकार मचाने लगे। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। मौके पर ग्रामीणों ने पहुंचकर हैंडपंप व पंपसेट जलाकर आग पर काबू पाया। पीड़ित के अनुसार 25 हजार रूपये की नगदी, सौर ऊर्जा प्लेट, एक बोरी चावल आदि घरेलू सामान जल गया। झोपड़ी के अंदर बंधा बछड़ा भी जलकर मर गया।

# न्यायालय ने परिवादी पर कार्यवाही के दिये आदेश



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र ने परिवादी शिवकुमार पर कार्यवाही करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये। परिवादी शिवकुमार पुत्र विरोग सिंह निवासी बलीपुर ने अपनी पत्नी शशिदेवी, ससुर रामकृष्ण, प्रमोद, अखिल, कल्लू, अभिषेक, सतेन्द्र, सुरेन्द्र निवासीगण सितौली पाली जनपद हरदोई के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दी थी। जिसमें दर्शाया गया कि उसकी पत्नी शशि के चाल-चलन गलत थे। कई बार शिकायत की गई, लेकिन उसके रवैइये में बदलाव नहीं आया। जिस पर न्यायाधीश ने आदेश किया कि इस प्रकार वाद अक्सर झूठे होते है, तमाम मुकदमे लंबित पड़े है। शिकायत की जांच की गई। जिसमें परिवादी की बात झूठी साबित होती है। जिस पर परिवादी शिवकुमार के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज किया जाये और आने वाली 8 फरवरी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाये।

## मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी विक्की व कोट मऊरसीदाबाद निवासी ममगुल खान मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसो0 कायमगंज का सर्वसम्मति से हुआ गठन

▸ उपेन्द्र अध्यक्ष व अतुल महामंत्री बने


प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसो0 के नव नियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा के पर्यवेक्षण में कायमगंज तहसील इकाई का सर्वसम्मति से गठन हुआ। नगर के सीपी सभागार में सोमवार को हुई पत्रकारों की बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें तहसील कायमगंज इकाई में संरक्षक मंडल में जयपाल सिंह यादव, प्रदीप कुमार गुप्ता को शामिल किया गया। अध्यक्ष पद पर उपेंद्र नाथ मिश्रा, महामंत्री अतुल कुमार रस्तोगी, कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी, दानिश खान, मजहर अली, धर्मेंद्र पाल, वरिष्ठ सचिव अनुराग सिंह गंगवार, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह राजपूत, संगठन मंत्री सुनीत दीक्षित, संयुक्त सचिव अजीम अली, सचिव सुचित, मंत्री अंकित गुप्ता, सदस्य कार्यकारिणी में नीरज कुमार गुप्ता, अश्वनी शाक्य, माहीन खान, प्रभात यादव को शामिल किया गया है। पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और संगठित रहने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा का स्वागत किया गया।

# सास-बहू-बेटा सम्मलेन में दिया गया परिवार नियोजन का संदेश


बहू को सम्मानित करतीं एएनएम

▸ देश में बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय: दलवीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकार बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। लोगों को परिवार नियोजन के प्रति और जागरूक किया जाए। इसलिए सास-बहु-बेटा सम्मेलनों के माध्यम से परिवार नियोजन की मुहिम शुरू की है। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज के अंतर्गत आने वाले हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर सिकंदरपुर खास में सास-बहू-बेटा सम्मेलन का शुभारंभ ग्राम प्रधान हेमलता राजपूत ने फीता काटकर किया। इस दौरान गुब्बारे उड़ाकर परिवार नियोजन का सन्देश देने के साथ ही प्रश्नोत्तरी, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके माध्यम से योग्य दंपति को अपने हिसाब से परिवार को नियोजित करने के प्रति जागरूक किया गया।

प्रतियोगिता में सही जबाब देने के बदले शकीला को प्रथम पुरुस्कार सोनल को दूसरे और सोनी को तीसरा पुरस्कार दिया गया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने कहा कि जिस तरह से आज देश में जनसंख्या बढ़ रही है यह कहीं न कहीं चिंता का विषय है। इस ओर हम सभी को मिलकर ध्यान देना होगा। उतने ही बच्चों को जन्म दो जिनकी आप सही से परवरिश कर सको। सिकंदरपुर खास के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विकास ने कहा लोग बेटों की चाह में गर्भ में आई हुई बेटी का जन्म से पहले ही गर्भपात करा देते है यह सही नहीं है इसको हमको रोकना होगा। इस दौरान यूपीटीएसयू से बीओसी माथुर, स्मिता सक्सेना, आशा कार्यकर्ता पिंकी, प्रीति, कामनी, मधुबाला, सीमा, साधना, पुष्पा सहित लगभग 55 प्रतिभागी मौजूद रहे।

## छत से गिरकर तीन लोग घायल, सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों से छत से गिरकर तीन लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कड़िउली निवासी (18) टिंकू, कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव उसमान नगर निवासी अखलेश का 12 वर्षीय पुत्र ऋतिक, क्षेत्र के गांव रमापुर निवासी रामसिंह की 3 वर्षीय पुत्री नीलू छत से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत स्थिर बनी हुई है। फिलहाल सभी का उपचार जारी है।

## भांग खाने से युवक की हालत बिगड़ी, भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भांग खाने से युवक की अचानक हालत बिगड़ गयी। सूचना मिलने पर पहुचे परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौरिया निवासी विकास गांव मे ही स्थित मंदिर पर भंडारा में प्रसाद लेने जा रहा था, तभी रास्ते में उसके कुछ दोस्त मिल गये और चूरन कहकर उसे भांग खिला दी। भांग खाते ही कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख कुछ ग्रामीणों ने घटना की सूचना युवक के परिजनों को जाकर दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया। जहां युवक का उसका उपचार जारी है।

# निर्माण कार्य रुकवाये जाने की मांग जिलाधिकारी से


मुख्यालय पर मौजूद पीड़ित ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बसपा नेता विजय कटियार, अजय कटियार के खिलाफ जिलाधिकारी को कांतिदेवी पत्नी सरवन कहार निवासी अल्लाहनगर उर्फ बढ़पुर कोतवली फर्रुखाबाद ने शिकायती पत्र दिया।

जिसमें दर्शाया कि बढ़पुर मंदिर के पास उसकी जमीन है। जिसका मुकदमा सिविल न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता ने 9 दिसम्बर को नगर मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें निर्माण रोकने का आदेश किया था। पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी से निर्माण रोके जाने के मांग की। जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में पीड़िता ने दर्शाया कि दबंग निर्माण कार्य शुरु करा रहे है व कब्जा कर लिया है। निर्माण सामग्री एकत्र कर ली गई। पीड़िता ने कहा कि यदि कार्यवाही नहीं की गई तो वह अमरण अनशन शुरु करेगी।

# खबरें चलते-चलते

## छोटे भाई ने बड़े भाई के खिलाफ दी तहरीर

**फर्रुखाबाद (सं.)।** माता पिता के दिवंगत हो जाने के बाद दबंग भाई सम्पत्ति का बंटवारा नहीं कर रहा है और दूसरे भाई को परेशान कर रहा है। जिस बात की शिकायत पीड़ित ने शहर कोतवाली में दिये गये प्रार्थना पत्र में की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला नितगंजा उत्तर निवासी अरविन्द वर्मा पुत्र सत्यनारायन ने दी गई तहरीर में कहा कि उसके भाई संजय वर्मा परेशान करते है। उन्होंने पीड़ित पीठ पर हथौड़ा मार दिया। जिससे उसके अंदरुनी चोंट आयी है। उसका पुत्र सोनू भी मारपीट करता है और घर में नहीं घुसने देता और बंटवारा भी नहीं कर रहे है। पीड़ित ने दी गई तहरीर में कहा कि हमारी शादी करवा दी जाये, ताकि घर बस सके और दबंग भाई से बंटवारा करवा दिया जाये। वहीं पुलिस ने तहरीर देकर पीड़ित को जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

## सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला अज्ञात शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर शव को मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, बेवर रोड बघार, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद (उ.प्र.) के एनाटामी विभाग में सुरक्षित रखा गया है। शव का चित्र प्रकाशित किया जा रहा है। जो व्यक्ति शव पर दावा करना चाहे 15 दिन के अन्दर पर्याप्त प्रमाण के साथ कार्य समय में कॉलेज आकर शिनाख्त कर दावा कर सकता है।15 (पन्द्रह) दिन की अवधि के पश्चात किसी दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# शेयर घोटाले को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

▸ जनता के एल.आई.सी. व एसबीआई में जमा पैसे की सुरक्षा करे सरकार


बैंक के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को गौतम अडानी द्वारा किये गये शेयर घोटाले का जब अमेरिकी जांच एजेन्सी हिंडन वर्ग ने खुलासा किया तो शेयर बाज़ार में अडानी समूह के शेयर अचानक बहुत नीचे आ गये। कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि भारतीय स्टेट बैंक ओर एल0आई0सी0 द्वारा लाखों करोड़ों रुपये के लिये गये ऋण जो पैसा भारत की जनता का लगा हुआ है उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज गंगवार ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा एल0आई0सी0 और भारतीय स्टेट बैंक में जमा है उसकी सुरक्षा व्यवस्था करे। प्रदेश सचिव कौशलेन्द्र यादव ने कहा पूर्व में जिस प्रकार नीरव मोदी लाखों का ऋण लेकर विदेश भाग गया और भारत की गरीब जनता का पैसा डूब गया। सरकार चुप बैठी हुई है।

इस अवसर पर जिला महासचिव अभिनय गंगवार, शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजेन्द्र नारायण मिश्रा, डालचन्द्र कठेरिया, राकेश सागर, वरुण तिवारी, धर्मेन्द्र शाक्य, जयसिंह शाक्य, आमोद गंगवार, इसरार अली, अनिल कठेरिया, सुखपाल सिंह, बब्लू खान, शिवाशीष तिवारी, अरुण अग्निहोत्री, दुर्वेश यादव, मोहन पाठक, खालिद उस्मानी. पियूष राठौर, प्रमोद जैनए, अकित सिंह आदि दर्जनों कांग्रेसीजन उपस्थिति रहे।

# अलग-अलग स्थानों से 11 लोगों का शांतिभंग में चालान



**मोहम्माबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 11 लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस ने अरविन्द कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह यादव, गजेन्द्र पुत्र अतर सिहं यादव, राजवीर पुत्र श्री कलक्टर सिंह यादव, शैलेन्द्र पुत्र रविन्द्र यादव निवासीगण ग्राम नगला शीशम, जगजीवन राम पुत्र लोहान सिंह, सुरजीत पुत्र ग्रीशचन्द्र निवासीगण ग्राम अतनपुर नवादा, राजेश पुत्र मथुरा प्रसाद, रंजीत पुत्र जवाहर लाल, सुदामा पुत्र नेहरु, रामकिशोर पुत्र पातीराम, अश्वनी पुत्र विनोद कुमार निवासीगण बीघामऊ को दबोच लिया।

# मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर के 14 मामले चिंहित

▸ ज्यादा से ज्यादा मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाहन के मामलों को चिंहित करने के दिये गये निर्देश

▸ न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी बृजेंद्र त्यागी की अध्यक्षता में लोक अदालत की बैठक सम्पन्न


लोक अदालत की तैयारी बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी 11 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक न्यायालय सभागार कक्ष में जनपद न्यायाधीश अश्वनी कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावों से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता पीठासीन अधिकारी बृजेंद्र कुमार त्यागी ने की।

संचालन अपर जिला जज नरेंद्र प्रकाश ने किया। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावों से संबंधित बैठक में अब तक कुल 28 मामले जिला उपभोक्ता विवाद परितोष आयोग द्वारा जिसमें कुल मामले 14 चिंहित किये गये। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिंहित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं विधि सलाहकारों को निर्देश दिये गये। बैठक में न्यायिक अधिकारी अपर जिला जज एससी/एसटी एक्ट महेंद्र सिंह व अधिवक्ता ओम प्रकाश गौतम, समीर बाजपेयी, विनोद कनौजिया, संजय अग्रवाल, चंद्रभान सिंह, कृपा शंकर शाक्य, विनोद सिंह, सरदार हरजीत सिंह, रघुवीर दास आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सिटी गर्ल्स इं0का0 द्वारा 13वें मतदाता दिवस की प्रतिभागी छात्राओं का हुआ सम्मान


पुरस्कार के साथ छात्रायें व मौजूद प्रधानाचार्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाध्यापिका ऐस्तर रोज दयाल के निर्देशन में स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर पर सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं ने जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा 10 की छात्रा रागिनी पाल गायन में द्वितीय, कक्षा 9 की छात्रा अंशिका तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 10 की छात्रा मन्तशा रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर , कक्षा 9 की सुरभि शाक्य स्लोगन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर, कक्षा 12 की अलैना खान निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाध्यापिका ने विद्यालय में बताया कि सभी मतदान अवश्य करें, ताकि हम एक लोकतांत्रिक सरकार का चयन कर सकें। सभी को अपने मत का मूल्य पहचानना चाहिए और सही योग्य लोगों का चुनाव करना चाहिए। 13वें मतदाता दिवस से संबंधित सभी प्रतियोगिताएं सफल ढंग से कराने वाली अध्यापिकाएं शिवानी प्लोमर, ममता यादव, अमन मनीला मैसी, राधा देवी, निधि सिंह, प्रियंका मैसी, श्रेष्ठा मिश्रा, खुशनाज, शाजिया, कंचन, निशा, रश्मि वर्मा के सहयोग से किया।

# संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना का डा0 राजीव पाठक ने किया स्वागत


संसदीय कार्य मंत्री का स्वागत करते डा0 राजीव कुमार पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मसेनी स्थित एक गेस्ट हाउस में पत्रकार सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लिया। सूरज हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेटर के संचालक प्रमुख समाजसेवी डा0 राजीव कुमार पाठक ने कार्यक्रम में पहुंचकर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को फूल माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उनके साथ भानु सिंह भदौरिया आदि ने भी सुरेश कुमार खन्ना का स्वागत किया। डा0 राजीव पाठक ने नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य का भी माला पहनाकर स्वागत किया।

# प्रा0वि0 अताईपुर जदीद में स्काउट गाइड कार्यशाला का हुआ आयोजन


स्काउटिंग झंडे को सलामी देतीं छात्रायें

▸ स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने स्काउटिंग प्रतिज्ञा व नियम बताये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र कायमगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय अताईपुर जदीद में स्काउट गाइड कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा द्वारा छात्र-छात्राओं ने स्काउटिंग प्रतिज्ञा, नियम, विभिन्न प्रकार की गांठ एवं बंधन, ध्वज शिष्टाचार के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यालय में पहुंचे जिला स्काउट मास्टर ने सड़क सुरक्षा में विभिन्न प्रतियोगिताओं के जनपद स्तरीय प्रतिभागी छात्राओं वर्तिका, गौरी, आरजू, कीर्ति, रुचि शाक्य, सिमरन को बधाई देते हुए कहा आगामी भविष्य में भी इसी प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चे किस ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर अपना अपने गांव और अपने अध्यापकों के सहयोग से जनपद स्तर पर नाम रोशन करते रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान जिला स्काउट मास्टर ने सभी बच्चों को विभिन्न प्रकार की स्काउट तालियों का ज्ञान कराते हुए गतिविधि आधारित शिक्षा एवं बालचर के अभिनव प्रयोग के माध्यम से उत्साह वर्धन कराया। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापिका राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर आकांक्षा ने बच्चों को स्काउट गाइड गतिविधियों के माध्यम से आगे बढ़ाते हुए प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रतिभाग कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक शिवप्रताप सिंह, कल्पना यादव, निधि सक्सेना एवं प्रीति उपस्थित रही।










# चोरों ने ट्रांसफार्मर का तेल व कॉपर किया चोरी

**◆ बारह घंटे रही विद्युत आपूर्ति बाधित, जेई की तहरीर पर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने ट्रांसफार्मर का तेल व कॉपर चोरी कर लिया। जिससे बारह घण्टे से अधिक आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों ने सुबह जानकारी जेई को दी। जेई ने अज्ञात के खिलाफ थाने पहुंच तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव भैंसरी में लगे 25 केवीए ट्रांसफार्मर में सोमवार बीती रात चोरों ने तेल व कॉपर चोरी कर लिया। उसी से आसपास के एक दर्जन गांवों में बिजली की सप्लाई दी जाती है। जिससे लगभग बारह घण्टे से अधिक आपूर्ति बाधित रही। सोमवार सुबह सुबह शौच गए ग्रामीणों ने तेल फैला देखा। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने अवर अभियंता प्रमोद कुमार को सूचना दी। जेई प्रमोद कुमार ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई का भरोसा दिया। थाना प्रभारी आरके सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## गंगा स्नान करने आए युवक की अज्ञात चोरों ने बाइक उड़ाई



**शमसाबाद (सं.)।** गंगा स्नान करने आये युवक की अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी कर ली। पीड़ित जब रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचा, तो पुलिस ने सीमा दूसरे थाना क्षेत्र की बताकर उसे चलता कर दिया। जिससे वह काफी परेशान रहा। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद अजीजगंज निवासी अभिषेक कुमार पुत्र रामू माघ दशहरा पर्व पर गंगा स्नान के लिए बाइक संख्या यूपी 27बीसी7986 द्वारा रविवार को ढाई घाट शमशाबाद आया था। बताया गया है बाइक स्वामी द्वारा बाइक को खड़ा किए जाने के बाद स्नान के लिए चला गया और जब बाद वापस आया तो बाइक नहीं थी। पीड़ित ने घटना की सूचना मेले में पुलिस प्रशासन को दी तथा रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पीड़ित ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित का आरोप है शमशाबाद थाना पुलिस ने घटनास्थल शहजानपुर क्षेत्र का बताकर मिर्जापुर थाना पुलिस को तहरीर देने की बात कही। वहीं मिर्जापुर थाना पुलिस ने घटना क्षेत्र शमशाबाद थाना क्षेत्र बताकर पल्ला झाड़ा। बताया गया अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया गया वह क्षेत्र संभवता शमशाबाद थाना क्षेत्र में है, लेकिन पीड़ित दोनों थाना क्षेत्रों की सीमा में उलझकर रह गया।

## आवारा गौवंश पर नियंत्रण के लिए शार्टेड सीमन लायी सरकार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** आवारा गौवंश पर नियंत्रण के लिए दूरदर्शी कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग ने शार्टेड सीमन ईजाद किया है। इस सीमन से 90 प्रतिशत बछिया ही पैदा होती है। इसका प्रयोग करने से कालांतर में आवारा गौवंश से निजात मिल सकेगी। इस आश्य की जानकारी देते हुए अमृतपुर में तैनात पशु चिकित्सक ने डा0 पूरन चन्द ने किसानों को बताया कि इस सीमन के प्रयोग से बछड़े कम पैदा होंगे। जिससे आवारा गौवंश में कमी आयेगी। सरकार द्वारा अनुदान पर इसकी कीमत उपलब्ध कारयी गई है। प्रदेश भर में आवारा गौवंश बड़ी समस्या बने हुए है। ऐसे में यह प्रयोग काफी कारगर साबित हो सकता है। किसानों को समस्याओं से बचाने के लिए नये-नये तरीके लाये जा रहे है। उसमें यह प्रयोग भी महत्वपूर्ण होगा।

# औरेंज इलेविन ने 24 रन से ब्लू इलेविन को किया पराजित



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते आयोजकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद क्रिकेट लीग अंडर 16 ने औरेंज इलेविन व ब्लू इलेविन के बीच मैच खेला गया। जिसमें औरेंज इलेविन के कप्तान अभिषेक पाल ने पहले बैटिंग करने का फैसला लिया और टीम ने 88 रन बनाये। जबाव में उतरी ब्लू इलेविन की टीम मात्र 64 रन ही बना पायी। इस तरीके से औरेंज इलेविन 24 रनों से विजयी हुई। अम्पायरिंग रफीकुल अंसारी व एमएस खान ने की। स्कोरिंग जेपी पाल ने की। मैन ऑफ द मैच अभिषेक पाल को चुना गया। जिन्हे ट्राफी कोच अमिताब पान ने प्रदान की। इस दौरान अहमद अलवी, कर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

## आश्रम के निकट खड़ी ट्रैक्टर ट्राली ले गये चोर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शातिर चोरों ने आश्रम के निकट से ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर ली। ट्रैक्टर स्वामी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर तराई निवासी जागेश्वर दयाल पुत्र श्री कृष्ण ने शमशाबाद थाना पुलिस को देकर कहा उसकी ट्रैक्टर ट्राली जो मौनी बाबा के आश्रम के निकट रोज की भांति खड़ी की जाती थी। 5 फरवरी को भी खड़ी की गई थी। बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुबह के वक्त ट्रैक्टर स्वामी मौके पर पहुंचा। जहां ट्राली नहीं थी। इस नजारे को देखकर ट्रैक्टर ट्राली स्वामी के होश उड़ गए। इस घटना की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। इस दौरान ट्रैक्टर स्वामी ने ट्रैक्टर ट्राली की काफी खोजबीन की, लेकिन ट्रैक्टर ट्राली का कहीं पता नहीं चला। तब पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस घटना के संबंध में शमशाबाद थाना पुलिस का कहना था तहरीर नहीं मिली।

तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। चोरी की इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। बताते चलें कि बीते दिन किसानों के काफी संख्या में चोरों ने खेतों में लगे पम्पिंग सेट चोरी कर लिये थे। जिसकी किसानों ने थाना पुलिस से शिकायत की थी वह मामला अभी शांत नहीं हुआ था, और बीती रात चोरों ने ट्रैक्टर ट्राली चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रीयत के चलते क्षेत्र में चोरी की घटनायें घट रही है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से क्षेत्र में घट रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस से गश्त करवाने की मांग की है। जिससे चोरी की घटनाओं को रोका जा सके।

# बोर्ड परीक्षा: प्रवेश पत्रों का वितरण शुरु

**◆ ऑनलाइन भी निकाले जा सकेंगे प्रवेश पत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्रों के वितरण काम विद्यालयों में शुरु हो गया है। इन्हें ऑन लाइन भी निकाला जा सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र विद्यालय में वितरित किये जाने का कार्य शुरु कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा कन्ट्रोल रुम प्रभारी रामलखन पाल, रामदर्श, पुरुषोत्तम सिंह ने परीक्षा केंद्रों से आये परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्रों के पैकेट दिये। कन्ट्रोल रुम प्रभारी रामलखन पाल ने बताया कि परीक्षा संबंधित सामग्री व दिशा-निर्देश और कागजात वितरित कर दिये गये हैं। इस वर्ष ऑनलाइन भी प्रवेश पत्र भी प्राप्त किये जा सकते हैं। जिसके लिए परीक्षार्थी बोर्ड की बेवसाइड पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। बोर्ड परीक्षा प्रभारी ने बताया कि प्रवेश पत्र वितरण का कार्य मंगलवार को भी जारी रहेगा।




कंट्रोल रुम मे मौजूद प्रभारी व अन्य

## हाईस्कूल व इंटर के मॉडल पेपर जारी

**फर्रुखाबाद।** यूपी बोर्ड ने पहली बार हाईस्कूल के साथ इंटरमीडिएट के महत्वपूर्ण विषयों के मॉडल पेपर परिषद की बेवसाइड पर जारी किये हैं। जिससे छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिल सकें। ओएमआर शीट का नमूना भी बेवसाइड पर जारी किया था। जिससे उसे भरने के तरीके को आसानी से समझा जा सके। हाईस्कूल में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं इंटर में अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, कैमिस्ट्री, फिजिक्स आदि विषयों के मॉडल पेपर जारी किये गये हैं।

## अधिवक्ता को दबंगों ने पीटा, पांच पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज (सं.)।** अधिवक्ता को दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बरतल वाली गली निवासी रंजना पुत्री नरेश चंद्र राठौर ने थाना पुलिस को तहरीर में बताया कि वह 3 फरवरी शाम को अपने घर पर खाना बना रही थी। उसी समय उसका भतीजा आयुष उसकी दुकान पर बैठा था। मोहल्ले के ही ललित, सचिन, गोविंद पुत्रगण राजू, राजू पुत्र छोटेलाल, किरण उर्फ रानी पत्नी राजू, आकांक्षा पुत्री राजू ने एक राय होकर घर में घुसकर मारपीट की और मारपीट के दौरान उनकी सोने की अंगूठी कहीं गिर गई। युवकों ने घर में उबल रहा दूध अधिवक्ता के ऊपर पलट दिया। जिससे रंजना गंभीर रूप से झुलस गई। पुलिस ने रंजना की तहरीर पर 5 लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस दबंगों की तलाश में दविशें दे रही है।

# चोरों ने दुकान व घर से पार किया हजारों का सामान



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात अज्ञात चोरों ने परचून की दुकान व घर से हजारों की नगदी व सामान पार कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी मंशाराम शाक्य ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपने घर के बाहर बनी दुकान का ताला बंद करके अंदर चली गई।

रात्रि में अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ दिया व उसमें रखा परचून का सामान व एक हजार कर नगदी व इसके साथ ही घर में घुसकर जेवरात चुरा लिये। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## किसान नेता ने बीडीओ के खिलाफ की शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाकियू कार्यकर्ता ने परिवार रजिस्टर की नकल लेने के लिए रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की। जिसमें कहा कि जब उसने रिश्वत देने से मना किया तो बीडीओ राजेपुर ने उसके साथ गाली-गलौज किया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। जिला मुख्यालय पहुंचकर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने डीएम को सम्बोधित शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें दर्शाया गया कि राजेपुर स्थित आशा की मड़ैया निवासी राजेन्द्र सिंह को परिवार रजिस्टर की नकल किसी काम के लिए चाहिए थी। बीडीओ ने नकल देने के लिए कहा कि 1 हजार रुपये दो तो परिवार रजिस्टर मिल जायेगा। पीड़ित रुपये नहीं दे पाये तो किसान यूनियन के लिए भी बीडीओ ने भद्दे शब्द कहे और मारपीट पर अमादा हो गये। जिससे पीड़ित भयभीत है।

# विभिन्न संस्थाओं ने संसदीय कार्यमंत्री से भेंट कर की चर्चा

## संस्कार भारती ने मांगा प्रेक्षागृह, खत्री समाज ने किया स्वागत, मनरेगा श्रमकों ने सौंपा ज्ञापन

**◆ डॉ0 रजीन सरीन की अगुवाई में समाज के प्रमुख लोगों ने कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ललित कलाओं को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना को मांग पत्र सौंपकर नगर की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रेक्षागृह बनवाने की मांग की।

दिये गये मांग पत्र में कहा गया कि जनपद में कलाकारों के लिए कोई प्रेक्षागृह नहीं है। जिस कारण से कलाकारों की प्रतिभा में निखार नहीं आ पाता। इस दिशा में संस्कार भारती भी कलाकारों को संगठित करके कोई कार्यक्रम करती है तो बड़ा व्यय मंच की व्यवस्था में आता है। वर्तमान सरकार कलाकारों के हित में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। ऐसे में जनपद में कला एवं कलाकारों के हित के लिए प्रेक्षागृह बनवा दिया जाये तो कला को प्रश्रय मिलेगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रुप से संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना, सचिव अरविन्द दीक्षित, रविन्द्र भदौरिया, रामऔतार शर्मा इंदू, अनिल प्रताप सिंह, अर्पण शाक्य आदि के नाम शामिल रहे।



वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना को ज्ञापन सौंपते लोग

विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी करने आये वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री से खत्री समाज के लोगों ने फतेहगढ़ स्थित गेस्ट हाउस में भेंट की व उनका स्वागत किया। समाजसेवी चिकित्सक डा0 रजनी सरीन की अगुवाई में समाज के प्रमुख लोगों ने कैबिनेट मंत्री से भेंट की और समाज की भलाई के बारे में चर्चा की। मनरेगा कर्मचारियों ने अन्तर्जनपदीय स्थानांतरण का अनुरोध पत्र संसदीय कार्यमंत्री को सौंपा। जिसमें सात सूत्रीय मांगे शामिल की गई।

प्रमुख रुप से ग्राम रोजगार सेवकों से ग्राम पंचायतों में कार्य लिये जाने, आकस्मिक मार्ग दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रितों को सेवा में समायोजित किये जाने, श्रमकों की मजदूरी मनरेगा से दिलाये जाने, ईपीएफ कटौती की धनराशि कर्मचारी के यूएएन खाते में भेजी जाने, मनरेगा कर्मचारियों को नियमित करके राज्य कर्मचारियों का दर्जा देने, प्रत्येक माह बैठक कराये जैसी महत्वपूर्ण मांगों को शामिल किया गया। जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, महामंत्री अभय सिंह, उपाध्यक्ष अतुल दुबे, मुनेन्द्र कुमार सहित मनरेगा कर्मियों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये है।

## बीते वर्ष जहर देकर की गयी हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते एक वर्ष पूर्व शराब में जहर देकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने एक हत्यारोपी को पीड़ित की सूचना पर दबोच लिया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया।

जानकारी के अनसुार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव मिल्कियया पहाड़पुर निवासी दान सिंह पुत्र लालाराम की बीते वर्ष संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जिसमें परिजनों ने काफी हंगामा किया था। तब पुलिस एक्शन में आई और युवक के शव का पंचनामा भरवाकर कार्रवाई की थी। जिसमें फॉरेंसिक टीम आदि विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत शराब में जहर देने से दर्शाई गई थी। जिसमें परिजनों की तहरीर के मुताबिक थाना पुलिस ने चार आरोपियों को नामजद किया था। घटना वाले दिन से ही आरोपीगण पुलिस की पकड़ से दूर हो गए थे। बीते दिन मृतक के भाई ने थाना पुलिस को सूचना दी कि आरोपीगण गांव में आए हुए हैं।

जिस पर एक्शन में आए थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वहां से आरोपी सरवन पुत्र महाराज राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी का हत्या के मुकदमे में चालान कर जेल भेज दिया। वहीं हत्यारोपी के जेल चले जाने से डरे सहमे पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।

# खबरें चलते-चलते

### सभासद पर रंगदारी मांगने का आरोप

**फर्रुखाबाद (सं.)।** निवर्तमान सभासद पर रंगदारी मांगने और न देने पर जानमाल की धमकी देने व कार का शीश तोड़ देने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में महावीरगंज द्वितीय निवासी शैलेन्द्र अग्निहोत्री पुत्र मुन्नू लाल अग्निहोत्री ने दर्शाया कि पीड़ित अपनी कार से जहानगंज से लौट रहा था। वह अपने घर के पास पहुंचा और अपनी कार खड़ी करने लगा। वैसे ही निवर्तमान सभासद संजीव बाजपेयी अपने साथी शिवम मिश्रा, बंटी यादव आदि के साथ आ गये और शराब पीने के लिए 2 हजार रुपये मांगने लगे। मना करने पर मारपीट की और कार का शीशा तोड़ दिया। पीड़ित की पत्नी बाहर आ गयी, उसके साथ ही अशब्दों का प्रयोग किया। भीड़ इकट्ठी हो जाने पर गाली-गलौज कर भाग गये। पीड़ित ने कहा कि घटना की जानकारी पुलिस को दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़ित एसपी के दरबार में पहुंचा।

### पेट्रोल पम्पों पर बने शौचालय के ताले खुले रखने के निर्देश

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जिला पूर्ति अधिकारी ने पेट्रोल पम्प मालिकों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरुप पेट्रोल पम्पों पर बने शौचालय व नल आदि जन साधारण के लिए खुला रखा जाये, ताकि सभी को सुविधायें सुलभ हो सकें। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि डिसप्ले बोर्ड भी लगाना भी सुनिश्चित किया जाये और उसकी फोटो भी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि निरीक्षण भी किया जायेगा, यदि संबंधित सुविधाएं पूर्ण न मिली तो संबंधित के विरुद्ध शासनादेश के तहत कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोल पम्पों, सीएनजी पम्पों आदि पर शौचालय में सफाई रखायी जाये और ताला खुला रखा जाये, ताकि महिलाओं व बच्चों को असुविधा न हो।

### बहू ने ससुर पर किया जानलेवा हमला

**फर्रुखाबाद (सं.)।** बहू ने बुजुर्ग ससुर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम जिजुईया निवासी वृद्ध राजेन्द्र सिंह के छोटे बेटे जिसकी मौत हो चुकी है की बेवा पत्नी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में बहू सुदामा ने रात्रि में खाना खाकर घर के बाहर बैठे ससुर राजेन्द्र पर टकोरे से हमला कर दिया। जिससे राजेन्द्र सिंह गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पहुंचकर घायल वृद्ध को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। घायल के मझले पुत्र सतीश ने कहा कि जमीन के बंटवारे के विवाद में घटना हुई है।

### पात्रता की जांच के लिए टीम गठित

**नवाबगंज (सं.)।** खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज गगनदीप सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर बबना गांव में आवंटित किये गये आवासों की पात्रता को जांचने के लिए टीम का गठन किया गया है। जो अपनी आख्या एक दिन के अंदर उपलब्ध करायेगी। उन्होंने बताया कि जांच टीम में इंदल बाबू, जीतू व किशन पाल को शामिल किया गया है।



# उत्तर को बार-बार लिखने से वह याद हो जाता है: गिरिजा शंकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु सभी छात्रों को चाहिए कि वे विधिवत परीक्षा कार्यक्रम नोट करें तथा एक पाठ्यक्रम समय चक्र, परीक्षा स्कीम के अनुरूप तैयार करें। अपने पठन-पाठन का कार्य

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी**

नियमित रूप से करें। परीक्षा की इस अल्प समय की अवधि में पूरी तैयारी करने के लिए सभी छात्रों को चाहिए कि पिछले पांच वर्षों से पूछे गए ही प्रश्नों को एक कॉपी पर नोट करें। प्रत्येक विषय के पाठ्यक्रम से उन चैप्टर्स को नोट करें, जिनसे शत - प्रतिशत बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पूछे जा चुके हैं। इन चुने हुए प्रश्नों को लगातार शत-प्रतिशत कंठस्थ करें तथा कंठस्थ किए हुए पाठ्यक्रम को लिखकर याद करें, क्योंकि पाठ्यक्रम याद करने का तरीका, बार-बार लिखकर रिवीजन करने से और मजबूत होता है तथा भूलने की बीमारी खत्म हो जाती है।



प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर

परीक्षा के समय पौष्टिक आहार ग्रहण करें। जिससे दिमाग स्वस्थ्य रहे। एमआईसी कालेज के प्रधानाध्यापक भौतिक विज्ञान प्रवक्ता ले0 गिरिजा शंकर ने बताया कि इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान परीक्षा हेतु सभी परीक्षार्थी समानान्तर प्लेट संधारित्र, ट्रांसफार्मर की रचना, क्रिया विधि, तथा उपयोग, पीएन संधि डायोड, जेनर डायोड, एलईडी, ट्रांजिस्टर के प्रकार, रचना, उपयोग तथा उसके अभिलाक्षणिक वक्र, नाभिक की संरचना, बोहर की परिकल्पनाएं, हाइड्रोजन स्पेक्ट्रम, उत्सर्जन तथा अवशोषण स्पेक्ट्रम, लॉजिक गेट तथा उनकी सत्यता सारणी, धारावाही कुंडली के केंद्र पर उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र के लिए व्यंजक एलेंज का नियम, फैराडे के विधुत प्रेरण संबंधी नियम, लेंस मेकर फॉर्मूला आदि के साथ कुछ बहुविकल्पीय प्रश्न जो कई बार-बार परीक्षा में पूछे जा चुके हैं उनको अवश्य तैयार करें। ऐसा करने से छात्रों को निश्चित ही सफलता हासिल होगी।

कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग के छात्र प्रशांत ने बताया कि प्रिंसिपल सर द्वारा पढ़ाये गये भौतिक विज्ञान विषय पाठ्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रांसफार्मर, लॉजिक गेट, बोहर की परिकल्पनाएं, हाइड्रोजन स्पेक्ट्रम, प्रकाश विद्युत प्रभाव, पीएन संधि डायोड, जेनर डायोड के अलावा ट्रांजिस्टर प्रमुख रूप से पढ़ाए गए हैं तथा हम सभी छात्रों को अच्छे से समझ में भी आ गये हैं। इनको बार-बार रिवीजन करने से पढ़ने में आसानी होती है और जल्दी याद भी हो जाता है।

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी विश्लेषण में सभी अध्यापक अपना साक्षात्कार देकर परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को सहयोग करें। यह नि:शुल्क प्रकाशन किया जा रहा है। संपर्क करें संवाददाता लक्ष्मीकांत भारद्वाज मो0नंबर-9839390810**



छात्र प्रशान्त



छात्र रोहित राजपूत

छात्र रोहित राजपूत ने बताया कि भौतिक विज्ञान में हेडिंग का प्रमुख महत्व है। हेडिंग के आधार पर पूछे गये प्रश्न का उत्तर ही लिखेंगे। जिससे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त हो सकते है। विद्यालय के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने पीएन संधि डायोड व बोहर की परिकल्पनाएं पर पढ़ाया है। यह अनिवार्य रुप से परीक्षा में आती है।

## बीडीओ ने रोका रोजगार सेवकों का मानदेय

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मनरेगा में एनएसएम के द्वारा श्रमिकों की हाजिरी ना देने पर विकास खंड अधिकारी ने रोजगार सेवकों का मानदेय रोक दिया है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर बीते दिन मनरेगा समीक्षा बैठक में शासनादेश के अनुसार एनएसएम द्वारा श्रमिकों की हाजिरी ना देने के कारण मनरेगा के कार्यो में शिथिलता बरतने के आरोप में विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने क्षेत्र के सभी रोजगार सेवकों का मानदेय रोकने के निर्देश दिए। रोजगार सेवकों के अनुसार बताया जाता है कि मनरेगा योजना में शासनादेश द्वारा इतना क्रिटिकल मामला कर दिया गया है कि अब एनएचएम द्वारा हाजिरी लगाने पर मनरेगा श्रमिकों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। श्रमिकों हाजिरी नहीं हो पा रही है। जिसके चलते विकास खंड अधिकारी ने मानदेय रोकने की कार्रवाई की।